राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 107, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 02 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

निगम में पांच हजार सफाईकर्मियों को स्थाई करने का पूरा किया वादा : केजरीवाल .... पेज 03

जागरूकता और कार्रवाई के जरिए पराली जलाने की घटनाओं में कमी ला रही योगी सरकार .... पेज 05

हॉकी इंडिया ने वंदना कटारिया को 300 मैच पूरे करने पर दी बधाई .... पेज 07

## महाराष्ट्र की सभी पार्टियां मराठा आरक्षण के पक्ष में

### कानूनी प्रक्रिया के लिए समय दें; आंदोलन खत्म करें : शिंदे

मुंबई। मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार सुबह साढ़े 10 बजे सर्वदलीय बैठक की। इसमें शरद पवार समेत 32 पार्टियों के नेता शामिल हुए। करीब 3 घंटे की बैठक के बाद दोपहर डेढ़ बजे शिंदे सहयाद्री भवन से बाहर आए और मीडिया से करीब 2 मिनट बात की।



शिंदे ने कहा- सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेता इस बात पर सहमत हुए कि मराठा समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए। यह निर्णय लिया गया कि आरक्षण कानून के दायरे में और अन्य समुदाय के साथ अन्याय किए बिना होना चाहिए। आरक्षण के लिए अनशन पर बैठे मनोज जारांगे से भी अपील है कि वो अनशन खत्म करें। हिंसा ठीक नहीं है।

इधर, आरक्षण की मांग को लेकर मंगलवार को एक महिला समेत 9 और लोगों ने आत्महत्या कर ली। 19 से 31 अक्टूबर तक यानी 13 दिनों में 25 लोग सुसाइड कर चुके हैं।

यह संख्या 1990 के मंडल आंदोलन के दौरान की गई आत्महत्याओं के आंकड़े के बाद सबसे ज्यादा है। इस साल सितंबर में शुरू हुआ आंदोलन 10 जिलों में हिंसक हो गया है।

#### ओबीसी समुदाय मराठाओं को कुनबी सर्टिफिकेट देने के खिलाफ

मराठा समुदाय को अलग से आरक्षण देने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। इसके बाद मनोज जारांगे पाटिल समेत कई लोग दावा कर रहे हैं कि मराठा समाज मूल रूप से कुनबी जाति से है। यानी मराठा समुदाय को कुनबी प्रमाणपत्र दिया जाता है तो आरक्षण मिलने पर उसे ओबीसी कोटे से लाभ मिल जायेगा।

फिलहाल राज्य में ओबीसी कोटे से आरक्षण 19 फीसदी है। ओबीसी समुदाय के संगठनों का मानना ??है कि अगर इसमें मराठा समुदाय को भी शामिल किया गया तो आरक्षण का फायदा नए लोगों को मिलेगा। हमारा विरोध मराठा आरक्षण से नहीं बल्कि उन्हें ओबीसी से आरक्षण देने को लेकर है।

**'कर्नाटक राज्योत्सव'**




चिकमंगलूर में 'कर्नाटक राज्योत्सव' के जश्न के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कर्नाटक के झांकी कलाकार एक जुलूस में भाग लेते हुए।

## मंडी में टेंपो ट्रैवलर खाई में गिरा : 4 की मौत

### 7 घायल; शादी समारोह से लौट रहे थे, धनियारा के पास हादसा

**शिमला।** हिमाचल के मंडी में टेंपो ट्रैवलर 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को कोटली अस्पताल ले जाया गया, यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मंडी रेफर किया गया है। मृतकों का गुरुवार को पोस्टमार्टम होगा।



मरने वालों में कोटली मंडी के ध्वाली बदेहड़ गांव की भिन्ना देवी पत्नी पीरू राम, कोटली के साइगलू गांव की चंद्रा देवी पत्नी मनोहर लाल और मस्तराम पुत्र नेक राम शामिल है, जबकि एक महिला के शव की अभी पहचान नहीं हो पाई।

वहीं ट्रैवलर चालक ध्वाली बदेहड़ निवासी रत्न गुमरा, रीता देवी पत्नी प्रेम सिंह, जय सिंह, शीला देवी, कृष्णा देवी, हेमलता और रेणुका को चोटें आई है।

सभी लोग शादी समारोह में गए थे। लागधार से वापस कोटली आते वक्त धनियारा के पास टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर सभी को बाहर निकाला, इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

## सीतलवाड़ की जमानत पर कोर्ट की मुहर

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने धन गबन मामले में सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और उनके पति जावेद आनंद को 2019 के गुजरात उच्च न्यायालय के अग्रिम जमानत आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए बुधवार को उसकी पुष्टि की। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता अपर्णा भट की अपने मुवक्किल दंपति की अग्रिम जमानत की पुष्टि करने के अनुरोध और संबंधित पक्षों की दलीलें ने सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने दंपति को मामले में जांच एजेंसी के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत धन गबन के आरोपों पर दर्ज मुकदमे के मामले में सीतलवाड़, उनके पति और गुजरात पुलिस और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह निर्देश दिया।

## मणिपुर के इंफाल में फायरिंग, कर्फ्यू लगा

### पुलिस अफसर हत्या मामले में 44 लोग हिरासत में, इनमें 32 म्यांमार के

इंफाल। मणिपुर के इंफाल शहर में बुधवार शाम को फायरिंग हुई। इसमें अभी किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सुरक्षाबल इलाके की तलाशी ले रहे हैं।

इससे पहले, दोपहर में मणिपुर पुलिस ने 44 लोगों को हिरासत में लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें से 32 लोग म्यांमार के नागरिक हैं। इन पर एक दिन पहले टेंग्नौपाल जिले के मोरेह इलाके में पुलिस अफसर की हत्या और पुलिस कमांडो टीम पर हमला करने का आरोप है।



दरअसल, मणिपुर में मंगलवार को सुरक्षाबलों पर फायरिंग की दो घटनाएं हुईं। पहला मामला टेंग्नौपाल जिले के मोरेह इलाके का है, जिसमें एक पुलिस अफसर चिंगथाम आनंद कुमार की जान चली गई। इस घटना के बाद पुलिस टीम पर हमला हुआ, जिसे पुलिस अफसर की मौत के बाद इलाके में तैनाती के लिए भेजा गया था। हमले में 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

इन दो घटनाओं के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया और पूछताछ के लिए संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया। मणिपुर में आरक्षण को लेकर कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से हिंसा शुरू हुई थी। हिंसा की घटनाओं में अब तक 180 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं 1100 से ज्यादा लोग घायल हैं।

इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने दवा किया है कि मोरेह में मैतेई पुलिस कमांडो ने कुकी-जो आदिवासियों को परेशान करना शुरू कर दिया है। आज उन्होंने एक दिव्यांग सहित 12 निर्दोष ग्रामीणों को उनके घरों से गिरफ्तार किया है।

उन्होंने कहा कि असम राइफल्स ने पुलिस कमांडो को मोरेह तक पहुंचाया और ऑपरेशन के दौरान उन्हें खुली छूट दी। यहां पर कर्फ्यू लगाया गया है, जिससे लोग राशन तक नहीं खरीद पा रहे हैं।

आईटीएलएफ ने यह भी दावा किया कि पुलिस कमांडो ने कल मोरेह के रास्ते में पड़ने वाले सिनम गांव में आदिवासियों के घरों को लूटकर जला दिया था। उन्होंने चिकिम गांव में बनी वॉल ऑफ रिमेंबरेंस को भी आग लगा दी थी।

#### मणिपुर सीएम बोले- जल्द सभी अपराधियों को पकड़ा जाएगा

मणिपुर सीएम एन. बीरेन सिंह ने आज सुबह इंफाल शहर के पहले बटालियन मणिपुर राइफल्स ग्राउंड में पुलिस अफसर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा- आनंद एक बहादुर और देशभक्त अधिकारी थे। हर भारतीय को उन पर गर्व होना चाहिए।

उन्होंने कहा- जल्द ही सभी अपराधियों को पकड़ा जाएगा। उनके पकड़े जाने तक पुलिस कमांडो, आईआरबी, सेना और असम राइफल्स लगातार कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाएगी।

## जेट एयरवेज की 538 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जब्त

### बैंक फ्रॉड केस में ईडी की कार्रवाई, कंपनी के फाउंडर 1 सितंबर से जेल में हैं




नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने बैंक फ्रॉड के एक मामले में जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल और पांच अन्य के खिलाफ कार्रवाई की है। ईडी ने इस मामले में 538 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जब्त की है। कुर्क की गई संपत्तियों में विभिन्न कंपनियों और लोगों के नाम पर 17 आवासीय फ्लैट, बंगले और कॉमर्शियल कैंपस शामिल हैं। इससे पहले ईडी ने 31 अक्टूबर को नरेश गोयल समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। यह मामला केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपए के फ्रॉड (मनी लॉन्ड्रिंग) से जुड़ा है। इसी मामले में ईडी ने नरेश गोयल को 1 सितंबर को गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल मुंबई की आर्थर रोड जेल में कैद हैं।

#### बैंक का आरोप- पैसों की हेराफेरी की गई

केनरा बैंक ने आरोप लगाया था कि जेट एयरवेज की फॉरेंसिक ऑडिट में पाया गया कि जेट ने अपने से जुड़ी कपंनियों यानी रिलेटेड कंपनियों को 1,410.41 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। ऐसा कंपनी के अकाउंट से पैसा निकालने के लिए किया गया। गोयल परिवार के पर्सनल खर्चे- जैसे स्टाफ की सैलरी, फोन बिल और व्हीकल एक्सपेंस, सब जेट एयरवेज से ही होते थे। गोयल ने 1993 में जेट एयरवेज की स्थापना की थी। 2019 में एयरलाइन का चेयरमैन पद छोड़ दिया था।

#### नरेश गोयल ने की थी जेट एयरवेज की शुरुआत

1990 के दशक की शुरुआत में टिकटिंग एजेंट से एंटरप्रेन्योर बने नरेश गोयल ने जेट एयरवेज इंडिया लिमिटेड की शुरुआत कर लोगों को एअर इंडिया का ऑल्टरनेटिव दिया था। एक वक्त जेट के पास कुल 120 प्लेन थे और वो लीडिंग एयरलाइन में से एक हुआ करती थी। दि जॉय ऑफ फ्लाइंग टैग लाइन वाली कंपनी जब पीक पर थी तो हर रोज 650 फ्लाइट्स का ऑपरेशन करती थी। जब कंपनी बंद हुई तो उसके पास केवल 16 प्लेन रह गए थे। मार्च 2019 तक कंपनी का घाटा 5,535.75 करोड़ रुपए का हो चुका था।

#### अप्रैल 2019 से बंद है जेट एयरवेज

जेट एयरवेज एक समय भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट एयरलाइंस में से एक थी और एयरलाइन को साउथ एशियन नेशन की सबसे बड़ी प्राइवेट एयरलाइन का दर्जा हासिल था। फिर, कर्ज में दबे होने के कारण जेट एयरवेज 17 अप्रैल 2019 में ग्राउंडेड हो गई थी। जून 2021 में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के बैंकरप्सी रिजोल्यूशन प्रोसेस के तहत जालानकालरॉक कंसोर्टियम ने जेट एयरवेज की बोली जीत ली। इसके बाद से जेट के रिवाइवल की प्रोसेस चल रही है, लेकिन अब तक एयरलाइन शुरू नहीं हो पाई है। ये कंसोर्टियम मुरारी लाल जालान और कालरॉक कैपिटल की जॉइंट कंपनी है। जालान एक दुबई बेस्ड बिजनेसमैन हैं। वहीं कालरॉक कैपिटल मैनेजमेंट लिमिटेड फाइनेंशियल एडवाइजरी और ऑल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट के क्षेत्र में काम करने वाली लंदन बेस्ड ग्लोबल फर्म है।

## समलैंगिक विवाह फैसले की समीक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका

नयी दिल्ली। समलैंगिक जोड़ों के विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने वाले फैसले की समीक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय के समक्ष एक याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं में से एक उदित सूद ने दावा किया कि पांच सदस्यीय संविधान पीठ का 17 अक्टूबर का बहुमत का फैसला विवाह की समझ में आत्म-विरोधाभासी है। याचिका में तर्क दिया गया है कि पांच सदस्यीय संविधान पीठ के 3: 2 के फैसले में स्पष्ट त्रुटियां हैं। याचिका में आगे कहा गया,बहुमत का फैसला प्रभावी रूप से युवा विचित्र भारतीयों को कोठरी में रहने और बेईमान जीवन जीने के लिए मजबूर करता है। याचिकाकर्ता ने आगे कहा कि बहुमत के फैसले की समीक्षा जरूरी है, क्योंकि यह भयावह घोषणा करने के लिए पूर्वगामी प्राधिकरण की संक्षेप में अवहेलना करता है कि संविधान शादी करने, परिवार स्थापित करने या नागरिक संघ बनाने के किसी मौलिक अधिकार की गारंटी नहीं देता है।

## केंद्र सरकार के कार्यालयों में 500 करोड़ की रद्दी निकली, 154 लाख वर्ग फुट जगह बनी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों में लंबित जन शिकायतों के निस्तारण तथा अनुपयोगी पत्रावलियों आदि के निस्तारण के तीसरे (3.0) विशेष स्वच्छता अभियान के तहत 4.75 लाख जन शिकायतों का निपटारा करने से कुल 23.09 लाख पत्रावलियों (कागजी और इलेक्ट्रानिक) का निस्तारण किया गया।



देश भर में विभिन्न विभागों के कुल 2.53 लाख जगहों पर सरकारी कार्यालयों में ये अभियान दो अक्टूबर, गांधी जयंती से 31 अक्टूबर तक चलाये गये। इससे 154 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थान मुक्त किया गया और रद्दी फाइलें तथा बेकार पड़े सामानों के निपटाने से 500 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया गया।

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने स्वच्छता और लंबित शिकायतों की फाइलों के निस्तारण के इस विशेष अभियान 3.0 के मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन की घोषणा की। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार डॉ सिंह ने तीसरे अभियान के समापन पर कहा कि विशेष अभियान 3.0 स्वच्छता को संस्थागत बनाने और लंबित मामलों को कम करने के लिए देश का सबसे बड़ा अभियान था।

विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशों से प्रेरित होकर देश के दूरदराज के हिस्सों में 2.53 लाख से अधिक कार्यालयों को कवर करने वाले स्वच्छता अभियान के लिए 'विशेष अभियान 3.0' में पूर्ण निस्तारण दृष्टिकोण अपनाया गया। विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2021-2023 की अवधि में अब तक इस तरह के कुल तीन विशेष अभियानों 1.0, 2.0 और 3.0 में कार्यालय स्क्रैप के निपटान से 1100 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

विशेष अभियान 3.0 की समीक्षा कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों, कैबिनेट सचिव और सचिवों द्वारा की गयी, जिन्होंने कार्यान्वयन में नेतृत्व और मार्गदर्शन प्रदान किया। विशेष अभियान 3.0 की प्रगति की दैनिक आधार पर एक समर्पित पोर्टल एससीडीपीएम.एनआईसी.इन पर निगरानी की गयी।

विज्ञप्ति के अनुसार शेष अभियान 3.0 में मंत्रालयों/विभागों द्वारा 75,000 से अधिक सोशल मीडिया पोस्ट जारी किये

गये तथा डीएआरपीजी हैंडल द्वारा 800 ट्वीट, इस अभियान के बारे में 1100 इन्फोग्राफिक्स और 258 पीआईबी वक्तव्यों के जारी होने के साथ यह अभियान सोशल मीडिया पर लोकप्रिय रहा।

## दिल्ली में धार्मिक स्थलों के पास नहीं बिकेगा मांस

### मंदिर-मस्जिद से 150 मीटर दूर खुलेंगी मीट शॉप; नई लाइसेंस पॉलिसी को एमसीडी की मंजूरी

नई दिल्ली। दिल्ली में धार्मिक स्थलों के आसपास मांस बेचने पर प्रतिबंध लग गया है। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और श्मशान घाटों के 150 मीटर के दायरे मीट की दुकानें नहीं खुलेंगी।



दिल्ली नगर निगम के सदन ने मंगलवार (31 अक्टूबर) को 54 प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिसमें मीट शॉप लाइसेंस पॉलिसी भी शामिल है। नई पॉलिसी के तहत किसी भी धार्मिक स्थल और मांस की दुकान के बीच न्यूनतम 150 मीटर की दूरी होगी।

मस्जिद समिति या इमाम से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेकर मस्जिद के पास मांस की बिक्री की जा सकेगी। हालांकि, मस्जिद के 150 मीटर के दायरे में पोर्क बेचने पर सख्त पाबंदी लगाई गई है।

वेटनरी सर्विसेज डिपार्टमेंट की तरफ से नोटिफिकेशन जारी होने के बाद नई मीट शॉप लाइसेंस पॉलिसी लागू हो जाएगी। एमसीडी ने कहा कि लोगों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखने हुए ये फैसला लिया गया है।

#### प्रोसेसिंग यूनिट्स के लिए लाइसेंस रिन्यूअल फीस 1.5 लाख रुपए

इस पॉलिसी में मीट की छोटी दुकानों से लेकर प्रोसेसिंग यूनिट, पैकेजिंग या स्टोरेज प्लांट के लिए लाइसेंस देने और रिन्यूअल को लेकर नए नियम बनाए गए हैं।

इसके मुताबिक, दिल्ली के पूर्ववर्ती उत्तर, दक्षिण और पूर्वी निगमों में मांस बेचने का लाइसेंस और रिन्यूअल की फीस दुकानों के लिए 18,000 रुपए और प्रोसेसिंग यूनिट्स के लिए डेढ़ लाख रुपए तय की गई है। लाइसेंस जारी होने के बाद हर तीन साल पर रिन्यूअल फीस और जुर्माने में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी।

एमसीडी की नई लाइसेंस पॉलिसी का मीट व्यापारियों ने विरोध किया है। दिल्ली मीट मर्चेंट एसोसिएशन ने कहा कि अवैध मीट दुकानों के लाइसेंस रिन्यूअल के लिए पहले 2,700 रुपए का भुगतान करना होता था।

**कैश फॉर क्वेरी**

### तीन मंत्रालयों की रिपोर्ट के आधार पर सवाल होंगे; दुबई से 47 बार एक्सेस हुआ एकाउंट

## कैश फॉर क्वेरी मामले में मोहुआ मोइत्रा से आज होगी पूछताछ

नई दिल्ली। कैश फॉर क्वेरी मामले में लोकसभा की एथिक्स कमेटी 2 नवंबर को तृणमूल कांग्रेस सांसद मोहुआ मोइत्रा से पूछताछ करेगी। सूत्रों ने बताया कि समिति के पास केस से जुड़े कागजात हैं। इन सबूतों के साथ-साथ समिति को तीन केंद्रीय मंत्रालयों से रिपोर्ट भी मिली है। इसी के आधार पर भी उनसे पूछताछ की जाएगी।

उधर इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि महुआ का संसद का एकाउंट दुबई से 47 बार लॉगिन हुआ है।

गृह, सूचना प्रौद्योगिकी और विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट एथिक्स कमेटी के पास है। एथिक्स कमेटी ने 26 अक्टूबर को हुई बैठक के बाद तीनों मंत्रालयों से जानकारी मांगी थी। अन्य बातों के अलावा कमेटी ने यह पूछा था कि क्या लॉग-इन और उसके स्थानों के आईपी एड्रेस समान थे।

एथिक्स कमेटी की सुनवाई को कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के हलफनामे से बल मिला है। दर्शन ने महुआ मोइत्रा के संसदीय लॉगिन पर प्रश्न पोस्ट करने की बात स्वीकार की है।

यदि महुआ पर यह आरोप साबित हो गया तो यह संसदीय विशेषाधिकार का उल्लंघन होगा। इसके लिए महुआ को सदन से सस्पेंड किया जा सकता है।



#### महुआ ने हीरानंदानी-देहाद्राई को क्रॉस एग्जामिन करने की मांग की

संसद में सवाल के बदले पैसे (कैश फॉर क्वेरी) लेने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई को क्रॉस एग्जामिन करने की मांग की है।

महुआ ने 31 अक्टूबर को लोकसभा की एथिक्स कमेटी को लेटर लिखा। इसमें टीएमसी सांसद ने कहा- हीरानंदानी और देहाद्राई ने मेरे खिलाफ लगाए आरोपों का सबूत नहीं दिया है। इसलिए मैं दोनों को क्रॉस एग्जामिन करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहती हूं। कैश फॉर क्वेरी मामले में महुआ 2 नवंबर को एथिक्स कमेटी के सामने पेश होंगी। 31 अक्टूबर को दिल्ली रवाना होने से पहले महुआ ने कहा- 2 नवंबर को सारे झूठ ध्वस्त कर दूंगी। अगर मैंने एक भी रुपया लिया होता, तो भाजपा तुरंत मुझे जेल में डाल देती।

भाजपा मुझे संसद से सस्पेंड कराना चाहती है। सच तो यह है कि वे मेरा बाल भी बांका नहीं कर सकते। एथिक्स कमेटी के पास क्रिमिनल जुरिसडिक्शन नहीं है। उनके पास इस मामले की जांच का अधिकार नहीं है। ये काम इन्वेस्टिगेशन एजेंसियों का है।

महुआ ने कहा- 2021 के बाद एथिक्स कमेटी की कोई बैठक नहीं हुई है।

कमेटी ने अभी तक अपना मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट तैयार नहीं किया है। अगर मुझ पर कोई आपराधिक आरोप है तो जांच एजेंसियों को जांच करनी चाहिए।

## शार्ट न्यूज

### फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध के विरोध में सीटू समेत कई संगठनों का प्रदर्शन

शिमला। इजरायल और हमास की जंग का असर अब पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। इजरायल की ओर से फिलिस्तीन पर की जा रही कार्रवाई के खिलाफ शिमला में बुधवार को सीटू और अन्य वामपंथी संगठनों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि इजरायल को फिलिस्तीन में बेगुनाह महिलाओं और बच्चों के मौत के तांडव को बंद करना होगा। भारत सरकार को इजरायल का समर्थन बंद करना होगा। सीटू प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि इजरायल ने फिलिस्तीन में नौ हजार लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। युद्ध के सारे नियमों को दरकिनार कर अस्पतालों और मासूम बच्चों को शिकार बनाया जा रहा है। भारत सरकार इजरायल के साथ खड़ी है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अमेरिका की साम्राज्यवादी नीतियों का समर्थन नहीं किया जाना चाहिए। फिलिस्तीन के जमीन पर कब्जा नहीं होना चाहिए। भारत को शांति और युद्ध विराम की वकालत करनी चाहिए। वहीं इस दौरान मौलाना मुमताज कासमी ने कहा कि इजरायल फिलिस्तीन में मानवता की हत्या कर रहा है। महात्मा गांधी के बाद प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई तक फिलिस्तीन के समर्थन में रहे, लेकिन अब प्रधानमंत्री इजरायल के समर्थन में हैं। हम इसकी निंदा करते हैं।

### स्वास्थ्य विभाग जालंधर में पंजाब राज्य तंबाकू मुक्त दिवस का करेगा आयोजन

जालंधर। लोगों को तम्बाकू के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को 'पंजाब राज्य तंबाकू मुक्त दिवस' मनाया गया। सिविल सर्जन डॉ रमन शर्मा के नेतृत्व में सिविल सर्जन कार्यालय के सभी कार्यक्रम अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन नहीं करने और दूसरों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने की शपथ ली। डॉ रमन शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर साल एक नवंबर को पंजाब राज्य तंबाकू मुक्त दिवस मनाया जाता है, इस वर्ष यह दिन 'तंबाकू मुक्त प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थान' थीम के तहत मनाया जा रहा है, जिसके तहत एक से सात नवंबर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्वास्थ्य टीमें लोगों को धूम्रपान दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक कर रही हैं। तंबाकू उत्पादों का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सिविल सर्जन ने कहा कि तम्बाकू और उसके उत्पाद जैसे गुटखा, पान मसाला, बीड़ी और सिगरेट विभिन्न प्रकार के कैंसर, मुंह और सांस की बीमारियों का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग बीड़ी-सिगरेट पीते हैं, उनमें सांस संबंधी बीमारियों के साथ-साथ हृदय रोग का भी खतरा बढ़ जाता है।

### अमृतसर में दो पाकिस्तानी ड्रोन, तीन किग्रा से अधिक हेरोइन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों की तस्करी करने की तस्करों की एक और कोशिश को नाकाम करते हुए बुधवार को पंजाब के अमृतसर जिले में दो पाकिस्तानी ड्रोन और दो किलो 242 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि बीएसएफ और पंजाब पुलिस के जवानों ने एक सूचना के आधार पर अमृतसर के गांव महवा के बाहरी इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान सुबह करीब 10: 30 बजे ग्राम महवा से सटे खेत से एक ड्रोन बरामद किया गया। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर (मॉडल - डीजेआई माविक 3 क्लासिक, चीन में निर्मित) है। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने बुधवार को दोपहर के समय, एक ड्रोन की उपस्थिति के बारे में विशेष जानकारी पर अमृतसर के गांव राजाताल के बाहरी इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। तलाशी अभियान के दौरान, लगभग 04: 20 बजे, एक मध्यम आकार का क्वाडकॉप्टर और 03 पैकेट हेरोइन, जो पीले चिपकने वाले टेप से लिपटा हुआ था, राजाताल गांव से सटे खेत से बरामद किये गये।

### किन्नौर महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या दिलीप सिरमौरी के नाम

शिमला। हिमाचल प्रदेश में किन्नौर जिला के रिकांग पिओ स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव-2023 की दूसरी सांस्कृतिक संध्या रही दिलीप सिरमौरी, ममता भारद्धाज व सुरेश शर्मा के नाम। सभी स्टार कलाकारों ने अपनी बेहतरीन कला के माध्यम से उपस्थित लोगों को आनंदित किया। इसके अलावा उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के कलाकारों ने घूमर व भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समा बांधा। इससे पूर्व पहाड़ी संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमे प्रदेश के विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इससे पूर्व महोत्सव के दौरान जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता व लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लोक नृत्य प्रतियोगिता में शेशेरिंग नागस एक्स जोन कल्ब पांगी ने प्रथम तथा महादेव खेल एवं सांस्कृतिक कल्ब पवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा लोक गायन प्रतियोगिता में पोवारी की सुनीता ने प्रथम, पोवारी की देव कुमारी ने द्वितीय तथा माल मणि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा स्थानीय विद्यालयों के नन्हें विद्यार्थियों द्वारा भी रंगा-रंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई जिसमें लिंटल एंजल स्कूल व पाईनवुड विद्यालय के नन्हें विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी।

### कांग्रेस ने राजस्थान के गौरवशाली परंपराओं को नष्ट करने का किया काम : योगी

अलवर। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर राजस्थान के गौरवशाली परंपराओं को नष्ट करने का काम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसने प्रदेश की धरती को कलंकित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी हैं। योगी आदित्यनाथ बुधवार को अलवर जिले के तिजारा में विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार एवं सांसद बालकनाथ के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरती भक्ति और शक्ति का संगम है राजस्थान के गौरव और परंपराओं और विरासत की यहां अनुभूति होती है लेकिन राजस्थान के गौरवशाली इतिहास को कांग्रेस कलंकित करने का काम कर रही है और राजस्थान की धरती को कलंकित करने में उसने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि देश में अगर समस्याओं का दूसरा नाम है तो कांग्रेस है। देश में हर समस्या कांग्रेस ने पैदा की। भारत के सशक्त नेता रहे सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत के एकीकरण में कोई कसर नहीं छोड़ी थी लेकिन कांग्रेस ने यहां कोई कार्य नहीं किया। अनुच्छेद 370 हो या राम मंदिर का मामला हो कांग्रेस ने हर समस्या को बरकरार रखा और कोई निस्तारण नहीं किया।

### लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने दक्षिण पश्चिमी कमान की कमान संभाली

जयपुर। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, एवीएसएम ने बुधवार को यहां दक्षिण पश्चिमी कमान की बागडोर संभाल ली। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने प्रेरणा स्थल यपुर मिलिट्री स्टेशन में एक समारोह में बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दक्षिण पश्चिमी कमान की बागडोर संभाली। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के पूर्व छात्र हैं। वह 20 दिसंबर 1986 को द्वितीय लांसर्स में कमीशन हुए थे। जनरल ऑफिसर ने स्किनर्स हॉर्स रेजिमेंट ,एक आर्मर्ड ब्रिगेड, जम्मू-कश्मीर में एक काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स और पश्चिमी मोर्चे पर प्रतिष्ठित स्ट्राइक कोर को कमांड किया है। दक्षिण पश्चिमी कमान का कार्यभार संभालने से पहले, वह दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग थे। उनके अपने कार्यकाल में स्टाफ नियुक्तियों में स्वतंत्र आर्मर्ड ब्रिगेड के ब्रिगेड मेजर, एमएस शाखा में सहायक सैन्य सचिव, मुख्यालय दक्षिण पश्चिमी कमान में ब्रिगेडियर जनरल सर्विस (ऑपरेशंस) तथा सेना मुख्यालय में विभिन्न शाखाओं में तीन कार्यकाल शामिल हैं।

# डेंगू के मरीजों ने तोड़े रिकॉर्ड

## एक साल में आए सबसे ज्यादा मरीज



नोएडा। इस साल डेंगू के सबसे ज्यादा 943 मरीज मिले हैं। यह आंकड़ा एक साल में अब तक का सबसे ज्यादा है। मंगलवार को भी 9 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। हालांकि विभाग का कहना है इस बार पूरे प्रदेश में डेंगू के मरीजों की संख्या ज्यादा है। वहीं, मलेरिया के आंकड़ों में कमी आई है। वर्ष 2019 में 46 और 2020 में डेंगू के मरीजों संख्या सिर्फ 28 थी। लेकिन इसके बाद से मरीजों की संख्या बढ़नी शुरू हो गई। 2021 में मरीजों की संख्या बढ़कर 637 हो गई। हालांकि वर्ष 2022 में थोड़ी कमी आई, आंकड़ा घटकर 467 हो गया। लेकिन इस बार फिर से मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। रोजना 8 से 10 मामले सामने आ रहे हैं। अब तक 934 मरीज मिल चुके हैं। जिला अस्पताल और चाइल्ड पीजीआई में निजी अस्पताल से आने वाले संदिग्ध सैंपलों की जांच की जा रही है। हालांकि इस दौरान कई ऐसे भी मामले सामने आए हैं, जिनकी रिपोर्ट निगेटिव आई, लेकिन निजी अस्पताल की लैब ने सरकारी पोर्टल पर रिपोर्ट पॉजिटिव दिखाई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ओर से मरीज को फोन करने पर सच सामने आया है।

जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि पिछले सालों के मुकाबले डेंगू के मरीज ज्यादा मिले हैं। मरीज मिलने पर एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। विभाग की ओर से भी लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

### जनवरी फरवरी में भी आए केस

जनवरी और फरवरी की ठंड भी डेंगू के प्रसार को नहीं रोक पाई है। इन दो महीने में 16 डेंगू के मरीज मिले। अकेले जनवरी में 13 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई। जबकि इस दौरान न्यूनतम तापमान चार से पांच डिग्री तक पहुंच गया।

इतने तापमान में डेंगू का मच्छर निष्क्रिय हो जाता है और काटने की क्षमता तकरीबन खत्म हो जाती है। जबकि पिछले साल जनवरी और फरवरी में एक भी केस नहीं आया था।

# स्टेडियम में चार हजार दर्शक देख सकेंगे मैच

नोएडा। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 10वें सीजन की तैयारी शुरू हो गई है। लीग 20 दिसंबर से तीन जनवरी तक सेक्टर-21ए स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगी। इसके ले आउट प्लान के मुताबिक इंडोर स्टेडियम में करीब 4000 दर्शक एक साथ मैच देख सकेंगे। एक महत्वपूर्ण खेल चैनल पर इसका प्रसारण किया जाएगा। आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि नोएडा इंडोर स्टेडियम को पहली बार लीग की मेजबानी मिली है। इससे पहले ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में प्रो कबड्डी लीग के दो सीजन सफल रहे हैं। इसमें दिल्ली व हरियाणा की टीमों के के समर्थन के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों के आने की उम्मीद है।

### इंडोर के सेंट्रल में बनेगा मेन एरिना

इंडोर स्टेडियम के प्रबंधक अमित सिंह ने बताया कि नोएडा इंडोर स्टेडियम के सेंट्रल हिस्से में मुख्य एरिना को प्लान किया जा रहा है। इसका एरिया तकरीबन 29 मीटर का होगा। इसके अलावा एक वॉर्म अप क्षेत्र भी होगा। जो एरिना के पूर्वी हिस्से में वीआईपी सीटिंग एरिया के पीछे होगा। इसमें संशोधन की भी संभावना है।

# प्रशासनिक अधिकारी घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड में प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवान से ड्यूटी लगाने की एवज में दस हजार रुपये की घूस लेते हुए पीआरडी कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी को विजिलेंस टीम ने बुधवार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

सतर्कता अधिष्ठान हल्द्वानी की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार रूद्रपुर में आबकारी कार्यालय में तैनात पीआरडी जवान ने हल्द्वानी के सतर्कता अधिष्ठान को शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि पीआरडी कार्यालय में तैनात प्रशासनिक अधिकारी ड्यूटी लगाने के एवज में उससे 10000 रुपये की मांग कर रहा है।

शिकायतकर्ता की ओर से कहा गया कि वह पारिवारिक परिस्थितियों के चलते रूद्रपुर की बजाय गदरपुर में ड्यूटी लगवाना चाहता था। इसके बाद उपाधीक्षक अनिल मनराल के निर्देश पर शिकायत का परीक्षण कराया गया।

तथ्य सही पाये जाने पर निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी की अगुवाई में एक ट्रैप टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपी प्रशासनिक अधिकारी अश्विनी कुमार निवासी ग्राम सिकंदराबाद उझानी, थाना मुजरिया, बदायूं, उप्र, हाल निवासी कलक्ट्रेट कालोनी, रूद्रपुर को 10000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

सतर्कता विभाग की टीम आरोपी के निवास पर भी तलाशी अभियान में जुटी है। निरीक्षक विनोद कुमार यादव, उपनिरीक्षक कैलाश चंद्र जोशी, हेड कांस्टेबल दीप चंद्र जोशी एवं सिपाही नवीन कुमार शामिल थे। अधिष्ठान के निदेशक की ओर से टीम को 5000 रुपये नकद पुरस्कार की घोषणा की गयी है।

# जालंधर में 4.30 करोड़ रुपये की सड़क निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन

जालंधर। स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने बुधवार को शहर में गढ़ा रेलवे क्रॉसिंग से पीआईएमएस और काला संघा रोड तक 4.30 करोड़ रुपये की सड़क निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। गढ़ा रेलवे क्रॉसिंग से पीआईएमएस तक 0.75 किलोमीटर की लंबाई का निर्माण 2.50 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस परियोजना में फुटपाथ, सड़क नालियों और अन्य का निर्माण भी शामिल है। लगभग दो किलोमीटर लंबी काला संघा सड़क 1.80 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाएगी। सतही जल परियोजना के तहत पाइप बिछाने के लिये इन सड़कों की खुदाई की गयी थी। सिंह ने कार्य की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने शहर में सड़क नेटवर्क के सुधार पर विशेष जोर दिया है।

# तृतीय केदार श्री तुंगनाथ के कपाट शीतकाल हेतु विधि-विधान से हुए बंद

देहरादून,/श्री तुंगनाथ/उखीमठ( रूद्रप्रयाग)। हिमालय की सर्वोच्च हिमाच्छादित श्रृंखला पर उत्तराखंड में स्थित तृतीय केदार के रूप में विद्यमान श्री तुंगनाथ मंदिर के कपाट बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे वैदिक मंत्रोचार एवं विधि विधान से शीतकाल हेतु बंद हो गये है।

इस अवसर पर, पंद्रह सौ श्रद्धालुओं ने बाबा तुंगनाथ के दर्शन किये। पहली बार इस वर्ष श्री तुंगनाथ जी में एक लाख, पैंतीस हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किये हैं।

आज ब्रह्म मुहुर्त में मन्दिर के कपाट खुलने के बाद नित्य प्रति की भांति प्रातःकालीन पूजा-अर्चना तथा दर्शन शुरू हुए।

तत्पश्चात दस बजे से कपाट बंद की प्रक्रिया शुरू हो गयी। बाबा तुंगनाथ के स्वयंभू लिंग को स्थानीय फूलों,



भस्म आदि से ढ़क कर समाधि रूप दे दिया गया।

ठीक ग्यारह बजे श्री तुंगनाथ जी मन्दिर के कपाट शीतकाल हेतू बंद कर दिये गये। इसके बाद श्री तुंगनाथ जी की देव डोली मंदिर प्रांगण में लाई गई। मंदिर परिक्रमा के पश्चात देवडोली चोपता को प्रस्थान हुई।

श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि अब गुरुवार 2 नवंबर को श्री तुंगनाथ जी की देव डोली भनकुन प्रवास करेगी। 3 नवंबर को भूतनाथ मंदिर होते हुए, शीतकालीन गद्दीस्थल श्री मार्कंडेय मंदिर, मक्कूमठ पहुंचेगी। इसी दिन देवभोज का आयोजन किया जायेगा। इसी के साथ यहां बाबा तुंगनाथ जी की शीतकालीन पूजायें शुरू हो जायेंगी।

आज कपाट बंद होने के अवसर पर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार नौटियाल, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, मठापति रामप्रसाद मैठाणी, डोली प्रभारी प्रकाश पुरोहित, पुजारी प्रकाश मैठाणी, गीता राम मैठाणी, हर्षवधन मैठाणी तथा अन्य पुजारीगण सहित जिला प्रशासन, वन विभाग, उत्तराखंड पुलिस तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# साहा ने गडकरी से सड़क परियोजनाओं में तेजी लाने का किया आग्रह

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बुधवार को यहां कहा कि केंद्र सरकार के पास लंबित 4607 करोड़ रुपये की 265 किलोमीटर की सड़क परियोजना में तेजी लाने और राष्ट्रीय राजमार्ग को 4-लेन में विस्तारित करने की मांग की है।

साहा ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ मंगलवार को गुवाहाटी में समीक्षा बैठक में यह मांग की।

डॉ साहा ने कहा, गडकरीजी ने क्षेत्र में 31 राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 9034



करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, मैं पिछले नौ वर्षों में क्षेत्र में कनेक्टिविटी के विकास के लिए विभिन्न एनएच परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए गडकरीजी को धन्यवाद देता हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के कार्यकाल के दौरान त्रिपुरा में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 509 किमी से बढ़कर 914 किमी हो गई है।

उन्होंने बताया कि एनएचआईडीसीएल और राज्य पीडब्ल्यूडी के माध्यम से 16 परियोजनाएं लागू की गई हैं, जिन पर 3977 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और 383 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई गई है।

उन्होंने कहा, वर्तमान में 5057 करोड़ रुपये की लागत से 225 किलोमीटर सड़क का निर्माण 15 परियोजनाओं के तहत चल रहा है और इस साल दिसंबर तक कम से कम आठ परियोजनाएं पूरी होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि सड़कों के विस्तार से विभिन्न जिलों, उप-मंडलों, ब्लॉकों, बाजारों, पर्यटन स्थलों और आदिवासी क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी, और उन्होंने आश्वासन दिया कि भूमि अधिग्रहण, जंगल के डायवर्जन के संबंध में राज्य का पूरा सहयोग होगा। साथ ही निर्माण में तेजी लाने के लिए उपयोगिताओं का विस्तार किया जाएगा।

# वधानसभा से हटाये गये तदर्थ कर्मियों के मामले में हुई मैराथन सुनवाई

नैनीताल। उत्तराखंड विधानसभा से हटाये गये तदर्थ कर्मियों के मामले में बुधवार को भी मैराथन सुनवाई हुई। अगली सुनवाई 22 नवंबर को होगी।

न्यायमूर्ति पकंज पुरोहित की पीठ में इस मामले की सुनवाई चल रही है। आज भोजनावकाश के बाद लगभग 2.30 बजे से इस मामले में सुनवाई शुरू हुई और लगभग पौने दो घंटे तक बहस चली।

विधानसभा से हटाये गये कर्मियों की ओर से ही आज भी अपना पक्ष रखा गया। उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता देवदत्त कामत की ओर से याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखा गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि विधानसभा अध्यक्ष को तदर्थ नियुक्ति का अधिकार है। साथ ही उच्च न्यायालय इस मामले में एक जनहित याचिका के दौरान पहले सुनवाई कर चुका है और वर्ष 2017 में इन नियुक्तियों पर मुहर लगा चुका है।

# हिमाचल के हरोली में गोलीकांड, अज्ञात बाइकर्स ने दागी गोलियां

ऊना। हिमाचल के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के विधानसभा क्षेत्र हरोली में मंगलवार देर रात अज्ञात बाइक सवारों ने एक के बाद एक तीन फायर करते हुए क्षेत्र में कोहराम मचा दिया है। घटना में एक युवक घायल हुआ है, जबकि तीन अन्य युवक बाल-बाल बच गए। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। वहीं पुलिस ने घटना के संबंध में मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उपमंडल हरोली के ही चार युवक कार में सवार होकर घालुवाल चौक को क्रॉस कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात बाइक सवार युवकों ने कार पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाना शुरु कर दिया। गोली गाड़ी के नंबर प्लेट और शीशे पर लगी।

# भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए वेंकटस्वामी

हैदराबाद। तेलंगाना में पूर्व सांसद विवेक वेंकटस्वामी ने भारतीय जनता पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस में शामिल हो गये।

वेंकटस्वामी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी को अपने इस्तीफे का पत्र भेज दिया और इसके बाद उन्होंने उसे मीडिया पर साझा कर दिया। उन्होंने भाजपा में रहने के दौरान मिले समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।



इसके बाद विवेशन ने शमशाबाद हवाई अड्डा के पास स्थित एक निजी होटल में आयोजित समारोह में कांग्रेस का दामन थाम लिया।

इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने उनका स्वागत किया। श्री गांधी ने इस अवसर पर श्री वेंकटस्वामी और उनके पुत्र वामशी को पार्टी का दुपट्टा पहनाया।

कार्यक्रम के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए श्री रेड्डी ने श्री वेंकटस्वामी के कांग्रेस में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और पार्टी सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को चुनौती देने सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

वहीं, वेंकटस्वामी ने तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रहने के लिए बीआरएस की आलोचना की और आरोप लगाया कि पार्टी के कार्य केसीआर के परिवार के हित सीमित हो गया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस में शामिल होने का उनका निर्णय बीआरएस को हटाने सत्ता से हटाने के लिए है।

# कार खाई में गिरने से दो की मौत, एक पीजीआई रेफर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के उपमंडल घुमारवीं के गांव टिक्कर (सोई) में देर रात एक कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। उसे पीजीआई रेफर किया गया है।

मृतक और घायल पूरी रात दुर्घटनाग्रस्त कार में फंसे रहे। जब लोगों को सुबह हादसे का पता चला तो उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्याम सुंदर सोनी (60) पुत्र चमन लाल निवासी गांव गलासी, सरवन




कुमार (62) निवासी गांव टिक्कर और जगत पाल (60) पुत्र सुखराम निवासी गांव दाड़ी तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर मंगलवार रात को सोई गांव में एक समारोह से लौट रहे थे।

घुमारवीं के गांधी चौक पर सुनार की दुकान करने वाले श्याम सुंदर सोनी अपनी कार में सरवन कुमार और जगत पाल को घर छोड़ने जा रहे थे। रास्ते में सोई पुली के पास कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। श्याम सुंदर और सरवन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जगतपाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल जगतपाल पूरी रात कार में ही फंसे रहे। लोगों को हादसे का पता बुधवार सुबह लगा। हालांकि तीनों के परिजन उन्हें रात से ही ढूंढ रहे थे। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने कार को खाई में गिरा हुआ देखा। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों की सहायता से कार में फंसे तीनों लोगों को बाहर निकाला।

इसके बाद घुमारवीं अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने श्याम सुंदर और सरवन कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल को प्राथमिक उपचार देने के बाद पीजीआई रेफर कर दिया। विधायक राजेश धर्माणी ने भी अस्पताल पहुंच कर पीड़ित परिवारों के सदस्यों से बात की और उन्हें सांत्वना दी। मामले की पुष्टि घुमारवीं थाना प्रभारी विपिन चौधरी ने की है।

# हिमाचल में भीषण अग्निकांड, तीन मकान जलकर राख

शिमला। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र पांगी में भीषण अग्निकांड में तीन मकानों के 20 कमरे सामान समेत आग की भेंट चढ़ गए। यह घटनाक्रम मंगलवार रात का बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

प्रभावितों की पहचान योग राज पुत्र भानी चंद, केहर सिंह पुत्र भानी चंद और लुद्र सिंह पुत्र बीर सिंह निवासी शौर के रूप में हुई है। भीषण अग्निकांड में प्रभावितों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना मिलते ही आवासीय आयुक्त के निर्देशानुसार पुलिस और राजस्व विभाग समेत अन्य टीमें मौके पर रवाना कर दी गईं। जानकारी अनुसार योग राज के शौर में दो मंजिला मकान के आठ कमरे थे। इसकी छत पर टीन डाली गई थी।

जबकि केहर सिंह के दो मंजिला मकान के चार कमरे है। तीसरे प्रभावित लुद्र सिंह के दो मंजिला मकान के आठ कमरे थे। मकान लकड़ी, मिट्टी और सीमेंट से निर्मित थे। इनकी छतों पर मिट्टी डाली गई है।

तीनों मकानों के भीतर रखा राशन, कपड़े और अन्य सामान जलकर राख हो गया है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त मकान में आग लगी उस दौरान तीनों परिवारों के सदस्य घर पर नहीं थे। मकानों में लगी आग की लपटों के बीच से ग्रामीणों ने जैसे-तैसे कर मवेशियों को बाहर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

पांगी के दुर्गम क्षेत्र होने के साथ-साथ दूरसंचार सेवा की व्यवस्था न होने के चलते देर शाम पांगी प्रशासन को इसकी जानकारी मिली। प्रशासन की ओर से विभागीय टीमें मौके पर रवाना हो गई। शौर पंचायत में अध्यापक समेत अन्य दो लोगों के घर भीषण अग्निकांड की भेंट चढ़ने की पुष्टि की है।

विभागीय टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। प्रभावितों को हरसंभव सहायता राशि प्रशासन की ओर से प्रदान की जाएगी।

# हम एक रहकर निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं : राज्यपाल

रांची। झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने आज आठ राज्यों क्रमशः आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, केरल, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं तमिलनाडु तथा पाँच केंद्रशासित प्रदेश क्रमशः चंडीगढ़, दिल्ली, पुडुचेरी, लक्षद्वीप तथा अंडमान एवं निकोबार के स्थापना दिवस के अवसर पर राज भवन के बिरसा मंडप में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक है और एक रहेगा।

राज्यपाल ने कहा कि हम एक रहकर निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं। हम एक रहकर मानवता की भावना को पल्लवित एवं पुष्पित कर सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारत में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं लेकिन सभी एक दूसरे की भाषा एवं भावना का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि एकता के साथ-साथ विश्व-बंधुत्व की भावना हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसका परिचय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना महामारी के समय दिया। जब विश्व के विभिन्न देशों को निःशुल्क कोविड टीका प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में हमारी अर्थव्यवस्था नित्य-नया मुकाम हासिल कर रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अल्पायु में मानवता के प्रति जो धर्म निभाया, उसे विश्व सदियों तक याद रखेगा।

## शार्ट न्यूज

### राकेश टिकैत के एनकाउंटर के बयान पर भड़के बीकेयू कार्यकर्ता

जेवर। जेवर में बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पर लोनी के बीजेपी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कई दिन पहले एक टिप्पणी की है। जिसको लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं में रोष देखने को मिल रहा है। संगठन के लोगों का कहना है कि विधायक ने किसान नेता के लिए अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया गया है। जिसको लेकर उन्होंने बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इसी मुद्दे को लेकर बुधवार को जेवर में संगठन के पदाधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीएम से भी विधायक की शिकायत करने को कहा है। गाजियाबाद जिले के लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर पर कई दिन पहले बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के लिए मीडिया को एक बयान दिया था। जिसमें उन्होंने कहा है कि राकेश टिकैत यदि किसानों के बीच में नहीं होते तो अब तक उनका एनकाउंटर हो जाता। साथ हो उन्होंने बयान में यह भी कहा है कि राकेश टिकैत को 2 वर्ष बाद किसान कहीं घुसने भी नहीं देंगे। जिनके इसी बयान को लेकर संगठन की कार्यकर्ता और पदाधिकारी में काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है। इसी को लेकर मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पवन खटाना के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। इस दौरान पवन खटाना ने कहा कि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर में किसानों के बड़े नेता राकेश टिकैत के लिए गलत भाषा का इस्तेमाल कर उनके एनकाउंटर करने का भी बयान दिया है।

### ऑटो में लूट के बाद यात्री की हत्या

गाजियाबाद। गाजियाबाद में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे-9 पर ऑटो सवार छात्रा की लूट के दौरान मौत का मामला ठंडा नहीं पड़ा है। ठीक ऐसी ही एक और वारदात सामने आई है। ऑटो चालक ने एक यात्री को बैठाया और सारा सामान लूट लिया। इसके बाद इस यात्री की सिर में चोट लगने से मौत हो गई। करीब तीन महीने बाद जब मृतक का मोबाइल ऑन हुआ तो इस केस का खुलासा हुआ। बुधवार यानि एक नवंबर को पुलिस ने ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नोएडा में बादलपुर थाना क्षेत्र के गांव बंबावड़ निवासी सुरेंद्र नागर आरटीओ ऑफिस के एजेंट थे। वे 30 जुलाई को आरटीओ कार्यालय से निकले, लेकिन घर नहीं पहुंचे। एक अगस्त को परिजनों ने थाना बादलपुर में उनकी मिसिंग रिपोर्ट दर्ज कराई। नोएडा पुलिस सुरेंद्र नागर की तलाश में कई जगह गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। लापता सुरेंद्र के बेटे विपिन यूपी पुलिस में हैं। उन्होंने अपने स्तर पर जांच शुरू की। अभी कुछ दिनों पहले सुरेंद्र नागर का मोबाइल ऑन हुआ। ये मोबाइल बिहार में एक महिला चला रही थी। पुलिस ने इस महिला से पूछताछ की। उसने नोएडा के ऑटो चालक से मोबाइल खरीदने की बात कुबूली। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। गाजियाबाद पुलिस ने जैसे-तैसे ऑटो चालक का नाम-पता जुटाया और एक नवंबर को उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद ये केस खुलता चला गया।

### 71 लाख की ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

गुरुग्राम। साल भर पहले एक व्यक्ति से बीमा पालिसी पर लोन देने के नाम पर 71 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर पूर्व थाना पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों पहचान नार्थ दिल्ली के शकूरपुर निवासी जितेंद्र कुमार, रानी बाग निवासी प्रदीप और गाजियाबाद के इंद्रापुरम निवासी देवेंद्र त्यागी के रूप में हुई। जितेंद्र व प्रदीप को दिल्ली व देवेंद्र को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। एसीपी साइबर अपराध विपिन अहलावत ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ से पता चला कि इन्होंने पीड़ित से इंश्योरेंस पालिसी करवाकर उसके आधार पर लोन देने की बात कर ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। जितेंद्र ने दस प्रतिशत कमिशन के लिए ठगी की वारदात में अपना बैंक खाता उपलब्ध करवाया था। देवेंद्र व प्रदीप वाइस चेंज डिवाइस के माध्यम से लड़की की आवाज में लोगों के साथ बात कर ठगी करते थे। जितेंद्र, प्रदीप पर महाराष्ट्र, उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ में छह और देवेंद्र पर छत्तीसगढ़ में एक मामला दर्ज है। इन आरोपियों ने अब तक लगभग सौ लोगों के इस तरह की ठगी कर चुके थे। इनके पास से पांच मोबाइल फोन व वाइस चेंज डिवाइस बरामद की गई।

### कस्टमर केयर अधिकारी बनकर ठगी करने के मामले में महिला गिरफ्तार

गुरुग्राम। कस्टमर केयर अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाली आरोपी महिला को साइबर अपराध वेस्ट थाना पुलिस ने काबू कर लिया है। आरोपी महिला ने सिटी बैंक क्रेडिट कार्ड कस्टमर अधिकारी के नाम पर एक फर्जी नंबर ले रखा था। जब कोई व्यक्ति गूगल पर क्रेडिट कार्ड कस्टमर अधिकारी का नंबर सर्च करता तो उसका नंबर दिखाई देता। जैसे ही पीड़ित इस नंबर पर कॉल करता वह आरोपी के झांसे में आ ठगी का शिकार बन जाता। पुलिस ने महिला से सिम बरामद कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार साइबर अपराध वेस्ट थाना पुलिस को एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि सिटी बैंक क्रेडिट कार्ड का कस्टमर अधिकारी बनकर उसके बैंक खाते से 4 लाख 79 हजार रुपए की ठगी की गई है। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। मामले में एसीपी साइबर वेस्ट विपिन अहलावत की अगुवाई में साइबर क्राइम वेस्ट थाना के इंस्पेक्टर बच्चू सिंह की टीम ने वारदात को अंजाम देने में शामिल एक महिला को पालम विहार, गुरुग्राम से काबू कर लिया।

# निगम में पांच हजार सफाईकर्मियों को स्थाई करने का पूरा किया वादा : केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने पांच हज़ार सफ़ाई कर्मचारियों को स्थाई करने का अपना वादा पूरा किया है।

केजरीवाल ने संवाददाताओं से आज यहां कहा, आम आदमी पार्टी ('आप')की सरकार ने निगम के पांच हजार कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का कर दिया है। यह कर्मचारी लंबे समय से अपनी नौकरी पक्की करने की मांग कर रहे थे, लेकिन 15 साल सरकार में रही भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) ने इनकी मांगों को कभी गंभीरता से नहीं लिया। अब तक हमने 6484 कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का किया है।

उन्होंने कहा कि मंगलवार को



दिल्ली नगर निगम के सदन की बैठक में प्रस्ताव पारित करके लगभग पांच हजार सफाई कर्मचारियों को पक्का किए जाने को मंजूरी दे दी गई। कच्चे कर्मचारियों की नौकरी का कुछ पता नहीं होता है। उनको आज बुलाकर काम लिया जा रहा है तो कल नहीं भी बुलाया जा सकता है। महीने में 15 दिन काम लिया जाएगा या 20 काम लिया जाएगा, इसका भी कुछ नहीं पता होता है। उनकी छुट्टियों का भी नहीं पता होता है। कच्चे कर्मचारियों को पूरी तनख्वाह भी नहीं मिलती है। अभी तक कई तरह से कच्चे कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा था।

मुख्यमंत्री ने कहा, पिछले 15 साल से दिल्ली नगर निगम में भाजपा की सरकार थी। भाजपा ने सफाई कर्मचारियों का शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। सफाई कर्मचारियों की हमेशा यही मांग रही कि उनको पक्का किया जाए। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बने अभी डेढ़ साल ही हुए हैं। इन डेढ़ साल के अंदर हमने करीब 30 हजार कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया है। यह आम आदमी पार्टी की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

उन्होंने कहा, जब से दिल्ली नगर निगम में 'आप' की सरकार बनी है, नगर निगम से अच्छी-अच्छी खबरें आ रही हैं। हमारी सरकार से पहले नगर निगम से भ्रष्टाचार और तनख्वाह नहीं मिलने की खबरें आती थीं। जब निगम में भाजपा की सरकार थी, तब खूब भ्रष्टाचार होता था। इसके अलावा कर्मचारियों की तीन-चार महीने से तनख्वाह नहीं मिलने की खबरें आती थी।

सफाई कर्मचारी तनख्वाह की मांग को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन और हड़ताल करते नजर आते थे। हमने कई गलत चीजों को नियंत्रित किया है और पिछले तीन-चार महीने से सभी कर्मचारियों को समय पर तनख्वाह मिलने लगी है।

# गौतम बुद्ध नगर में पुलिस की बदमाश से मुठभेड़

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की बिसरख थाना पुलिस की स्कूटी सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि एक बदमाश मौके से फरार हो गया। यह बदमाश स्कूटी पर सवार होकर महिलाओं से चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया करते थे।

बिसरख थाना पुलिस के द्वारा ट्राइड़ेन्ट गोल चक्कर के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक स्कूटी पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखने के बाद इन लोगों ने अपनी स्कूटी को वापस दौड़ा दिया। पुलिस ने जब इनका पीछा किया तो इन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। सेक्टर-3 भट्ठे की तरफ जाते समय पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह गिर गया जबकि दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को दौड़कर पकड़ लिया। घायल बदमाश की पहचान आनंद के रूप में हुई है, जो कि दिल्ली का रहने वाला है। पैर में गोली लगने के कारण व घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से लूटी हुई चेन, तमंचा कारतूस और एक स्कूटी बरामद की है। इन बदमाशों के द्वारा अगस्त में समृद्धि ग्रांड एवेन्यू से एक महिला से सोने की चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था।

# ग्रेटर नोएडा में 35 लाख की शराब कराई गई नष्ट

गौतम बुद्ध नगर। जिले में नोएडा पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब को लेकर कार्रवाई की जा रही है। वहीं, मालखानों में रखी हुई अवैध शराब को पुलिस द्वारा नष्ट भी किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक 1 थाने के माल खाने में रखी हुई करीब 35 लाख रुपए की शराब को न्यायालय के आदेश के बाद नष्ट किया गया।

नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर माल निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। इसी को लेकर थाना ईकोटेक प्रथम द्वारा, वर्ष 2021, 2022 व 2023 के कुल 06 अभियोगों से सम्बन्धित बरामद 3934 लीटर अवैध शराब को नष्ट किया गया।

यह शराब माननीय न्यायलय अपर सिविल जज जूनियर डिविजन/एफ.टी.सी.-प्रथम के आदेश के बाद नष्ट की गई।

माल खाने में रखी हुई 3934 लीटर शराब को सहायक पुलिस आयुक्त तृतीय की उपस्थिति में जेसीबी के द्वारा बोतलों को तोड़कर गड्ढा खोदकर मिट्टी से दबाकर नष्ट किया गया। इस अवैध शराब की अनुमानित कीमत 35 लाख रुपए है।

ईकोटेक 1 थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद मालखाने में रखी हुई अवैध शराब को नष्ट किया गया।

पहले इन बोतलों को जेसीबी के द्वारा तोड़ा गया और उसके बाद गड्ढे में दबा दिया गया। उन्होंने बताया कि अन्य थानों में भी इस तरह की निरस्तीकरण की कार्रवाई जारी है।

# वसुधैव कुटुंबकम् ही है भारत की पहचान : अजय सूरी

## पीजीडीएवी कॉलेज (सांध्य) द्वारा जी-20 के अवसर पर भारत और जर्मनी संबंधों पर कार्यक्रम आयोजित







नई दिल्ली। पीजीडीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अजय सूरी ने कहा कि भारत संपूर्ण विश्व को परिवार मानता है। वसुधैव कुटुंबकम् ही भारत की मूल पहचान है। वेदों से हमने एकता का यह संदेश पाया है। अजय सूरी दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज (सांध्य) द्वारा जी-20 के अवसर पर भारत और जर्मनी के संबंधों को केंद्र में रखते हुए आयोजित 'भारत-जर्मनी सम्बन्ध = वर्तमान परिदृश्य और भावी दिशा' विषयक कार्यक्रम में अध्यक्षीय सम्बोधन प्रस्तुत कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृण्वन्तो विश्वमार्यम् के माध्यम से हमे यह शिक्षा मिलती है कि हम संपूर्ण विश्व को श्रेष्ठ बनाएं। उन्होंने दयानंद सरस्वती जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा समाज उत्थान के कार्यों और वेदों के प्रचार प्रसार के कार्यों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दिल्ली विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद के अधिष्ठाता प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार ने कहा कि भारत ने संपूर्ण विश्व को बता दिया कि भारत सम्पूर्ण विश्व का मार्गदर्शन कर सकता है। भारत के पास योग, मानव विकास, शक्ति की पूजा, अध्यात्म आदि सभी कुछ है जो विश्व को शांति व विकास की ओर आगे लेकर जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि विश्व में संकट के कारण मानवता व संस्कृति उत्पन्न होते है लेकिन भारत में पहले संस्कृति को महत्व दिया जाता है जिससे संकट उत्पन्न ही न हो।

दिल्ली विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद और पीजीडीएवी (सांध्य) के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के कुछ चयनित कॉलेजों में आयोजित जी-20 कार्यक्रम की शृंखला में दिल्ली विश्वविद्यालय के जर्मनिक और रोमांस अध्ययन विभाग, कमला नेहरू कॉलेज तथा दयाल सिंह कॉलेज के सहयोग से भारत-जर्मनी संबंधों पर संगोष्ठी और सांस्कृतिक सन्निधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत-जर्मनी संबंधों को रेखांकित करती हुई प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।

# यमुना, साहिबी नाला व दिल्ली प्रदूषित बनाने पर जिम्मेवारी तय हो : पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ ने माननीय प्रधानमंत्री से यमुना नदी,साहिबी नदी व दिल्ली को बचाने की अपील की है। ओर दिल्ली की प्रमुख दो बड़ी नदियों को नाला व दिल्ली प्रदूषित होने पर विरोध जताया है।

इन दोनों नदियों के सिमटने, अतिक्रमण होने, इनकी निर्मलता, स्वच्छता, अविरलता की गति को रोकने के कारण दिल्ली आज प्रदूषण की चपेट में है। जब तक ये अविरल, निर्मल, स्वच्छ, अतिक्रमण मुक्त नहीं होगी तो दिल्ली का विकास संभव नहीं है।

दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि शासन प्रशासन ने दिल्ली को स्मार्ट, विकसित शहर बनाने के चक्कर में पूरी दिल्ली व गांवों की नदियों, तालाबों, झीलों, बावरी, कुओं को बर्बाद कर दिया है। जहां इनसे



थान सिंह यादव
प्रमुख दिल्ली पंचायत संघ

सर्दियों में पानी भाप बनकर ऊपर उठता था।वह प्रदूषण को साफ करने में मदद करता था।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा है कि इनके लिए जो भी जिम्मेवार है।

वह ईमानदारी से अपनी जिम्मेवारी तय करें। और इनकी स्वच्छता, निर्मलता, अविरलता ओर अतिक्रमण से मुक्ति के लिए समय सीमा तय करके कार्य करें। और इसकी घोषणा करें।

दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली सरकार व उपराज्यपाल दिल्ली से मांग की कि दिल्ली को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए दिल्ली की सड़कों से अवैध कब्जा, अवैध यूनिपोलो, अवैध पार्किंग, अवैध जाम से निपटें ओर इन पर तुरंत कम करें।

दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव व 360गांव खाप तिहाड़ प्रधान राकेश चौधरी ने मांग की है दिल्ली में यमुना व साहिबी नदियों व दिल्ली को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए पूरी दिल्ली में एक सप्ताह अवकाश की घोषणा करें। ओर प्रदूषण कालीन अवकाश की भी घोषणा करें।

जैसे ग्रीष्मकालीन, शीतकालीन अन्य छुट्टियां होती है ऐसे दिल्ली में प्रदूषण कालीन छुट्टियों की भी व्यवस्था की जाए। ताकि दिल्ली के नन्हें मुन्ने स्वच्छ व शुद्ध वातावरण में सांस ले सके।

### गाजियाबाद में फैक्ट्री कर्मचारी की हत्या

गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी इलाके में एक युवक की हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह उसका लहूलुहान शव पड़ा मिला। चेहरे पर चोटों के निशान हैं। मरने वाला शख्स नोएडा में बिसरख क्षेत्र का रहने वाला था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया, अनिल नामक शख्स गाजियाबाद में मोहननगर क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार को वो ड्यूटी के बाद अपने घर चला गया। बुधवार सुबह उसकी लाश लोनी थाना क्षेत्र के बंथला इलाके में झाड़ियों में पड़ी मिली। पूरा मुंह खून से लाल था। ऐसा लग रहा था, जैसे किसी भारी वस्तु से चेहरे पर प्रहार किए गए हों। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोनी क्षेत्र में लगातार वारदातें हो रही हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही यहां एक शख्स की दिनदहाड़े गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी।

# विद्यालय परिसर में 11000 वोल्ट की लाइन टूटकर गिरा

जेवर। दनकौर कस्बे में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान के पास स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को 11हज़ार वोल्ट की लाइन टूट कर विद्यालय परिसर में गिर गई। इस दौरान वहां से छुट्टी होने के बाद घर लौट रहे कई बच्चे उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। विद्यालय स्टाफ का कहना है कि बिजली की लाइन को हटाने की कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग की गई है। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिसकी वजह से आए दिन बच्चों की जान को खतरा बना हुआ है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय के ऊपर से होकर करीब पिछले 15 वर्षों से 11 हजार वोल्ट की लाइन निकल रही है जिसको हटाने के लिए कई बार विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत भी की गई है। लेकिन अभी तक लाइन को हटाया नहीं गया है। जिसकी वजह से आए दिन बिजली के तार में स्पार्किंग होने के परिसर में चिंगारी गिरती रहती है। जिसकी वजह से बच्चे और स्टाफ के लोगों की जान को खतरा बना रहता है। बुधवार की दोपहर बाद जब छुट्टी हुई तो अचानक लाइन का तार टूटकर परिसर में गिर गया। उस दौरान वहां से होकर निकल रहे करीब 10 बच्चे इसकी चपेट में आने से बच्चे बाल-बाल बचे। जिस जगह तार टूटकर गिरा उस जगह काला निशान पड़ गया है। इस बारे में विद्यालय के प्रधानाचार्य निरंजन नागर का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में कई बार लिखित रूप से बिजली विभाग से लाइन को हटाने की मांग की है।

# अब तो जेल से चलेगी पार्टी और सरकार : सौरभ भारद्वाज

## दिल्ली के मंत्री गोपाल राय और सौरभ भारद्वाज ने केजरीवाल को ईडी का समन जारी होने पर बयान दिया

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को ईडी कार्यालय में पेश होना है। उससे पहले आम आदमी पार्टी लगातार केंद्र सरकार पर हल्लाबोल रही है। दिल्ली के मंत्री गोपाल राय और सौरभ भारद्वाज ने केजरीवाल को ईडी का समन जारी होने पर बयान दिया।

दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आखिर गिरफ्तारी क्यों की जा रही है। इससे पता चलता है कि भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव में हार का डर है। ऐसा नहीं होने वाला है। ये लोग देश के सभी विपक्ष को गिरफ्तार करना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी ने हमेशा हर विपरीत परिस्थिति में अपना काम आगे बढ़ाया है। हम हर स्थिति का मजबूती से मुकाबला करेंगे।

### जेल से चलेगी दिल्ली सरकार

वहीं दूसरी तरफ जब दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज से पूछा गया कि अगर सीएम अरविंद केजरीवाल जेल चले जाते हैं तो पार्टी की आगे की रणनीति क्या होगी। उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि यह फैसला पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा लिया जाएगा। लेकिन अभी पूरी पार्टी जेल में है। तब




सरकार और पार्टी दोनों ही जेल से चलेंगी। आखिर भाजपा क्या चाहती है कि सभी को जेल हो जाए। वे चाहते हैं कि मुफ्त शिक्षा, मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त तीर्थयात्रा, अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बंद हो जाएं लेकिन अरविंद केजरीवाल ऐसा नहीं होने देंगे।

### आप पार्टी के खिलाफ षड्यंत्र

डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि भाजपा आप के खिलाफ षड्यंत्र कर रही है। वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फंसाना चाहती है। केजरीवाल की लोकप्रियता से परेशान केंद्र सरकार आप को खत्म करने के लिए काम कर रही है। भाजपा हमें पंजाब और दिल्ली विधानसभा व निगम चुनाव में हरा नहीं पाई तो इस तरह से परेशान कर रही है। यही कारण है कि आप के बड़े व मुख्य नेता को एक-एक करके झूठे आरोपों में गिरफ्तार करना शुरू कर दिया।

### आतिशी बोलीं- जांच एजेंसियों का हो रहा गलत इस्तेमाल

दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा कि आप को खत्म करने के लिए भाजपा ने मुख्यमंत्री को समन भिजवाया है। केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है। आने वाले दिनों में केंद्र सरकार इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं को जांच के दायरे में लाएगी। केजरीवाल के बाद हेमंत सोरेन, तेजस्वी यादव, पिनाराई विजयन, एमके स्टालिन सहित अन्य नेताओं पर भी जांच की आंच आएगी। लेकिन आप इससे डरने वाली नहीं है।

### दिलीप पांडे ने सांसद मनोज तिवारी को घेरा



दिलीप पांडे ने कहा कि ईडी भाजपा के मुख्यालय में बैठकर अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की रणनीति बना रही है और उसकी रणनीति का खुलासा भाजपा के सांसद मनोज तिवारी कर रहे हैं। भाजपा नेताओं ने साफ संदेश दे दिया है कि जब तक आप का एक-एक नेता गिरफ्तार नहीं हो जाता, तब तक ईडी रुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस ईडी के स्वतंत्र कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की है।




दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई के पीछे की मुख्य वजह आप को खत्म करना है। ऐसे में शराब नीति तो केवल एक बहाना है। केंद्र के आदेश पर सीबीआई ने मुख्यमंत्री कार्यालय पर छापेमारी की। शुंगलू कमेटी ने एक-एक फाइलों को खंगाला। हमारे विधायकों को तोड़ने के लिए उनपर 170 से अधिक मुकदमे किए। उस समय शराब नीति नहीं थी। केंद्र सरकार शुरू से आप को परेशान करने का प्रयास कर रही है। शराब नीति मामले में सीबीआई पहले ही अरविंद केजरीवाल को बुला चुकी है और उन्होंने सारे सवालों के जवाब दिए हैं। ऐसे में ईडी द्वारा बुलाया जाना बताता है कि वह केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया की जमानत रद्द होने के बाद से ही भाजपा के नेता बोल रहे हैं कि अब अरविंद केजरीवाल भी गिरफ्तार होंगे। भाजपा नेताओं को इस बात का डर सताया जा रहा है कि इतनी साजिशों के बाद भी आम आदमी पार्टी के नेता टूट नहीं रहे हैं।

## केजरीवाल के आवास पर कथित हरित मानदंडों के उल्लंघन का मामला

# एनजीटी ने मांगी चार सप्ताह में रिपोर्ट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर कुछ निर्माण में पर्यावरण मानदंडों के कथित उल्लंघन पर एक पैनल द्वारा अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपने पर निराशा व्यक्त की है। तथ्यात्मक स्थिति का पता लगाने के लिए इस साल मई में गठित पैनल एनजीटी के निर्देशों का पालन करने में विफल रहा है। ऐसे में ट्रिब्यूनल ने उसे रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और चेतावनी दी कि ऐसा करने में विफलता के कारण जुर्माना जारी किया जाएगा। साथ ही राज्य के मुख्य सचिव को पेश होने का समन जारी किया।

ट्रिब्यूनल के अनुसार मामले की जांच के लिए नौ मई को दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव (पर्यावरण एवं वन), दिल्ली शहरी कला आयोग (डीयूएसी) के एक नामित सदस्य और उत्तरी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट की एक संयुक्त समिति का गठन किया गया था। एनजीटी एक याचिका पर विचार कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 6-फ्लैग स्टाफ रोड (सीएम का निवास) और 45-के विकास के दौरान लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा स्थायी और अर्ध-स्थायी निर्माण किए गए और 20 से




अधिक पेड़ काटे गए।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आधिकारिक बंगला राजनीतिक तूफान के घेरे में है। सीएम के लिए नए आधिकारिक आवास के निर्माण में कथित अनियमितताओं और कदाचार की जांच के लिए सितंबर में सीबीआई ने प्रारंभिक जांच दर्ज की थी। भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि भव्य क्वार्टरों के नवीनीकरण और निर्माण पर 40 करोड़ रुपये से अधिक सार्वजनिक धन खर्च किया गया। वहीं, सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने किसी भी गलत काम के आरोपों को खारिज कर दिया है। 30 अक्तूबर को पारित एक आदेश में एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मई में ट्रिब्यूनल के निर्देश के बाद मामले को दो बार स्थगित किया गया है, लेकिन रिपोर्ट अभी भी प्रतीक्षित है। पीठ ने कहा कि %हम संयुक्त समिति को रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का और समय देते हैं। ऐसा नहीं करने पर दिल्ली के मुख्य सचिव सुनवाई की अगली तारीख (15 जनवरी) पर व्यक्तिगत रूप से वर्चुअल माध्यम से उपस्थित होंगे। कार्यवाही के दौरान ट्रिब्यूनल ने उप वन संरक्षक (मध्य दिल्ली) द्वारा दायर एक रिपोर्ट पर गौर किया, जिसमें कहा गया था कि सीबीआई ने मामले में प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। यह भी नोट किया गया कि पीडब्ल्यूडी ने अनुमति और क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा था। याचिका के अनुसार, डीयूएसी की मंजूरी के बिना और हरित क्षेत्र बढ़ाने के बारे में आयोग के अवलोकन का उल्लंघन करते हुए निर्माण अवैध रूप से किया गया था। दिल्ली शहरी कला आयोग अधिनियम की धारा 12 कहती है कि संबंधित नगर निगम डीयूएसी से अनुमति प्राप्त किए बिना विकास प्रस्तावों को मंजूरी नहीं दे सकता है। याचिका में कहा गया है कि इस प्रकार हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए डीयूएसी की टिप्पणियों को नजरअंदाज करते हुए अवैध रूप से निर्माण किया गया, जो दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 का उल्लंघन है। जिसके लिए निर्माण के लिए वैध अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

# संपादकीय

## सर्दी शुरू होते ही दिल्ली की हवा खराब

प्रदूषण के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों को एक हफ्ते के भीतर हलफनामा दाखिल कर बताने को कहा है कि उन्होंने प्रदूषण रोकने के लिए क्या उपाय किए हैं।

अब यह हर वर्ष का सिलसिला-सा बन गया है कि सर्दी शुरू होते ही दिल्ली की हवा खराब होने लगती है। लोगों का दम घुटने लगता है और फिर इससे निपटने में सरकार के हाथ-पांव फूल जाते हैं। फिर शुरू होता है एक-दूसरे पर दोषारोपण और राजनीतिक बयानबाजियों का दौर।

हालांकि हर वर्ष सर्वोच्च न्यायालय वायु प्रदूषण से निपटने का स्थायी बंदोबस्त करने का निर्देश देता है, मगर कुछ कागजी खानापूर्तियों और अव्यावहारिक उपायों के अलावा इसका व्यावहारिक समाधान अब तक नहीं तलाशा जा सका है। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों को एक हफ्ते के भीतर हलफनामा दाखिल कर बताने को कहा है कि उन्होंने प्रदूषण रोकने के लिए क्या उपाय किए हैं। जब भी दिल्ली और आसपास के राज्यों में वायु प्रदूषण बढ़ने लगता है तो एक-दूसरे पर दोष मढ़ने की कोशिशें तेज हो जाती हैं। दिल्ली सरकार का कहना होता है कि आसपास के राज्यों में पराली जलाने पर रोक नहीं लगाई जा पा रही, इसलिए दिल्ली की हवा में जहर घुल रहा है। मगर पड़ोसी राज्य इस आरोप को सिरे से खारिज करते देखे जाते हैं।

वायु प्रदूषण निस्संदेह एक गंभीर समस्या बन चुका है। इसके चलते करोड़ों लोगों की सेहत खराब हो रही है। इसकी वजहें भी छिपी नहीं हैं। मगर इस पर काबू पाने के लिए कुछ तदर्थ उपाय ही किए जाते दिखते हैं। दिल्ली सरकार ने निजी वाहनों के लिए सम-विषम नियम लागू किया, एक-दो जगह स्माग टावर खड़े किए, कुछ समय के लिए सड़कों के किनारे फव्वारे वाली मशीनें लगा दी जाती हैं। पिछले दो-तीन सालों से पराली की समस्या से पार पाने के लिए जैविक छिड़काव का रास्ता निकाला गया।

पराली जलाने वालों पर उपग्रह से निगरानी रखी जाने लगी और उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होने लगी। इसके अलावा बाहरी राज्यों से आने वाले व्यावसायिक वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक लगा दी जाती है। मगर इसका भी कोई उल्लेखनीय नतीजा सामने नहीं आ सका है। हर साल वायु गुणवत्ता कुछ बिगड़ी हुई ही दर्ज होती है। जब स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है, तो कुछ समय के लिए शिक्षण संस्थान बंद कर दिए जाते हैं, लोगों को घर से बाहर न निकलने की चेतावनी जारी की जाती है और फिर बारिश होने का इंतजार किया जाने लगता है कि गर्द बैठे और हवा साफ हो। दिल्ली में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण वाहनों से निकलने वाला धुआं है। कई साल पहले डीजल से चलने वाली गाड़ियों पर रोक लगाने का सुझाव दिया गया था। हालांकि अब बैट्री से चलने वाले वाहनों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, मगर हकीकत यह भी है कि न सिर्फ सड़कों पर वाहनों की संख्या हर साल बढ़ रही है, बल्कि उनमें बड़ी संख्या डीजल से चलने वाले वाहनों की होती है। फिर, अध्ययनों से यह भी जाहिर है कि वायु प्रदूषण बढ़ाने में चार पहिया वाहनों की अपेक्षा दुपहिया वाहनों का योगदान अधिक है। अब पर्यावरण मंत्रालय चीजों की आपूर्ति करने वालों के लिए केवल बैट्री से चलने वाले वाहनों का उपयोग अनिवार्य करने जा रहा है। मगर अब भी यह अपेक्षा जस की तस बनी हुई है कि कैसे निजी वाहनों की जगह सार्वजनिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके। इस मामले में तदर्थ उपायों के बजाय व्यावहारिक उपायों की दरकार है।

## मराठा आंदोलन को लेकर राजनीति गर्म

मराठा खेतिहर समुदाय है और आर्थिक रूप से बहुत कमजोर स्थिति में है। काफी समय से वह नौकरियों और शिक्षा में अन्य पिछड़ी जातियों की तरह आरक्षण की मांग करता रहा है।

महाराष्ट्र में मराठा आंदोलन हिंसक हो उठा है। तीन विधायकों के घरों और दफ्तरों में तोड़-फोड़ और आगजनी की गई। एक नगर पालिका परिषद के दफ्तर को भी आग के हवाले कर दिया गया। कई बसें जला दी गईं और रास्ते रोक दिए गए। अब इसे लेकर राजनीति भी गरम हो उठी है। बताया जा रहा है कि कुछ सांसदों और विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है।

कुछ नेता सभी सांसदों से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। हालांकि राज्य सरकार किसी तरह इस आंदोलन को शांत करने के प्रयास में जुटी है। उसने मराठा समुदाय के लोगों को कुनबी समुदाय का प्रमाणपत्र देने की पहल की है, मगर यह आंदोलन फिलहाल रुकता नहीं जान पड़ता। कुनबी समुदाय पिछड़ी जाति के अंतर्गत आती है।

इस तरह मराठा समुदाय को कुनबी का प्रमाणपत्र मिलने से वे भी अन्य पिछड़ी जाति को तय उन्नीस फीसद आरक्षण में हिस्सेदार बन जाएंगे। इसलिए महाराष्ट्र के अन्य पिछड़ा वर्ग का संगठन सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहा है। यानी सरकार के सामने इस मामले में मुश्किलें दोहरी हैं। वहां कोई भी राजनीतिक दल न तो मराठा को नाराज करना चाहता है और न ओबीसी को अपने से दूर।

दरअसल, महाराष्ट्र ही नहीं, देश के अनेक राज्यों में आरक्षण की आग राजनीतिक दलों ने ही सुलगा रखी है। जब वे विपक्ष में होते हैं, तो किसी प्रभावशाली समुदाय को आरक्षण का लोभ देकर अपने सत्ता तक पहुंचने का रास्ता तैयार करते हैं और फिर सत्ता में आने के बाद उस वादे को पूरा करना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। महाराष्ट्र में मराठा समुदाय मूलत- खेतिहर समुदाय है और आर्थिक रूप से बहुत कमजोर स्थिति में है। काफी समय से वह नौकरियों और शिक्षा में अन्य पिछड़ी जातियों की तरह आरक्षण की मांग करता रहा है। पांच साल पहले राज्य सरकार ने उसे सोलह फीसद आरक्षण देने का फैसला भी कर लिया था। बांबे उच्च न्यायालय ने भी उसमें कुछ कटौती करते हुए उसे विशेष प्रावधान के तहत लागू करने की इजाजत दे दी थी।

मगर सर्वोच्च न्यायालय ने पचास फीसद की संवैधानिक सीमारेखा का हवाला देते हुए उस पर रोक लगा दी थी। ताजा मामले में मनोज जेरांगे-पाटिल नाम के एक व्यक्ति ने यह मांग उठाते हुए भूख हड़ताल शुरू कर दी कि मराठा समुदाय को कुनबी समुदाय माना जाए। उनके समर्थन में लोग जुटते गए। सरकार ने इसके लिए एक समिति बना दी और एक महीने के भीतर फैसला करने का आश्वासन दिया। मगर वह समय सीमा पार हो गई तो फिर से आंदोलन शुरू हो गया और अब हिंसक हो उठा है। नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग जिस तरह एक राजनीतिक हथियार बन गई है, उसमें हमेशा आशंका बनी रहती है कि कब कहां कोई नया समुदाय ऐसी मांग लेकर आंदोलन पर उतर आए। हरियाणा में जाट, गुजरात में पटेल और राजस्थान में गुर्जर समुदाय ऐसे आरक्षण की मांग लेकर अनेक बार सरकारों पर दबाव बनाने का प्रयास कर चुके हैं।

हालांकि हर राजनीतिक दल को पता है कि आरक्षण को लेकर कुछ संवैधानिक बाध्यताएं हैं, फिर भी वे अपने जनाधार का समीकरण साधने के मकसद से इसे हवा देते रहते हैं। महाराष्ट्र में भी मराठा समुदाय ऐसे ही आश्वासनों पर उम्मीद लगाए बैठा था। हालांकि महाराष्ट्र की राजनीति में मराठा समुदाय का प्रभाव अधिक है, मगर आरक्षण के मसले पर कोई व्यावहारिक रास्ता नहीं निकाला जा सका। अब मुश्किल यह है कि मौजूदा सरकार कैसे ओबीसी और मराठा दोनों को संतुष्ट करे।

# कब सुधरेगें सीवर सफाई कर्मियों के हालात



रमेश सर्राफ धमोरा

देश में सीवर की सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गत दिनो केन्द्र व सभी राज्य सरकारों को निर्देशित किया है कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि सीवर की सफाई के दौरान स्थायी दिव्यांगता का शिकार होने वालों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। पीठ ने कहा केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो जाए।

फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति भट ने कहा कि यदि सफाईकर्मी अन्य दिव्यांगता से ग्रस्त है तो अधिकारियों को उसे 10 लाख रुपये तक का भुगतान करना होगा। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कई निर्देश जारी भी किए। पीठ ने निर्देश दिया कि सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों और इसके अलावा उच्च न्यायालयों को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से न रोका जाए। कोर्ट का यह फैसला एक जनहित याचिका पर आया है।

प्रतिबंध के बावजूद आज भी भारत में गंदी नालियों और सेप्टिक टैंकों की सफाई इंसानों द्वारा हाथों से की जाती है। सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि पिछले पांच सालों में इस तरह की सफाई करने के दौरान 347 लोगों की मौत हो गई। लोक सभा में सामाजिक न्याय मंत्रालय से पूछे गए एक सवाल के जवाब में मंत्रालय ने माना है कि भारत में इंसानों से गंदे नालों और सेप्टिक टैंकों को साफ करवाने की प्रथा अभी भी जारी है और इसमें सैकड़ों लोगों की जान जा रही है। मंत्रालय ने बताया कि इस खतरनाक काम को करने के दौरान 2017 में 92, 2018 में 67, 2019 में 116, 2020 में 19, 2021 में 36 और 2022 में 17 सफाई कर्मियों की जान जा चुकी है।

देश के 18 राज्यों के आंकड़े मंत्रालय के पास हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक इन पांच सालों में इस तरह की सफाई के दौरान सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 51 लोग मारे गए। उसके बाद तमिलनाडु में 48 लोग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 44 लोग, हरियाणा में 38 लोग, महाराष्ट्र में 34 लोग और गुजरात में 28 लोग मारे गए हैं। लेकिन लोगों का कहना है कि सीवर में मरने वालों की संख्या सरकारी आंकड़ो से कई गुना अधिक है।

इस प्रथा को बंद करने की मांग करने वाले लोगों का कहना है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में आज भी गंदे नालों और सेप्टिक टैंकों की सफाई इंसानों से करवाई जाती है। सीवर सफाई के दौरान हादसों में मजदूरों की दर्दनाक मौतों की खबरें आती रहती हैं। अधिकांश जगह आज भी मजदूर सीवर की बिना मास्क, ग्लब्स और सुरक्षा उपकरणों के सफाई करते हैं।

सीवर की सफाई करने वालों की मौत होने के साथ ही उन पर निर्भर परिवार भी बेसहारा हो जाता है। परिवार की आमदनी का जरिया अचानक से बंद हो जाता है। देश में जाम सीवर की मरम्मत करने के दौरान प्रतिवर्ष दम घुटने से काफी लोग मारे जाते हैं। इससे पता चलता है कि हमारी गंदगी साफ करने वाले हमारे ही जैसे इंसानों की जान कितनी सस्ती है। सीवर सफाई के काम में लगे लोगों को सामाजिक उपेक्षा का भी सामना करना पड़ता है।



देश में पिछले एक वर्ष में सीवर की सफाई करने के दौरान 200 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। इस अमानवीय त्रासदी में मरने वाले अधिकांश लोग असंगठित दैनिक मजदूर होते हैं। इस कारण इनके मरने पर कहीं विरोध दर्ज नहीं होता है। देश में करीबन 27 लाख सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। जिसमें से 20 लाख ठेके पर काम करते हैं। एक सफाईकर्मी की औसतन कमाई 7 से 10 हजार रुपये प्रति माह तक होती है। गंदगी में काम करने से आधे से अधिक सफाई कर्मी तो कई बिमारियों से पीड़ित हो जाते हैं। इस कारण अधिकांश गटर साफ करने वाले लोगों की कम उम्र में ही मौत हो जाती है। गटर साफ करने वाले लोगों के लिये बीमा की भी कोई सुविधा नहीं होती है।

आमतौर पर सीवर में उतरने से पहले सफाईकर्मी शराब पीते है। शराब पीने के बाद शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। तभी सीवर में उतरते ही इनका दम घुटने लगता है। सफाई का काम करने के बाद उन्हें नहाने के लिए साबुन, नहाने तथा पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी भी कार्यकारी एजेंसी की होती है। इसके बावजूद ये उपकरण और सुविधाएं इनको अभी तक नहीं मिल पा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने इससे पूर्व भी कई बार सीवर में होने वाली मौतों पर चिंता जताने के साथ ही सख्त टिप्पाणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि देश में आज भी जाति के आधार पर भेदभाव किया जाता है। मनुष्य के साथ मनुष्य द्वारा इस तरह का व्यवहार किया जाना सबसे अधिक अमानवीय आचरण है। इन परिस्थितियों में बदलाव होना चाहिए। दुनिया के किसी भी देश में लोगों को इस तरह के गैस चैम्बरों में मरने के लिये नहीं भेजा जाता है। कोर्ट ने कहा था कि संविधान में प्रावधान है कि सभी मनुष्य समान हैं। लेकिन सम्बधित उन्हें समान सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाते हैं।

कोर्ट के निर्देशों के अनुसार सीवर की सफाई करने वाली एजेंसी के पास सीवर लाईन के नक्शे, उसकी गहराई से सम्बंधित आंकड़े होना चाहिए। सीवर सफाई के काम में लगे लोगों की नियमित स्वास्थ्य की जांच, नियमित प्रशिक्षण देने के नियम का पालन होता कहीं नहीं दिखता है। सभी सरकारी दिशा-निर्देशों में दर्ज हैं कि सीवर सफाई करने वालों को गैस -टेस्टर, गंदी हवा को बाहर फेंकन के लिए ब्लोअर, टॉर्च, दस्ताने, चश्मा और कान को ढंकन का कैप, हैलमेट मुहैया करवाना आवश्यक है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी इस बारे में कड़े आदेश जारी कर चुका है। इसके बावजूद ये उपकरण और सुविधाएं गायब है। सीवर लाइनों की लंबाई तो हर दिन बढ़ रही है। वहीं सफाई करने वालों की संख्या में कमी की जा रही है।

मैनुअल स्केवेंजर्स का रोजगार और शुष्क शौचालय का निर्माण (निषेध) अधिनियम के तहत भारत में हाथ से मैला ढोने की प्रथा को 2013 में ही प्रतिबंधित कर दिया गया था। लेकिन इस कानून में कुछ शर्तों के साथ गंदे नालों और सेप्टिक टैंकों की इंसानों द्वारा सफाई कराने की इजाजत है। इन शर्तों के तहत सफाई के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल अनिवार्य है। लेकिन अक्सर नियमों का पालन नहीं किया जाता है।

राजस्थान में सीकर जिले के फतेहपुर में सीवरेज की खुदाई के दौरान हुई तीन मजदूरों की मौत के मामले में अपर जिला न्यायाधीश ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुये कंपनी के इंजीनियर सहित तीन लोगों को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुये दस-दस साल के कारावास की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने माना कि काम कर रहे मजदूरों के लिए सुरक्षा का इंतजाम करना कम्पनी की जिम्मेदारी थी। उस दिन कम्पनी की ओर से सीवरेज का काम किया जा रहा था। वहां सुरक्षा संबंधी पर्याय उपाय नहीं करने के कारण तीन मजदूरों को जान गंवानी पड़ी थी।

हाथों से सीवर की सफाई करने के कार्य को देश में प्रतिबंधित किये जाने के उपरान्त भी किया जा रहा है। देश की सर्वोच्च अदालत ने सीवर की सफाई करने वालों की सुध लेते हुये केन्द्र व राज्य सरकारों की जमकर खिंचाई तो की है। मगर कोर्ट के निर्देशों का सरकारों पर कितना असर होता है। इसका पता तो आने वाले समय में ही चल पायेगा। बहरहाल आज भी सीवर में सफाई कर्मियों के मरने का सिलसिला लगातार जारी है।

## धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद लोकतंत्र के लिए विनाशकारी

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैद्य स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया हैद्य देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।

आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं।

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है।

कत्ल हुआ इस तरह हमारा किश्तों में ,
कभी खँजर बदल गये कभी कातिल ।

शामिल था मै किश्तों में तेरी जिंदगी में,
कभी मुझे ख़ारिज किया कभी शामिल।

बड़े दिनों बाद रौशनी लौटी है शहर में,
आज पकड़ा गया है यारों मेरा कातिल।

लहरे थक गई है,सागर में मचलते हुए,
तलाशती है वो भी कहीं कोई शाहिल।

मेरे क़त्ल का इल्जाम न लगाना उस पर,
वो तो सिर्फ बेवफाई के जुर्म में है शामिल।

क़त्ल की आरजू भी,इल्तजा भी मेरी ही थी,
बेहद मासूम है,भला कैसे होगा वो कातिल।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# भारतीय सेना की ताकत बन रहें मेक इन इंडिया निर्मित हथियार

## लद्दाख और गलवान में चीनी सीमा पर अत्याधुनिक हथियारों से लैस हुई भारतीय फौज



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

भारत की ओर हमेशा आंखे तरेरने वाले चीन और पाकिस्तान को युद्ध में तबाह करने के लिए भारतीय सेना अब पूरी तरह से तैयार हो गई है। चीन की सीमा पर तैनात भारतीय सेना के पास अब चीन की तुलना में भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार, गोला बारूद और टैंक उपलब्ध हैं। दरअसल मौजूदा समय में भारत की सेना चीन से मुकाबला करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों मसलन रायफल, ड्रोन, टैंक, बुलेटप्रुफ जैकेट सहित बख्तरबंद गाड़ियों से पूरी तरह से सुसज्जित हो चुकी है। ऐसे में जहां पहले युद्ध के दौरान चीन की सीमा पर पहुंचने में भारत के सैनिकों को काफी ज्यादा वक्त लग जाता था। वहीं अब भारत में ही निर्मित आधुनिक बीएमपी वाहनों और अत्याधुनिक जीपों की मदद से भारतीय सेना के जवान बहुत ही कम समय में युद्ध क्षेत्र में पहुंचकर अपना मोर्चा संभाल सकते हैं। इसके अलावा भारत की वायु सेना के पास भी चीन की तरह ऐसे नए अत्याधुनिक हेलीकाप्टर भी उपलब्ध हो गए हैं। ये हेलीकॉप्टर युद्ध के समय सेना के जवानों पास तक अन्य जरूरी सामानों मसलन हथियार, गोला बारूद या फिर सेना के जवानों के लिए खाने पीने का सामान को भी कम समय में पहुंचा सकते हैं। भारतीय सेना के ये अत्याधुनिक हेलीकाप्टर बहुत ही कम समय में युद्ध क्षेत्र के बीच पहुंचने में सक्षम हैं। दरअसल इस लेख में आज हम इसी बात की समीक्षा करेंगें कि, बीते लगभग एक दशक में भारत की तीनों सेनाओं में मेक इन इंडिया के तहत निर्मित कौन कौन से अत्याधुनिक नए हथियार व तकनीकियां शामिल हुई हैं। इसके अलावा सेना को इन नए हथियारों और तकनीकियों के मिलने के बाद क्या-क्या लाभ होंगें।

### भारतीय थल सेना को मिले टी-90 और टी-72 टैंक

भारतीय थल सेना के पास पहले से ही जहां टैंक और तोपों की भरमार थी। लेकिन अब उसमें दो और शक्तिशाली टैंकों का जखीरा भी शामिल हो गया है। दरअसल हम बात कर रहें हैं स्वदेशी निर्मित टी-90 और टी-72 टैंकों की जो कि हाल ही में भारतीय थल सेना के बेड़े में शामिल हुएं हैं। यहां बता देना जरूरी है कि यह दोनों टैंक पूरी तरह से मेक इंन इंडिया के तहत भारत में ही निर्मित किए गए हैं। इसके अलावा यह दोनों टैंक दुश्मनों और उनके बंकरों को उड़ाने और उनकी पूरी फौज को एक ही बार में रौंद डालने की क्षमता रखतें हैं। नतीजतन अब भारत की सेना के सामने चाहे चीनी सेना हो या पाकिस्तानी फौज, टी-90 और टी-72 टैंके दुश्मन देशों की फौज को मिट्टी में मिला देने की पूरी कूबत रखते हैं। इसके अलावा भारतीय थल सेना के बेड़े में हाल ही में शामिल हुए इन दोनों टैंकों की एक विशेषता यह भी है कि, यह युद्ध के दौरान बीच में पड़ने वाली नदी, नालों को सहजता पूर्वक पार कर सकती हैं। इस लिहाज से टी-90 और टी-72 टैंके मैदानी क्षेत्रों के अलावा नदी के पानी व कीचड़ युक्त रास्तों पर भी आसानी से चल सकती हैं। नतीजतन इन टैंकों के मिलने से अब युद्ध के मोर्चे तक टैंको को पहुचनें मे ज्यादा देर नहीं लगेगी।

### अत्याधुनिक धनुष तोप के मिलने से भारतीय सेना की बढ़ेगी ताकत

भारतीय सेना को हाल ही में पूरी तरह से स्वदेशी निर्मित अत्याधुनिक धनुष तोपें प्रदान की गई हैं। मेक इन इंडिया के तहत पूरी तरह से देश में निर्मित इन धनुष तोपों की यह विशेषता है कि, यह तकरीबन 4800 किलोमीटर की रेंज के टारगेट तक सटीक फायर कर सकती हैं। इसके अलावा धनुष तोपों की दूसरी बड़ी विशेषता यह है कि ,यह समुद्र तल से लगभग 15000 फीट की उंचाई पर और माईनस तीन डिग्री के तापमान में भी बिना किसी बाधा के संचालित हो सकतीं हैं। ऐसे में इन अत्याधुनिक तोपों के मिलने से कहीं ना कहीं भारतीय सेना, चीन या पाकिस्तान की सेना के मुकाबले ज्यादा मजबूत हुई है। यहा आपकों बता दें कि धनुष तोपों को निर्माण मध्य प्रदेश के जबलपुर की एक कंपनी में ही किया गया है।

### स्वदेशी निर्मित बीएमपी वाहनों की मदद से युद्ध क्षेत्र में जल्दी पहुंच सकेंगें जवान

देश की सेना को हाल ही में स्वदेशी निर्मित अत्याधुनिक बख्तरबंद बीएमपी वाहन दिए गए हैं। दरअसल बीएमपी वाहन वह वाहन होते हैं, जो युद्ध के दौरान सैनिकों को लेकर युद्ध क्षेत्र तक ले जाते हैं। बीएमपी वाहनों को इस तरीके के से डिजाईन किया गया है कि, इस यदि इस पर दुश्मनों के द्वारा गोले भी दागे जाए तो भी यह पूरी तरह से सुरक्षित रहेगा। इसके अलावा बीएमपी वाहनों पर बम फेके जाने पर या गोलियां दागे जाने पर भी इसके अंदर बैठे सभी जवान पूरी तरह से सुरक्षित रहेंगें। नतीजतन इन अत्याधुनिक बीएमपी वाहनों के भारतीय थल सेना के मिल जाने के बाद से सैनिकों को युद्ध के मैदान में पहुंचने के दौरान कोई खतरा नहीं होगा।

### मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही बनेंगीं सबमरीन पनडुब्बियां

भारत मौजूदा समय में न्यूक्लियर सबमरीन पनडुब्बियों का निर्माण खुद ही कर रहा है। अब इसी कड़ी में भारत एक कदम और आगे बढ़ गया है। दरअसल अब भारत में मेक इन इंडिया के तहत देश के अंदर ही डीजल सबमरीन पनडुब्बियों का भी निर्माण किया जाएगा। गौरतलब हो कि हाल ही में फ्रांस के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रॉन के बीच रक्षा सौदे पर सहमति बन चुकी है।

दोनों देशों के बीच हुए इस रक्षा सौदे के मुताबिक अब फ्रांस भारत को डीजल सबमरीन पनडुब्बियों के निर्माण की तकनीकि प्रदान करेगा। जिसके बाद उसी टेक्नालॉजी के सहारे भारत इन पनडुब्बियों का निर्माण खुद अपने देश में ही शुरू कर सकेगा। ऐसें में कहीं ना कहीं भारत भी अब मैनुफैक्चरिंग की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। इस लिहाज से आने वाले समय में भारत विश्व की सुपर पॉवर बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ सकता है।

### भारत अब अपने डिफेंस कॉरिडोर में खुद बनाएगा सेना के रक्षा उपकरण

भारत में मेक इन इंडिया के तहत सेना के हथियार व अन्य उपकरण अब ज्यादा से ज्यादा भारत में ही बनेंगें। दरअसल भारत में केंद्र सरकार की ओर से दो राज्यों उत्तर प्रदेश और तमिलनाडू में डिफेंस कॉरिडोर बनाए जा रहें हैं। इन दोनों राज्यों कें डिफेंस कॉरीडोर में देश की तीनों सेनाओं के लिए विभिन्न तरह के रक्षा उपकरण का निर्माण व उत्पादन किया जाएगा। यहां बता दें कि इन दोनों डिफेंस कॉरीडोर में जो भी रक्षा उपकरण बनाए जाएंगें उनमें मुख्य रूप से थल सेना के इस्तेमाल के लिए अत्याधुनिक रायफलें, ब्रहमोस मिसाईलें, ड्रोन कैमरा, हवाई जहाज, एअरफोर्स के लिए हेलीकॉप्टर, बुलेट प्रुफ जैकेट और गोला बारूद का निर्माण शामिल है। नतीजतन आने वाले समय में भारत दुनिया भर में हथियारों का सबसे बड़े निर्यातक देशों की सूची में शुमार हो जाएगा, इसमें तनिक भी संदेह की बात नहीं है।

## शार्ट न्यूज

### बस्ती में 13 ठेकेदारों की फर्म ब्लैक लिस्ट

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में निर्माण कार्यो मे अनियमित्ता बरतने वाले 13 ठेकेदारों को चिन्हित करके बुधवार को उनकी फर्मों को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने उनके फर्मों को ब्लैक लिस्ट करने का निर्देश प्रदान किया है। आधिकारिक सूत्रो ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि जिलाधिकारी अन्द्रावामसी के निर्देश पर निर्माण सहित अन्य कार्यो मे लापवाही बरतने के मामले मे मेसर्स गोविन्द माधव,जर्नादन पाठक खरहटिया, मेसर्स शिव कान्स्ट्रक्शन, महेन्द्र प्रताप सिंह कटरा, मेसर्स एटी कान्स्ट्रक्शन, शिव शक्ति कम्पनी, मेसर्स चैधरी कान्स्ट्रक्शन, मेसर्स तारा कान्स्ट्रक्शन,मेसर्स शिक्षा शक्ति,प्रेमसागर गुप्ता गौरा,जय प्रकाश,सतेन्द्र बहादुर सिंह,मेसर्स संजय सिंह को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किये हैं।

### पुलिस ने 15 हजार के इनामी को किया गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के फूलपुर थाने की पुलिस ने 15 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बैदुल्ला उर्फ बरतुल्लाह उर्फ राजू के कब्जे से चोरी की बोलेरो भी बरामद हुई है। आरोपी पर पूर्व में गैंगेस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। जिले के एसपी अनुराग आर्य ने आरोपी पर 15 हजार का इनाम घोषित किया था। गैंगेस्टर के तहत 4 आरोपियों पर कार्रवाई की गई थी। इनमें तबरेज, कलीम, इब्राहिम उर्फ बरतुल्लाह और अब्दुल्ला प्रमुख हैं। 11 सितंबर को पीड़ित उदय राजपूत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। आरोपी बैदुल्ला जिले का गैंग लीडर है। आरोपी की तलाश की जा रही थी। फूलपुर थाने के प्रभारी गजानंद चौबे ने बताया, आरोपी के खिलाफ आजमगढ़ के साथ अन्य दूसरे जिलों में कुल 24 स्नढ्ढक्रदर्ज हैं। आरोपी की काफी समय से तलाश की जा रही थी। आरोपी के बारे में सूचना मिली की आरोपी को जनता ने चोर समझ कर पकड़ रखा है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी की पहचान हुई। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने अवैध असलहा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

महोबा। महोबा में जीरो टॉलरेंस के तहत अपराध की रोकथाम में शहर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। गांव के बाहर संचालित हो रही अवैध असलहा फैक्ट्री पर पुलिस ने छापेमारी की। फैक्ट्री का संचालन करने वाले दो शातिर लोगों को धर दबोचा। पुलिस ने मौके से बने, अधबने तमंचे कारतूस और शस्त्र बनाने के उपकरण बड़ी मात्रा में बरामद कर लिए हैं। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है। महोबा जनपद की पुलिस अपराधों की रोकथाम को लेकर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश में काम कर रही है। इसी दिशा में महोबा शहर कोतवाली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। बताया जाता है कि शहर कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के दिसरापुर गांव के बाहर एक खेत में झोपड़ी बनाकर अवैध असलहा फैक्ट्री संचालित हो रही है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने तत्काल धरपकड़ के निर्देश दिए थे, जिसको लेकर शहर कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह और उनके हमराहियों ने मौके पर पहुंच कर घरबंदी कर ली। इस दौरान दोनोंआरोपियों ने भागने का प्रयास किया, मगर पुलिस सख्ती से नाकामयाब हो गए। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों उदल यादव और नंदराम विश्कर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

### दोस्त ने क्रिप्टो करेंसी के नाम पर की ठगी

**लखनऊ।** लखनऊ में एक ठग ने कैंसर पीड़ित दोस्त को मरते समय अपना शिकार बना डाला। उसने उसकी पत्नी को नौ लाख रुपए क्रिप्टो करेंसी में लगाकर नौ करोड़ रुपए वापस करने का लालच दिया। कैंसर पीड़ित दोस्त की मौत के बाद परिजनों से रिश्ता तोड़ लिया। पीड़ित परिवार के पैसा मांगने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर उपेंद्र अग्रवाल के आदेश पर बीबीडी थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बीबीडी भैसोरा निवासी फूल कुमारी का कहना है, हमारे परिचित आशीष सिंह सिसोदिया का घर आना जाना था। पति का कैंसर का इलाज कराने के लिए घर बेच कर 23 लाख रुपए इकट्ठा किए थे। आशीष सिंह ने बताया कि सेजी पावर डाट काम पर 9. 40 लाख रुपए के निवेश पर एक साल में 9 करोड़ रुपए का मुनाफा मिलेगा। उनके कहने पर एक आईडी खुलवाकर जुलाई 2022 को पांच हजार, अगस्त 2022 को 25 हजार और सितंबर 2022 को 90 हजार रुपए फोन-पे के माध्यम से निवेश कराए। साथ ही खाते से 6 लाख रुपए नकद लिया। आशीष ने अपनी कंपनी जी पावर टेक्नोलॉजी का भारत की क्रिप्टो करेंसी का लाइसेंस धारक बताने से उसकी बातों में आ गई। पति शिवराम वर्मा की 10 अक्टूबर को मौत हो गई। जिसके बाद आशीष से संपर्क किया तो फोन उठाना बंद कर दिया। साथ ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

### चकबंदी अधिकारी, बलिया समेत चार सस्पेंड

लखनऊ। चकबन्दी आयुक्त, जी.एस. नवीन कुमार द्वारा ग्राम सरसेना, परगना चिरैयाकोट तहसील मोहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ के शिकायती प्रार्थना पत्र पर ग्राम के अन्तिम अभिलेख में की गयी अनियमितताओं की जांच निदेशालय स्तर से गठित समिति द्वारा करायी गयी। समिति के जांच आख्या में यह तथ्य प्रकाश में आया कि तत्कालीन चकबन्दी अधिकारी द्वारा आदेश दिनांक 30.06.2016 पारित करके खेल कूद के मैदान के लिए भूमि सुरक्षित कर खातेदारों को अनुचित लाभ पहुँचाया गया तथा यह आरक्षण बिना चकबन्दी समिति के प्रस्ताव के ही तथा बिना ग्राम सभा को नोटिस दिये पारित किया गया। चकबंदी आयुक्त ने कुमार ने बताया कि तत्कालीन चकबन्दी अधिकारी जगदीश कुमार सम्प्रति चकबन्दी अधिकारी बलिया को निलम्बित करते हुये उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। साथ ही ग्राम के अन्तिम भूचित्र में गाटा संख्या-1278, 1275 व 1279 की आकृत कूटरचित तरीके से त्रुटिपूर्ण ढंग से बना के शिकायतकर्ता को क्षति कारित करने तथा अन्य खातेदारों को अनुचित लाभ पहुचाने के दोषी तत्कालीन चकबन्दीकर्ता, इन्द्रजीत यादव सम्प्रति चकबन्दीकर्ता सन्तकबीरनगर तथा प्रमोद कुमार पाण्डेय व यशवन्त सिंह, चकबन्दी लेखपालगण को निलम्बित करते हुये उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने व प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने साथ ही अन्तिम अभिलेख / भूचित्र में की गयी त्रुटि को दुरूस्त करने के लिए जिलाधिकारी / जिला उप संचालक चकबन्दी से अनुरोध किया गया।

### काठ बाजार में आगजनी के बाद धरने पर व्यापारी

फिरोजाबाद। फ़िरोज़ाबाद में अग्निकांड के पीड़ित काठ बाजार के कारोबारी इस बार पक्की दुकानों से कम पर मानने को तैयार नहीं हैं। पक्की दुकानों एवं मुआवजे की मांग को काठ कारोबारियों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। दिन भर धरनास्थल पर समर्थन देने पहुंचने वालों का तांता लगा रहा। वहीं काठ कारोबारियों द्वारा आग के नुकसान का मुआवजा भी मांगा जा रहा है। रविवार तड़के काठ बाजार में लगी आग से यहां पर 56 दुकानें जलकर राख हो गईं। करोड़ों के नुकसान में एक-एक कारोबारी को दो से दस लाख रुपये का नुकसान हुआ। कुछ बड़े दुकानदारों को 15 से 17 लाख रुपये का नुकसान अग्निकांड से पहुंचा। दीपोत्सव एवं सहालग के त्योहार पर अग्निकांड से तबाह हुए कारोबारी इस बार पक्की दुकानों की मांग पर अड़ गए हैं। दुकानें पक्की बनवाने की मांग को लेकर सोमवार को धरने पर बैठे काठ कारोबारियों का धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। सुबह सात बजे से धरने पर बैठे कारोबारियों का कहना था कि बार-बार अग्निकांड से दुकानदारों का बड़ा नुकसान होता है। उन्होंने आग से तबाह हुई दुकानों को पक्का कराने की मांग करते हुए कहा कि इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। हर बार काठ कारोबारी ही आग की विभीषिका झेलते हैं। पीड़ितों का कहना था कि उनका आग में काफी नुकसान हुआ है। काठ कारोबारियों द्वारा किए जा रहे आंदोलन के समर्थन में बाजार के अन्य दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें बंद रखी हैं। दुकानदार धरना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित कारोबारियों के साथ में खड़े दिखाई दे रहे हैं। इधर भाकियू (भानु) ने भी कारोबारियों द्वारा किए जा रहे आंदोलन का समर्थन किया है।

# जागरूकता और कार्रवाई के जरिए पराली जलाने की घटनाओं में कमी ला रही योगी सरकार

## प्रदेश के किसानों को जागरूक करने के लिए सरकार चला रही अभियान

लखनऊ। पराली जलाने की घटनाओं में कमी लाने के लिए योगी सरकार निरंतर जागरूक कर रही है। फिर भी न मानने वालों पर सख्ती कर जुर्माना आदि की कार्रवाई की जा रही है। इससे चलते साल दर साल पराली जलाने की घटनाओं में कमी आ रही है। सख्ती का ही असर है कि किसानों के फसल जलने की घटनाओं में भी कमी दर्ज की गई है। वहीं एनसीआर के कई जनपदों में भी लोग जागरूक हुए हैं। सरकार की कोशिश है कि पराली जलाने की घटनाओं में काफी हद तक कमी आ जाए।



### 2022 में पराली जलाने की 3017 घटनाएं हुई थीं, 2023 में अब तक 906

फसल अवशेष प्रबंधन पर सरकार का काफी जोर है। यदि पराली जलाने की घटनाओं से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालें तो 2022 में इससे जुड़े 3017 मामले सामने आए थे। योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान व सख्ती से 2023 के 10 महीने में महज 906 मामले ही सामने आए। आंकड़ों पर नजर डालें तो पराली जलाने के 2017 में 8784, 2018 में 6623, 2019 में 4230, 2020 में 4659, 2021 में 4242 मामले प्रकाश में आए थे। योगी सरकार के सख्त रवैये से निरंतर पराली जलाने के मामलों में कमी दर्ज की जा रही है।

### फसल जलने की घटनाओं में भी दर्ज की गई कमी

पराली के कारण फसल जलने की घटनाओं में भी काफी कमी आई है। 30 अक्टूबर तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2020 में 1132 स्थानों पर ऐसी घटनाएं हुई थीं। 2021 में यह घटकर 890 हुई तो 30 अक्टूबर 2023 में 748 मामले ही प्रकाश में आए। पीलीभीत में 30 अक्टूबर 2022 तक जहां 98 प्रकरण आए थे, वहीं 84 प्रकरण 2023 में अब तक आए हैं। इस क्रम में शाहजहांपुर के लोगों ने काफी प्रयास किया। वहां 2022 में 223 मामले प्रकाश में थे, जो इस वर्ष तक अभी 48 ही सामने आए हैं।

पराली जलाने से रोकने में एनसीआर के जिलों में भी जागरूकता आई है। शामली में 30 अक्टूबर 2022 तक छह स्थानों पर ऐसी घटनाएं सुनाई दी थीं तो 2023 में 5, मेरठ में 4 के मुकाबले 3, बुलंदशहर में 7 के मुकाबले 6 और बागपत में दो के सापेक्ष एक घटनाएं प्रकाश में आईं। वहीं हापुड़ में पिछले वर्ष दो मामले प्रकाश में आए थे। इस वर्ष जागरूकता के कारण अब तक एक भी घटना नहीं हुई।

फसलों के अवशेष जलाने से रोकने के लिए योगी सरकार आई0ई0सी0 कार्यक्रमों के माध्यम से प्रचार प्रसार कर रही है। जागरूकता कार्यक्रम, कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम व प्रचार-प्रसार से इस पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है। बायोडिकम्पोजर की आपूर्ति एवं कृषकों में नि:शुल्क वितरण के साथ ही फसल अवशेष प्रबन्धन के एकल कृषि यंत्र एवं फार्म मशीनरी बैंक अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों का वितरण किया जा रहा है।

# रामायण के सातों अध्यायों पर आधारित झांकियां निकलेगा पर्यटन विभाग

**अयोध्या की पंचकोसी, 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित मठ मंदिरों व सामाजिक स्थलों पर सात लाख दीपक जलाएगा विभाग**

अयोध्या। श्रीराम की नगरी में सातवें दीपोत्सव को लेकर सरकारी विभाग अपनी-अपनी ओर से अलग-अलग तैयारी करने में लगे हैं। पर्यटन विभाग भी सातवें दीपोत्सव को एक नए कीर्तिमान के रूप में स्थापित करने के लिए अपने ढंग से तैयारी कर रहा है। दीपोत्सव में पर्यटन विभाग की ओर से झांकियां निकाली जाएंगी जाएगी, जो रामायण के सातों अध्यायों (कांड) पर आधारित होंगी। इसके अलावा पंचकोसी,14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित मठ मंदिरों व सामाजिक स्थलों पर पर्यटन विभाग सात लाख दिए जलाएगा।

### पर्यटन विभाग की ओर से निकाली जाएंगी कुल आठ झांकियां

पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव पर कुल आठ झांकियां निकाली जाएगी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि तुलसीकृत राम चरित मानस के सात अध्याय बाल काण्ड, अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड, सुन्दर काण्ड, किष्किंधा काण्ड, लंका काण्ड व उत्तर काण्ड पर आधारित सात झांकियां होंगी, इसके अलावा एक राम रथ की झांकी निकाली जाएगी। ये झांकियां साकेत महाविद्यालय से प्रारंभ होकर नया घाट तक जाएंगी। झांकियों को सजाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### दीपोत्सव पर सात लाख दीपक जलाएगा पर्यटन विभाग

दीपोत्सव में 24 लाख दीपक जलाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पर्यटन विभाग सात लाख दीपक जलाकर सहयोग करेगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया अयोध्या की पंचकोसी, 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित सभी मठ मंदिरों एवं सामाजिक स्थलों पर पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव पर दिए जलाने की व्यवस्था की जा रही है। योगी सरकार इस बार का दीपोत्सव एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस कीर्तिमान को पूरा करने के लिए पर्यटन विभाग भी पूरी ताकत लगा रहा है।

# महोबा : पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी

महोबा। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में पुलिस के असलहे छीन कर भाग रहे बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। गोलीबारी में दो बदमाश घायल हुए है जबकि तीन पुलिस कर्मियों को भी हल्की चोट आई है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने बताया कि सोमवार को पनवाड़ी क्षेत्र के नकरा गांव में हुए बवाल के आरोपी पांच अभियुक्तों को पुलिस ने मंगलवार देर शाम गिरफ्तार किया था, जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था। आरोप है कि रास्ते मे दो आरोपियों ने पुलिस जवानों की सरकारी रायफल छीनकर भागने की कोशिश की, जिन्हें हल्की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली में आरोपी दर्शन सिंह व मोनू के पैर जख्मी हुए है, जिन्हें जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बदमाशों के साथ हुई इस मुठभेड़ में पुलिस के एक दरोगा ओर दो सिपाहियों को भी हल्की चोट आई है। जिन्हें चिकित्सको द्वारा प्राथमिक उपचार प्रदान करके विदा कर दिया गया। घटना की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए है। मालूम रहे कि पनवाड़ी के नकरा गांव में सोमवार को परिवहन निगम की बस द्वारा एक मासूम बालक को कुचल कर मोत की नींद सुला दिया गया था।

### किसान कमेरा सम्मेलन को संबोधित करेंगे जयंत चौधरी

लखनऊ । अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले किसानो के बीच अपनी पैठ को और मजबूत करने के इरादे से राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) छह नवंबर को संभल में किसान कमेरा सम्मेलन का आयोजन करेगी जिसमें पार्टी अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह शामिल होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बुधवार को बताया कि संभल में होने वाला किसान कमेरा सम्मेलन हजरत नगर गढ़ी के रामलीला मैदान में सुबह 11 बजे शुरू होगा। दुबे ने बताया कि सम्मेलन की सफलता के लिए पार्टी की जिला इकाई द्वारा जोर शोर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। सम्मेलन में किसानों की समस्याओं पर व्यापक स्तर पर चर्चा की जायेगी।

# जैविक जिले हमीरपुर में रासायनिक उर्वरकों का बेतहाशा इस्तेमाल

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर के जैविक जिला घोषित होने के बाद भी भूमि में रासायनिक उर्वरकों का बेतहाशा प्रयोग किया जा रहा है।

पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष जिले में करीब छह हजार एमटी अधिक रासायनिक उर्वरक डाली जाने से हतप्रभ लखनऊ से आयी कृषि विभाग की तीन सदस्यीय जांच कमेटी तीन बार जांच कर चुकी है। एक हजार एमटी रासायनिक उर्वरक की मांग और की गयी है।

जिला सहकारिता विभाग के सहायक निबंधक(एआर) हरेंद्र सिंह ने बुधवार को बताया कि जिले को पांच साल पहले जैविक जिला घोषित किया जा चुका है। जिले में दो साल से प्राकृतिक खेती में भी शासन हर साल लाखो



रुपये खर्च कर रहा है मगर किसानों की रुचि लगातार रासायनिक उर्वरकों के प्रति बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष जिले में रवी फसल में डीएपी उर्वरक 4452 एमटी वयूरिया 4815 एमटी उर्वरक की बिक्री केवल सहकारिता विभाग से हुई थी। इस प्रकार कुल 9,267 एमटी उर्वरक की जिले में किसानों द्वारा खपत की गयी थी। इस वर्ष डीएपी व यूरिया उर्वरक मिलाकर15,755 एमटी की बिक्री हो चुकी है। सहकारिता ने एक हजार एमटी उर्वरक की मांग और की है ताकि किसान खाद को लेकर धरना प्रदर्शन न करे। जिले में दस सालों से किसान रासायनिक उर्वरकों में बेतहाशा वृद्धि करता जा रहा है। जिससे शासन बेहद चिंतित है। भूमि के बंजर होने के मौके बढ़ते जा रहे है। शासन का मानना था कि बुन्देलखंड में जैविक उत्पाद कर किसानों को इसका उचित मूल्य दिलाया जायेगा ताकि किसानों की आय में वृद्दि होगी मगर किसानों ने शासन की मंशा में पूरी तरह पानी फेर दिया है।

कृषि विभाग के उपनिदेशक हरीशंकर भार्गव ने बताया कि खेती में ज्यादा उर्वरक डालने से भूमि बंजर होने का खतरा रहता है।

# बायोगैस प्लांट में रिसाव से पांच बेहोश, एक की मौत

बरेली। बरेली में बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम भोजपुर रामनाथ में प्राइवेट एक बायोगैस प्लांट में गैस रिसाव हो गया है और इसमें पांच मजदूर बेहोश हो गए है। उपचार के दौरान बिहार निवासी एक मजदूर की मौत हो गई।

उपजिलाधिकारी सदर रतनिका श्रीवास्तव ने घटनास्थल का दौरा किया और वापस आने के बाद बताया कि प्रशासन पूरे मामले की जांच करा रहा है। । उन्होंने बताया कि बरेली में बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के भोजपुर रामनाथ गांव में एक बायोगैस प्लांट है। यहां मंगलवार देर रात गैस रिसाव से पांच मजदूर बेहोश हो गए। सूचना पर थाना



पुलिस मौके पर पहुंच गई। गैस रिसाव के चलते मचे हड़कंप बाद प्लांट मालिक ने मजदूरों को आनन फानन में शहर के एक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान बिहार में जिला वैशाली थाना वैशाली क्षेत्र ग्राम फूलाल निवासी रिशु पुत्र शिव कुमार (20) मौत हो गई। गैस रिसाव से बीमार पड़े अन्य मजदूरों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क कर रही है। सीओ ने थाना पुलिस के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रशासन ने पूरे मामले की जांच कराने को कहा है। बेहोश हुए मजदूर को बेहतर इलाज हेतु आदेश दिए गए है। बिथरी इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

इन मजदूरों का चल रहा इलाज मेडिकल कॉलेज में प्रिंस (22) पुत्र अवधेश गोंड निवासी पिपरिच (गोरखपुर), आसिफ (22) उर्फ आरिफ पुत्र जान मोहम्मद निवासी ग्राम भोजपुर बिथरी चैनपुर, इरशाद (26) पुत्र सुल्तान बेग निवासी भगवतीपुर राजाराम बिथरी चैनपुर, शशिकांत (27) पुत्र पप्पू कुमार निवासी ग्राम बनिया थाना सरैया मुजफ्फरपुर (बिहार) उपचार चल रहा है।

# आतिशबाजी बेचने को लेकर झांसी प्रशासन ने जारी किये दिशा निर्देश

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी जिला प्रशासन ने आगामी दीपावली के मद्देनजर आतिशबाजी विक्रय के लिए लगाये जाने वाले बाजार और आतिशबाजी बिक्री को लेकर अन्य जरूरी दिशा निर्देश बुधवार को जारी किये। प्रभारी अधिकारी शस्त्र सह जिला मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार ने नगर निगम झांसी क्षेत्र अन्तर्गत अस्थायी आतिशबाजी अनुज्ञापी विक्रेताओं को सूचित किया कि आतिशबाजी विक्रय की सभी अस्थायी दुकानें जनसुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये क्षेत्रवार 10 से 12 नवंबर के बीच कुल तीन दिनों के लिये लगायी जायेंगी। शहर की स्थायी व अस्थायी आतिशबाजी की क्राफ्ट मेला ग्राउण्ड (मुक्ताकाशी मंच के दुकानें (पास), सीपरी बाजार की स्थायी व अस्थायी आतिशबाजी की सरस्वती इण्टर कालेज, सीपरी बाजार के दुकानें सामने रिक्त मैदान में, प्रेमनगर एवं पुलिया नं0 09 की स्थायी व अस्थायी सेन्ट ज्यूड्स स्कूल के मैदान में आतिशबाजी की दुकानें, बिजौली क्षेत्र की स्थायी व अस्थायी आतिशबाजी की बिजौली ग्राम सेवर चौराहा के पास रिक्त दुकानें मैदान में लगेंगी।

### महोबा में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला

**महोबा।** महोबा में मंगलवार शाम पुलिस वालों पर अंधाधुंध फायरिंग की गई है। पुलिस कस्टडी में दो आरोपियों ने सिपाही से राइफल छीन ली और गोली चलाने लगे। इस दौरान एक दरोगा और दो सिपाही जख्मी हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों को चारों तरफ से घेरांबदी कर पकड़ लिया है। सोमवार को दरोगा की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पांचों आरोपियों को पुलिस मेडिकल के लिए ले जा रही थी। इसी दौरान दो आरोपियों ने पुलिस कस्टडी में सिपाही से राइफल छीन ली और भागने लगे। कुछ दूर जाने के बाद फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाई। पूरा मामला जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के नकरा गांव के पास का है। आफतपुरा गांव में गोपी अहिरवार चौराहे पर सोमवार को एक्सीडेंट में एक बच्चे की मौत हो गई थी। इस मामले में आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगाकर धरना देना शुरू कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे दरोगा राम अवतार के साथ मारपीट की गई। दरोगा को गांव के दबंगों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पूरे मामले में पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया। इन लोगों का मेडिकल कराने के लिए पुलिस टीम लेकर जा रही थी कि तभी दो आरोपियों ने पुलिस को टॉयलेट जाने की बात कही। पुलिस गाड़ी से उतरते ही दोनों ने सिपाहियों से राइफल छीन ली और भागने लगे। इसके बाद दोनों ने पुलिस वालों पर फायरिंग कर दी। यह देखते ही पुलिस वालों ने दोनों आरोपियों पर जवाबी फायरिंग की। दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं तीन आरोपी पुलिस व्हीकल में ही बैठे रहे।

### विवाहिता का शव फांसी से लटकता मिला

सीतापुर। उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के इमलिया सुल्तानपुर थानाक्षेत्र में बुधवार को एक विवाहिता का शव फांसी पर लटकता मिला। पुलिस ने बताया कि काजी कमालपुर चौकी के गंगापुर गांव में एक विवाहिता गोल्डी (25) का शव फांसी पर सुबह लटकता पाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा । क्षेत्राधिकारी महोली अमन सिंह ने भी मौका मुआयना किया। जब पुलिस मौके पर पहुंचे उस समय ससुराल पक्ष के सभी लोग घर छोड़कर फरार हो गये थे। पुलिस की सूचना पर गोल्डी के मायके वाले मौके पर पहुंचे।

# पुलिस ने पकड़ा नाबालिग लड़कियों की तस्करी करने वाला अंतर्राज्जीय गिरोह

संभल। उत्तर प्रदेश में संभल जिले के बहजोई क्षेत्र में पुलिस ने नाबालिग लड़कियों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्जीय गिरोह पर बुधवार को शिकंजा कसा।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि थाना बहजोई की पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत के कैला देवी चौराहा से नाबालिग लड़कियों की तस्करी करने वाले जिला बदायूं के थाना जरीफनगर के अंतर्गत के ग्राम बस्तोई निवासी कप्तान एवं कप्तान की पत्नी विनीता तथा जिला संभल के थाना जुनावई के अंतर्गत के ग्राम लतीफपुरधीर निवासी रामोतार एवं थाना कैला देवी के



अंतर्गत के ग्राम चंदनभट्टी निवासी श्रीपाल को पकड़ा है। कप्तान व उसकी विनीता, रामोतार के साथ मिलकर दिल्ली से एक नाबालिग लड़कियों को अपने जाल में फंसा कर बहला फुसलाकर ले आए और उसे श्रीपाल को बीस हजार रुपयों में बेच दिया। श्रीपाल उस लड़की को अधेड़ उम्र के या अच्छी रकम देने वाले को बेच देता। पकड़े गए तस्करों का संगठित गिरोह है, जो आसपास के राज्यों व जनपदों से नाबालिग लड़कियों की तलाश कर उन्हें बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लेते हैं और ग्राहक की डिमांड व ग्राहक द्वारा दिए जाने वाले रूपयों के आधार पर उन्हें बेच देते हैं। इनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

# पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव समेत 37 के खिलाफ चार्जशीट

एजेंसी

बदायूं। बदायूं में पूर्व सपा सांसद धर्मेंद्र यादव समेत विधानसभा प्रत्याशी रहे हाजी रईस अहमद ने जनसभा के दौरान लोगों को प्रलोभन दिया था और कोविड गाइडलाइन का उल्लंघन भी किया था। इस काम में उनका 35 अन्य लोगों ने सहयोग भी किया था। पुलिस के पास इसके पुख्ता सबूत हैं। इन्हीं सबूतों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एमपी एमएलए कोर्ट में चार्जशीट भी दाखिल कर दी है।

विधानसभा चुनाव के दौरान रिटनिंग ऑफिसर रहे सदर एसडीएम सुखलाल प्रसाद वर्मा की तहरीर पर दर्ज हुए मुकदमे के मुताबिक, तीन फरवरी 2022 को सूचना प्राप्त हुई कि विधानसभा 115 के सदर सीट से सपा प्रत्याशी रईस अहमद, पूर्व सपा सांसद धर्मेंद्र यादव, फखरे अहमद शोबी द्वारा गांव पड़ौआ के समीप बुधवाई रोड स्थित पूनम बारात घर में बगैर किसी निर्वाचन अधिकारी के अनुमति के एक सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें करीब 500 सरकारी व्यक्तियों के साथ बैठक कर रहे थे। इस सभा में उपस्थित अधिकांश व्यक्ति व महिलाएं शिक्षा मित्र एवं अनुदेशक हैं। जो राज्य सरकार शासकीय धन से मानदेय प्राप्त करते हैं।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर 37.13 लाख का सोना पकड़ा

लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट पर मंगलवार को 37.13 लाख के सोने के साथ एक यात्री को पकड़ा गया। यात्री ने अपने जूते के सोल में सोने का पेस्ट बनाकर छिपाया था। इसका वजन 599 ग्राम था। मार्केट में इसकी कीमत 37.13 लाख रुपए बताई जा रही है। तस्कर कुशीनगर का रहने वाला है। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने बताया, यात्री ने दुबई से सेम डे में टिकट कराया था। इसलिए वह हमारे रडार पर था। स्कैनिंग मशीन में वह पकड़ में नहीं आया लेकिन बूट स्टाइल का जूता होने की वजह से जब उसे रोका गया था वह हड़बड़ा गया। जूता निकलवाया तो वह पकड़ में आया। उसने सोने का पेस्ट बनाकर सोल में छिपाया था।

## शार्ट न्यूज

### हीरो मोटोकॉर्प का मुनाफा 47 प्रतिशत उछला

नयी दिल्ली। दोपहिया वाहन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1054 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ अर्जित है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 716 करोड़ रुपये की तुलना में 47 प्रतिशत है। कंपनी ने आज यहां निदेशक मंडल की बैठक के बाद शेयर बाजार को दिये वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि सितंबर में समाप्त इस तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 9445.42 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 9075 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 4.1 प्रतिशत अधिक है। इसबीच कंपनी ने कहा कि निदेशक मंडल ने कंपनी के कार्यकारी अध्सक्ष पवन मुंजाल के वेतनमान में 20 प्रतिशत की कमी किये जाने प्रस्ताव को मंजूरी दी। श्री मुंजाल ने अध्यक्ष और सीईओ के पद को अलग करने के अपने निर्णय के मद्देनजर उन्होंने अपने वेतनमान में 20 प्रतिशत की कमी किये जाने का प्रस्ताव किया था। वित्त वर्ष 2023 में श्री मुंजाल को कुल 99.55 करोड़ रुपये वेतन एवं अन्य भत्तों के रूप में मिलने थे लेकिन अब इस 20 प्रतिशत की कमी के बाद यह राशि 80 करोड़ रुपये है।

### तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका पहुंची सीतारमण

कोलंबो। भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर आज यहां पहुंची जहां हवाई अड्डे पर भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने उनका स्वागत किया। हवाई अड्डे पर पहुंचने पर श्रीलंका के जलापूर्ति, एस्टेट इंफ्रास्ट्रक्चर विकास मंत्री जीवन थोंदामन के साथ ही पूर्वी प्रांत के गवर्नर एस थोंदामन एवं विदेशी मामलों के राज्य मंत्री थारक बालासुर भी गर्म जोशी से उनका स्वागत किया। अपनी यात्रा के दौरान श्रीमती सीतारमण भारतीय मूल के तमिलों के श्रीलंका आगमन के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित एनएएएम 200 को संबोधित करेंगी। इसके साथ ही कोलंबों में भारत श्रीलंका बिजनेस समिट को भी संबोधित करेंगी। इस दौरान वह जाफना और त्रिंकोमाली में एसबीआई की शाखाओं का शुभारंभ भी करेंगी।

### अक्टूबर तक 7.85 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने आज कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 अक्टूबर तक 7.85 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किये गये हैं। विभाग ने यहां आंकड़े जारी करते हुये समय पर अनुपालन के लिए करदाताओं और कर पेशेवरों की सराहना की और कहा कि 31 अक्टूबर आईटीआर 7 को छोड़कर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। विभाग ने अब तक रिटर्न नहीं दाखिल करने वालों से समय पर कर अनुपालन करने की भी अपील की है। आंकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 अक्टूबर तक दाखिल कुल रिटर्न अब का सर्वाधिक 7.85 करोड़ रिटर्न रहा है जबकि आंकलन वर्ष 2022-23 के लिए 7.78 करोड़ रिटर्न दाखिल किये गये थे। विभाग ने कहा कि आंकलन वर्ष 2023-24 के लिए दाखिल रिटर्न में से 7.51 करोड़ का सत्यापन किया जा चुका है। सत्यापित 7.51 करोड़ रिटर्न में से 7.19 करोड़ रिटर्न 31 अक्टूबर तक प्रोसेड किया जा चुका है जो कुल सत्यापित रिटर्न का 96 प्रतिशत है।

### ओप्पो की सेंड-इन रिपेयर सेवा का विस्तार

नयी दिल्ली। ओप्पो इंडिया ने आज कहा कि आफ्टर-सेल्स सेवा के क्षेत्र में उसकी पिक-अप और ड्रॉप सेवा के साथ सर्विस सेंटर 3.0 भारत में 25,000 पिन कोड तक पहुँच चुका है। कंपनी ने यहां कहा कि इसके अंतर्गत ओप्पो ने सॉफ्टवेयर समस्याओं, स्क्रीन और बैटरी के रिप्लेसमेंट, स्पीकर डैमेज और टचस्क्रीन ख़राब होने सहित स्मार्टफ़ोन रिपेयर के 80 प्रतिशत मामलों के लिए त्वरित 24-घंटे टीएटी (टर्नअराउंड टाइम) की गारंटी देने के लिए अपनी कार्यक्षमता को मज़बूत किया है। पिछले साल शुरू की गई ओप्पो की कस्टमर सर्विस 3.0 सेवा पहले से ही ग्राहकों को ख़ास डिवाइसेज़ के लिए एक घंटे में ऑनसाइट रिपेयरिंग, नए उत्पादों का प्रदर्शन, मुफ्त पिक-अप एवं ड्रॉप और रिपेयर के लिए डेबिट/क्रेडिट कार्ड द्वारा बैंक ईएमआई के विकल्प जैसे कई फ़ायदे प्रदान करती है। ग्राहक ओप्पो के तकनीशियनों को अपनी आँखों के सामने डिवाइस ठीक करते हुए देख सकते हैं, इसलिए ओप्पो इंडिया की इस सेवा द्वारा पारदर्शी और रियल-टाइम में रिपेयरिंग की सुविधा मिलती है।

### जीएसटी राजस्व संग्रह 1.72 लाख करोड़ के पार

नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह इस वर्ष अक्टूबर में 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वर्ष अक्टूबर में संग्रहित जीएसटी 151718 करोड़ रुपये की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी कर व्यवस्था के लागू होने के बाद अक्टूबर में संग्रहित कर राजस्व अब का दूसरा सबसे अधिक कर है। इससे पहले अप्रैल 2023 में इस मद में 187035 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रहित हुआ था। वित्त मंत्रालय ने आज यहां आंकड़े जारी करते हुये कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक औसत मासिक जीएसटी राजस्व संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष अक्टूबर में कुल जीएसटी संग्रह 172003 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीएसटी 30062 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 38171 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 91315 करोड़ रुपये जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित कर 42127 करोड़ रुपये भी शामिल है।

### खाद्य तेलों में टिकाव, गेहूं महंगा

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठा कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा जबकि गेहूं के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 24 रिंगिट चढ़कर 3588 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.03 सेंट गिरकर 51.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही।दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

# 'जेम पर सेवाओं की खरीद इस वित्त वर्ष में 1.5 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है'

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के ई मार्केट पोर्टल जेम पर सेवाओं की खरीद फरोख्त तेजी से बढ़ रही है और वर्ष 2023-24 में इस पर सेवाओं की सकल खरीद-बिक्री का स्तर 1.50 लाख करोड़ रुपये तक जा सकता है। यह अनुमान जेम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने व्यक्त किया है।

जेम पोर्टले के सीईओ पीके सिंह ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चालू वित्त वर्ष में 30 अक्टूबर, 2023 तक के रुझानों का हवाला देते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में में जेम पर सेवाओं की खरीद 1.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि 2019 में इस पोर्टल के माध्यम से सरकारी विभागों और उपक्रमों ने 3069 करोड़ रुपये मूल्य की सेवाओं की खरीद की थी और 2022-23 में यह 66 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गयी।

सिंह ने बताया कि 2019-20 में जेम पर खुई सकल खरीद-फरोख्त के मूल्य के हिसाब से सेवाओं का हिस्सा 13.4 प्रतिशत था जो 2020-21 में 22 प्रतिशत, 2021-22 में 23.1 प्रतिशत और 2022-23 में 32.8 प्रतिशत रहा।

चालू वित्त वर्ष में अब तक सेवाओं का हिस्सा 47 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने जेम पोर्टल की शुरुआत अगस्त 2016 में की थी और तमाम विभागों, मंत्रालयों और उनके उपक्रमों को बहुत सी वस्तुओं और सेवाओं की खरीद इसी




आनलाइन सुविधा के माध्यम से करना अनिवार्य कर दिया था। जेम पर आज 63,000 सरकारी इकाइयां खरीदार के रूप में पंजीकृत है। इनमें राज्य सरकारें और केंद्रीय पुलिस बलों के संगठन भी हैं।

इसके माध्यम से सेवा और वसतुओं की आपूर्ति के लिए पंजीकृत विक्रेताओं की संख्या 62 लाख तक पहुंच गयी है।

सिंह ने बताया कि आज कुशल, अर्धकुशल तथा कुशल श्रम-शक्ति की सेवाएं जेम के जरिए क्रय की जा सकती हैं। पिछले वित्त वर्ष में इस पोर्टल से श्रमि-शक्ति की सेवाओं के लिए 40 हजार ठेके जारी किए गए थे।

विभाग आज सफाईकर्मी से लेकर मल्टी-टास्किंग स्टाफ तक की सेवाएं इसके माध्यम से जुटा रहे हैं। वाहनों की सेवाएं, लाजिस्टिक्स, विश्लेषण, कचरा प्रबंधन और वेबकास्टिंग जैसी तमाम तरह की सेवाओं की खरीद के अनुबंध करने के लिए प्रयोग हो रहा है।

कोल इंडिया, एनटीपीसी, आयल एवं नेचुरल गैस कार्पोरेशन (ओएनजीसी), स्टील अथॉरिटी, केनरा बैंक, भारतीय खाद्य निगम, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और इंडियन आयल सेवाओं की खरीद के लिए इस आनलाइन मंच का इस्तेमाल करने वाले प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठान हैं।

जेम पोर्टल पर चालू वित्त वर्ष में अब तक कुल मिला कर (वस्तु और सेवाओं) खरीद फाखोख्त के करीब 30.4 लाख आर्डर के लेन-देन हुए हैं जिनका मॅल्य 1.9 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

इनमें सूक्ष्म तथा लघु और मझोले उद्यमों को मिले आर्डर का हिस्सा करीब 49 प्रतिशत है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान जेम पर सकल दो लाख रुपये मूल्य के 50.36 लाख सौदे हुए थे। मूल्य के हिसाब से पिछले साल जेम पर कारोबार में 88 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गयी थी।

# यूपी में 'पीएम विश्वकर्मा' योजना को लगे पंख

## सभी 18 ट्रेड्स में अब तक आए 76 हजार आवेदन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कारीगरों (विश्वकर्मा) को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए शुरू हुई पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा% को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। 17 सितंबर से प्रदेश में लागू हुई इस योजना में सीएम योगी के प्रयासों से अब तक सभी 18 ट्रेड्स में कुल मिलाकर करीब 76 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनके सत्यापन का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है। योगी सरकार के निर्देश पर कई जोन में पहले स्तर का सत्यापन कार्य जारी है तो कई जोन में दूसरे स्तर के सत्यापन की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। सत्यापन पूर्ण होने के बाद सभी चयनित विश्वकर्मा की ट्रेनिंग शुरू होगी और उन्हें ई वाउचर के रूप में टूलकिट की खरीद के लिए 15 हजार रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बैंक के माध्यम से उन्हें लोन दिलाने के लिए कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत 18 ट्रेड्स से जुड़े %विश्वकर्मा% को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसमें उनकी आर्थिक स्थिति के साथ-साथ कौशल को भी निखारने के लिए भी योजना बनाई गई है।




### सर्वाधिक आवेदन दर्जी ट्रेड में

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रदेश सरकार को सभी ट्रेड में कुल मिलाकर 76 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें सर्वाधिक 42 हजार से अधिक आवेदन दर्जी ट्रेड में प्राप्त हुए हैं। इसी तरह मिस्त्री ट्रेड में करीब 9000, बढ़ई ट्रेड में करीब 7 हजार, लोहार ट्रेड में करीब 4 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। नाई ट्रेड में 2600 से अधिक, मालाकार में 1500 से अधिक, हैमर और टूल किट मेकर ट्रेड में 1300 से अधिक और धोबी व टॉय मेकर में एक-एक हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। यही नहीं, फिशिंग नेट मेकर, बास्केट मेकर और कॉबलर ट्रेड में भी अच्छी-खासी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन सभी ट्रेड में मिले आवेदनों का सत्यापन कार्य जारी है और सत्यापन पूर्ण होने पर इन्हें कौशल विकास से जोड़ा जाएगा, जिसके बाद इनकी आर्थिक सहायता कर इन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य किया जाएगा।

### तीन स्तर पर होगी सत्यापन की कार्यवाही

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभ लेने की जो प्रक्रिया निर्धारित की गई है, उसके अनुसार सबसे पहले लाभार्थी को आवेदन करना होगा जिसके बाद तीन स्तर पर (पंचायत या यूएलबी, जिला और राज्य) सत्यापन की कार्यवाही होगी। लाभार्थी को पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट और आईडी कार्ड मिलेगा। साथ ही लाभार्थी की डिटेल को एमएसडीई को भी भेजा जाएगा। इसके बाद 5 दिन की बेसिक स्किल ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जाएगा। चुनिंदा लोगों को 15 दिन या इससे अधिक की एडवांस स्किल ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। लाभार्थी को इसके बाद 15 हजार रुपए टूलकिट इंसेंटिव्स या टूलकिट के लिए प्रदान किए जाएंगे। साथ ही एक लाख रुपए के प्रारंभिक वित्त अंश के लिए आवेदन की जानकारी को बैंक से साझा किया जाएगा। क्रेडिट रिपोर्ट देखने के बाद बैंक लाभार्थी को एक लाख रुपए का लोन प्रदान करेंगे। डिजिटल ट्रांजेक्शन के जरिए लोन चुकाने वाले और 15 दिन की एडवांस ट्रेनिंग लेने वाले लाभार्थी 2 लाख रुपए के दूसरे लोन के लिए आवेदन करने के योग्य होंगे।

### डिजिटल पेमेंट के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित

लोन के डिजिटल पेमेंट के लिए भी प्रदेश सरकार लाभार्थियों को प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए डिजिटल लेनदेन को सक्षम बनाने के लिए डिजिटल भुगतान एग्रीगेटर्स को विवरण दिया जाएगा। लाभार्थियों को क्यूआर कोड और यूपीआई प्रोवाइड कराया जाएगा। लाभार्थी इसका उपयोग कर डिजिटल ट्रांजेक्शन में सक्षम हो सकेंगे। लाभार्थियों के विवरण से साथ ही उनके द्वारा किए गए ट्रांजेक्शंस को एनपीसीआई के साथ ही मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई से साझा किया जाएगा।

# उत्तराखंड के वैश्विक निवेश समिट हेतु धामी का अहमदाबाद में रोड शो



अहमदाबाद/देहरादून। उत्तराखण्ड में आगामी आठ-नौ दिसंबर को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को गुजरात के अहमदाबाद में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न उद्योग समूहों के साथ बैठक करते हुए सभी निवेशकों को समिट के लिए आमंत्रित भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत अहमदाबाद में यह छटवां रोड शो आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने आठ और नौ दिसम्बर 2023 को देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में निवेशकों को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि गुजरात भगवान श्रीकृष्ण की धरा है।

महात्मा गांधी और सरदार पटेल जैसे महापुरूषों की यह भूमि है। इस भूमि ने भारत को नरेन्द्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री दिये हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक पटल पर एक अलग पहचान बनाई है। आज दुनिया में भारत का मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ रहा है। धामी ने कहा कि उत्तराखंड में उद्योगों के विकास के लिए सरकार द्वारा लगातार कार्य किये जा रहे हैं। उद्योग जगत से जुड़े लोगों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए 30 नई नीतियां बनाई गई हैं।

कई नीतियों को और सरल बनाया गया है। उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान भी जो सुझाव प्राप्त हो रहे हैं, उन सभी पर अमल किया जा रहा है। राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बनाया गया है। इसको और प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य को बने 23 साल हो गये हैं, उत्तराखंड राज्य स्थापना के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा उत्तराखंड को विशेष औद्योगिक पैकेज दिया गया। इसके बाद उत्तराखंड में औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ा है।धामी ने कहा कि उत्तराखंड में निवेश के लिए अपार संभावनाएं हैं। राज्य में छह हजार एकड़ का लैण्ड बैंक बनाया गया है। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में निवेश करने वालों के लिए और प्रोत्साहन दिया जायेगा।

# मेटामास्क ने प्राइवेसी-प्रिजर्विंग सिक्योरिटी अलर्ट किया लॉन्च

नयी दिल्ली। सेल्फ कस्टडी वेब3 प्लेटफॉर्म मेटामास्क ने मेटामास्क एक्सटेंशन में प्राइवेसी-प्रिजर्विंग सिक्योरिटी अलर्ट लॉन्च किए जाने की घोषणा की है। मेटामास्क दुनिया का अग्रणी सेल्फ-कस्टडी वेब3 प्लेटफॉर्म है, जिसे प्रमुख वेब3 सुरक्षा प्रदाता कंपनी कंसेंसिस और ब्लॉकेड ने डेवलप किया है। यह नया फीचर यूजरों की निजता को सुरक्षित करते हुए मेटामास्क को सिक्योरिटी अलर्ट को एकीकृत करने, फर्जी लेनदेन को सक्रिय रूप से रोकने, यूजरों को स्कैम, फ़िशिंग और हैक से बचाने वाला पहला सेल्फ-कस्टडी वेब3 वॉलेट बनाता है। मेटामास्क और ब्लॉकेड का अनुमान है कि ये प्राइवेसी-प्रिजर्विंग सिक्योरिटी अलर्ट अरबों रूपये की संपत्ति की चोरी को रोक सकते हैं। ये नए फीचर वैश्विक स्तर पर सभी यूजरों के लिए उपलब्ध होंगे। इसमें डेस्कटॉप यूजरों के लिए मेटामास्क प्रयोगात्मक सेटिंग के तहत इसे ऑप्ट-इन करने की क्षमता होगी। मेटामास्क मोबाइल ऐप पर यह सुविधा नवंबर के अंत में शुरू होगी। 2024 की पहली तिमाही तक, यह नई सुविधा मूल रूप से वॉलेट में एकीकृत और चालू हो जाएगी और इसे मेटामास्क के 100 फीसदी यूजरों को उपलब्ध कराया जाएगा। गोपनीयता से समझौता किए बिना सिक्योरिटी मजबूत करने वाला पहला वॉलेट अधिकांश वेब3 वॉलेट सिक्योरिटी अलर्ट मुहैया कराने के लिए जरूरी सत्यापन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए यूजरों के लेनदेन डेटा को थर्ड पार्टी के साथ साझा करते हैं। इसके विपरीत, मेटामास्क और ब्लॉकेड ने एक अनोखे प्राइवेसी-प्रिजर्विंग मॉड्यूल का निर्माण किया है, जो प्रत्येक लेनदेन की नकल करते हुए किसी भी लेनदेन की जानकारी और सिग्नेचर को किसी अन्य पार्टी के साथ साझा किए जाने की जरूरत को खत्म कर देता है।

### दो हजार मूल्य के 97 प्रतिशत बैंक नोट आरबीआई के पास लौटे

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आज कहा कि प्रचलन से हटाये गये दो हजार मूल्य के 97 प्रतिशत बैंक नोट उसके पास वापस आ गये हैं। केन्द्रीय बैंक ने यहां जारी एक बयान में कहा कि 19 मई 2023 को दो हजार रुपये के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लेने का निर्णय लिया गया था और उस समय 3.56 लाख करोड़ मूल्य के बैंक नोट प्रचलन में थे। 31 अक्टूबर तक प्रचलित दो हजार मूल्य के बैंक नोट में से 97 प्रतिशत वापस आ गये हैं जबकि 0.10 लाख करोड़ मूल्य के बैंक नोट नहीं आये हैं। उसने कहा कि दो हजार रुपये के बैंक नोट अभी भी वैध मुद्रा है और जिन लोगों के पास है वे उसके 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में जमा कर सकते हैं या बदल सकते हैं। इसके लिए लोगों को क्षेत्रीय कार्यालय तक जाने की जरूरत भी नहीं है और वे भारतीय डाक से भेजकर बदल सकते हैं।

# मधुमक्खी पालकों को शहद आधारित उद्यम शुरू करने को किया प्रोत्साहित

शिमला। डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कीट विज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड द्वारा वित्त पोषित परियोजना 'हिमाचल प्रदेश में टिकाऊ उच्च-पहाड़ी मधुमक्खी पालन के लिए शहद और अन्य हाइव उत्पाद उत्पादन मॉडल' के तहत आयोजित किया गया।


हिमाचल के चंबा, सोलन, सिरमौर, ऊना और बिलासपुर जिलों के 25 अनुभवी मधुमक्खी पालक इस एक्सपोजर विजिट का हिस्सा रहे। प्रदर्शन की शुरुआत सनलाइट इंडिया एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी, रुड़की के दौरे से हुई, जहां प्रतिभागियों को औद्योगिक शहद प्रसंस्करण और पैकेजिंग संयंत्र देखने का मौका मिला। इस विसिट में परियोजना की प्रधान अन्वेषक डॉ. मीना ठाकुर, डॉ. प्रियंका ठाकुर और डॉ. रोहित नायक भी मौजूद रहे। सनलाइट इंडिया के निदेशक योगेन्द्र पुनिया ने राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के तहत स्थापित शहद प्रसंस्करण इकाई सभी मौनपालकों को दिखाई। मधुमक्खी पालकों को जैविक मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया और शहद निर्यात के लिए आवश्यक गुणों के साथ-साथ निर्यात के लिए शहद प्रसंस्करण और पैकेजिंग पर जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को आईआईटी-रुड़की भी जाने का अवसर मिला जहां डॉ. पार्थ रॉय ने शहद पर अनुसंधान एवं विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने भारतीय शहद के सेवन के लाभों के बारे में भी बताया जो कई मानव रोगों को ठीक करने में सहायक है।

प्रतिभागियों ने सुपरबी शहद फैक्ट्री, सहारनपुर का भी दौरा किया जहां देवव्रत शर्मा ने मूल्यवर्धित उत्पादों के बारे में जानकारी दी जो मधुमक्खी पालकों की आय बढ़ा सकते हैं। एक्सपोजर विजिट का समापन एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र, रामनगर (हरियाणा) में हुआ, जहां प्रतिभागियों को शहद प्रसंस्करण, पैकेजिंग और अन्य छत्ता उत्पादों की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रगतिशील मधुमक्खी पालकों को एक मंच प्रदान करने और निर्यात, विपणन के लिए उनके ज्ञान को समृद्ध करने और उन्हें शहद उत्पादन के अलावा रॉयल जेली, मोम, प्रोपोलिस जैसे हाइव उत्पादों और मधुमक्खी कॉलोनी की बिक्री का अपना उद्यम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड और विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना की।

# पर्यटन के लिए सिनेमा और टीवी शो में दिखायी गयी जगहों की ओर आकर्षित होते भारतीय

नयी दिल्ली। भारतीय यात्रियों पर फिल्म और टीवी शो का गहरा प्रभाव देखा गया है क्योंकि पर्यटन के लिए अधिकांश भारतीय फिल्मों या टीवी शो में दिखायी गयी जगहों की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं या फिर उन स्थानों पर जाना चाहते हैं1

ग्लोबल ट्रैवल साइट स्काईस्कैनर ने अपनी ट्रैवल ट्रेंड्स- रिडिफ़ाइनिंग वैल्यू थ्रू एक्सपीरियंस इन 2024 रिपोर्ट के साथ यात्रा के संपूर्ण दायरे को शामिल करते हुए इस उद्योग और यात्रियों के व्यवहार को आकार देने वाले नई रिपोर्ट जारी की है। स्काईस्कैनर ने आज 2024 के लिए सबसे ज़्यादा चर्चित ट्रैवल के सर्वोच्च 10 ट्रेंड होने वाले स्थानों और सर्वोत्तम मूल्य वाले गंतव्यों का खुलासा किया,



जिसके साथ लाखों सर्च एवं प्रोप्राइटरी उड़ानों और होटल के आँकड़ों के साथ उपभोक्ताओं के वार्षिक व्यवहार के अध्ययन एवं विशेषज्ञों की टिप्पणी भी पेश की गई।

इसमें कहा गया है कि फिल्म और मनोरंजन का भारतीय यात्रियों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। 94 प्रतिशत भारतीय उन जगहों पर जाना चाहते हैं, जो वे बड़े या छोटे पर्दे पर देखते हैं। इसके अलावा, लगभग आधे (43 प्रतिशत) उत्तरदाता 2024 में कहाँ जाना है, यह निर्णय लेने के लिए उस जगह की 'वाइब' को महत्व देते हैं।

यात्रा के चार मुख्य वाइब्स में, सेट-जेटिंग भारत में सबसे ऊपर रहा क्योंकि लोगों ने अपने पसंदीदा शो के मुख्य पात्र की ऊर्जा के अनुरूप आइकोनिक स्थानों पर घूमने में रुचि दिखाई। 2024 में भारतीयों ने जिन सर्वोच्च स्थानों पर जाने में रुचि दिखाई, उनमें ये जवानी है दीवानी से प्रेरित मनाली, उसके बाद 3 इडियट्स से प्रेरणा लेकर भारत में खूबसूरत जगह लद्दाख है, जिसने 47 प्रतिशत यात्रियों को आकर्षित किया। अगले स्थान पर द क्राउन से प्रेरित शाही अंदाज़ जीवन में उतारने के लिए ब्रिटेन का लंदन है, जहाँ 43 प्रतिशत भारतीय यात्रा करने के लिए प्रेरित हुए। इसके बाद एमिली इन पेरिस देखकर एमिली कूपर की तरह ही फ्रांस में आकर्षक शहर, पेरिस का अनुभव लेने के लिए 42 प्रतिशत भारतीय यात्री करना चाहते हैं। दिसंबर 2022 में इसके सीज़न 3 के लॉन्च के बाद, स्काईस्कैनर पर पिछले महीने की तुलना में जनवरी में भारत से पेरिस की खोज में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई।

# कमोडिटीज, धातु और पावर समूह में भारी बिकवाली से गिरा बाजार

मुंबई। अमरेकी फेड रिजर्व के नीतिगत दरों पर चल रही बैठक के निर्णय से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, यूटिलिटीज, धातु, पावर और सर्विसेज समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से आजा शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन टूट गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 283.60 अंक का गोता लगाकर 63591.33 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 90.45 अंक की गिरावट लेकर 18989.15 अंक पर आ गया।

इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.35 प्रतिशत उतरकर 31,136.68 अंक और स्मॉलकैप 0.10 प्रतिशत फिसलकर 36,883.01 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3783 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2011 में बिकवाली जबकि



1637 में लिवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियां लाल जबकि 14 हरे निशान पर रही।

बीएसई के 15 समूह बिकवाली के दबाव में रहे। इस दौरान कमोडिटीज 1.18, सीडी 0.29, ऊर्जा 0.17, एफएमसीजी 0.32, वित्तीय सेवाएं 0.33, इंडस्ट्रियल्स 0.45, आईटी 0.75, यूटिलिटीज 1.13, ऑटो 0.55, बैंकिंग 0.39, कैपिटल गुड्स 0.59, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.28, धातु 1.45, पावर 1.19, टेक 0.63 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.15 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.06 प्रतिशत फिसल गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.05, जापान का निक्केई 2.41 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.14 प्रतिशत की तेजी रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 45 अंक उतरकर 63,829.87 अंक पर खुला लेकिन लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद 63,896.05 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 63,550.46 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 63,874.93 अंक के मुकाबले 0.44 प्रतिशत गिरकर 63,591.33 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 16 अंक फिसलकर 19,064.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,096.05 अंक के उच्चतम जबकि 18,973.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,079.60 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत टूटकर 18,989.15 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में एशियन पेंट 2.04, टाटा स्टील 1.81, मारुति 1.61, जएसडब्ल्यू स्टील 1.54, एनटीपीसी 1.34, एलटी 1.18, इंफोसिस 1.10, एक्सिस बैंक 1.06, टीडीएस 1.06, टेक महिंद्रा 0.75, पावरग्रिड 0.59, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.29, विप्रो 0.26, टाटा मोटर्स 0.18, एचडीएफसी बैंक 0.13, आईटीसी 0.13 और आईसीआईसीआई बैंक 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 2.67, बजाज फिनसर्व 0.47, रिलायंस 0.35, एसबीआई 0.15 और भारती एयरटेल ने 0.02 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## शार्ट न्यूज

### पीएनबी मेटलाइफ पंजाब ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप की शानदार शुरुआत

जालंधर। पंजाब में जालंधर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रितिन खन्ना ने स्थानीय रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम में पांच दिवसीय पीएनबी मेटलाइफ पंजाब ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का बुधवार को शुभारंभ किया। टूर्नामेंट के बारे में जानकारी देते हुए चीफ रेफरी रवि चौहान ने बताया कि इस चैंपियनशिप में पंजाब के करीब 900 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। अंडर नौ से लेकर अंडर 17 तक लड़के और लड़कियों के एकल के मुकाबले करवाये जा रहे हैं। चैंपियनशिप में 516 लड़के और 222 लड़कियां हिस्सा ले रहे हैं। विजेताओं को चार नवंबर को तीन लाख के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के लिये खान-पान का विशेष तौर से प्रबंध किया गया है। जेबीसी मेटलाइफ टूर्नामेंट देश के 10 शहरों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 8500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो कि एक विश्व रिकॉर्ड भी है। दस नवंबर को दिल्ली में इस टूर्नामेंट का समापन होगा, जिसमें विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी मुख्य अतिथि होंगे।

### मोदी ने एशियन पैरा खेलों के पदक विजताओं खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में एशियन पैरा खेलों में भारत के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात उन्हें बधाई दी। आज यहां कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आप देश के लिए भारत से बाहर चीन में खेल रहे थे। लेकिन मैं यहां बैठकर हर पल आपकी गतिविधि, प्रयासों और आत्मविश्वास को जी रहा था। उन्होंने कहा कि आप हर बार नये उत्साह के साथ आते है। उन्होंने कहा कि आपको स्वयं से लड़ना पड़ता है स्वयं से जूझना पड़ता है। अपनी परीक्षण की इच्छा न भी तो भी प्रयास करने होते। उन्होंने कहा कि सोना जिस तरह तपकर खरा बनता है आप भी उसी तरह खेल के मैदान में खरे उतरे है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने जिस तरह से देश को गौरवान्वित किया है वह बिल्कुल अभूतपूर्व है। मैं आप लोगों से मिलने के लिए मौके ढूंढता रहता हूं। मैं आप लोगों के बीच सिर्फ एक ही काम के लिए आया हूं और वो है आपको बधाई देने के लिए। उन्होंने कहा कि बाकी खेलों में जब एक खिलाड़ी पदक लेकर आता है तो खेल की दुनिया और अन्य खिलाड़ियों के लिए वह प्रेरणा बनता है लेकिन जब एक दिव्यांग जीतकर आता है तो वह सिर्फ खेल नहीं जीवन के हर क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन जाता है।

### एआईएफएफ की तकनीकी समिति की राष्ट्रीय टीमों के प्रदर्शन का मूल्यांकन के लिए बैठक

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति ने सभी आयु समूहों में पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीमों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए बुधवार को वर्चुअल बैठक की। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान आईएम विजयन ने बैठक की अध्यक्षता की और बैठक में एआईएफएफ महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन, उप महासचिव सत्यनारायण एम, तकनीकी निदेशक सैयद साबिर पाशा और सदस्य पिंकी बोमपाल मगर, हरजिंदर सिंह, अरुण मल्होत्रा, क्लाइमेक्स लॉरेंस और यूजीनसन लिंगदोह ने भाग लिया। महासचिव ने तकनीकी समिति को उस समझौता ज्ञापन के बारे में सूचित किया जिस पर एआईएफएफ ने मध्य एशियाई फुटबॉल संघ (सीएएफए) के साथ हस्ताक्षर किए थे। एमओयू के अनुसार सभी आयु समूहों की भारतीय राष्ट्रीय टीमों को सीएएफए टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। एआईएफएफ सूत्रों ने बताया कि तकनीकी समिति के सदस्यों ने इस तथ्य की सराहना की कि सीएएफए सदस्य देश मूल रूप से मजबूत फुटबॉल खेलने वाले देश हैं और इससे भारतीय फुटबॉलरों को कठिन विरोधियों के खिलाफ खेलने में मदद मिलेगी।

### एआईएफएफ को जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढावा देने लिये एएफसी अध्यक्ष मान्यता कांस्य पदक

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए एएफसी अध्यक्ष मान्यता कांस्य पदक से नवाजा गया है। एआईएफएफ सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि उसे दूसरी बार यह उपलब्धि हासिल हुई है। उसने अपने प्रयासों के तहत एआईएफएफ ब्लू शावक कार्यक्रम, ब्लू शावक कोचिंग पाठ्यक्रम, ब्लू शावक लीग, ब्लू शावक फुटबॉल स्कूल, एआईएफएफ ग्रासरूट पुरस्कार, गैर-पेशेवर संस्थाओं के लिए एआईएफएफ संस्थागत लीग और एआईएफएफ प्रोजेक्ट डायमंड जैसी कई जमीनी स्तर पर परियोजनाएं शुरु की। भागीदारी बढ़ाने के लिए एआईएफएफ की प्रतिबद्धता एएफसी ग्रासरूट्स दिवस 2023, एआईएफएफ अकादमी मान्यता, एआईएफएफ गोल्डन बेबी लीग, ग्रासरूट्स कोच डेवलपमेंट कोर्स, ब्लू शावक लीडर कोर्स और ग्रासरूट्स कोच एजुकेटर्स कोर्स सहित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से किया है। यह जमीनी स्तर से फुटबॉल प्रतिभाओं को निखारने और अंततः देश में युवा और वरिष्ठ दोनों टीमों के मानकों को बढ़ाने के लिए एआईएफएफ के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

### 90 मीटर का लक्ष्य हासिल करने के लिए तकनीक पर काम करेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली। ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को साफ तौर पर कहा कि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी बाकी है। नीरज का मानना है कि वह अपनी तकनीक में सुधार करके वह अगले साल 90 मीटर की बाधा पार कर सकते हैं। इस साल विश्व चैंपियन बने चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने हाल ही में हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। नीरज ने एक कार्यक्रम में कहा, मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी बाकी है । मुझे लंबे समय तक किसी प्रतिस्पर्धा में यह महसूस नहीं हुआ कि यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है या उसके आसपास है। छह सेंटीमीटर हासिल किया जा सकता है। स्टॉकहोम डायमंड लीग (जून 2022) में 89.94 मीटर का थ्रो फेंका था। उस समय मैं एक लाइन पीछे था। अगर थोड़ा आगे बढ़कर थ्रो फेंकता तो 90 मीटर जाता। नीरज ने कहा, %%मेरे कोच का मानना है कि 60 प्रतिशत काम टांग का और बाकी ऊपरी शरीर का होता है। पैरों की भूमिका अहम है। मुझे इसमें सुधार करना होगा। लचीलेपन की कोई दिक्कत नहीं है। हाथ की रफ्तार अच्छी है। अगले साल अपनी तकनीक पर काम करूंगा। सब कुछ ठीक रहा और 100 प्रतिशत फिट रहा तो पेरिस ओलंपिक में प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

### विदित ने फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हासिल की जीत, अमेरिका के नीमैन को हराया

नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन को हराकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। यह टूर्नामेंट विश्व चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। पहले दौर में हार के साथ शुरुआत करने के बाद विदित ने शानदार वापसी करते हुए अपने पिछले पांच में से चार मुकाबले जीते हैं। भारत के अर्जुन एरिगेसी भी उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं जो संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। अन्य खिलाड़ी अमेरिका के फाबियोना करूआना और हिकारू नाकामूरा, रूस के आंद्रेई एसिपेंकोव, सर्बिया के एलेक्सांद्र प्रेडके, उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव और चीन के यू यांगती हैं। अन्य सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ियों से एक अंक पीछे हैं और उन्हें इस चार लाख 60 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट के अंतिम पांच दौर में कड़ी मेहनत करनी होगी। ये खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम, एसएल नारायणन और निहाल सरीन हैं।

# हॉकी इंडिया ने वंदना कटारिया को 300 मैच पूरे करने पर दी बधाई

**एजेंसी**

रांची। हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड खिलाड़ी वंदना कटारिया को 300वां अंतरराष्ट्रीय कैप हासिल करने पर बधाई दी है।

उत्तराखंड के रोशनाबाद की रहने वाली वंदना ने मंगलवार को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में जापान के खिलाफ भारत के मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

इसके साथ ही वंदना 300 अंतरराष्ट्रीय खेल खेलने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी भी बन गईं।

भारत मौजूदा महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में अब तक अजेय रहा है, उसने अपना पहला गेम थाईलैंड के खिलाफ 7-1 से जीता, अपने दूसरे मैच में मलेशिया के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की और फिर रोमांचक मुकाबले में चीन को 2-1 से हराया।

जर्मनी के मोनचेंग्लादबाक में जूनियर महिला विश्व कप में भारतीय टीम के लिए शीर्ष स्कोरर के रूप में समाप्त होने के बाद वंदना सुर्खियों में आईं और टीम को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने टोक्यो 2020 ओलंपिक में भारत के ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह ओलंपिक खेलों में हैट्रिक बनाने वाली पहली भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी भी हैं।



उन्हें 2022 में प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। अनुभवी फॉरवर्ड 2016 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2017 महिला एशिया कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य थीं।

उन्होंने टीम को 2022 एशिया कप में कांस्य पदक दिलाने में मदद की, एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहीं और फिर एफआईएच नेशंस कप 2022 जीता। उनके नाम पर 2022 राष्ट्रमंडल कांस्य पदक भी है।

इस उपलब्धि पर वंदना ने कहा, मुझे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला है। मेरी 300वीं कैप अर्जित करना वास्तव में मेरे लिए एक विशेष क्षण है और इसकी स्मृति मेरे दिमाग में लंबे समय तक रहेगी। यात्रा वास्तव में विशेष रही है और मैं बार-बार राष्ट्रीय जर्सी पहनकर धन्य महसूस करती हूं। मैं हॉकी इंडिया, अपने साथियों और सहयोगी स्टाफ को वर्षों से उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्म डॉ. दिलीप टिर्की ने वंदना कटारिया को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा, मैं वंदना कटारिया को उनकी 300वीं अंतरराष्ट्रीय कैप अर्जित करने के लिए बधाई देता हूं।

किसी भी खिलाड़ी के लिए भारतीय जर्सी पहनना और इतने लंबे समय तक देश का प्रतिनिधित्व करना वास्तव में एक यादगार पल है। उनकी यात्रा असाधारण के अलावा और कुछ नहीं रही है, और मुझे उम्मीद है कि हम आगे चलकर उनका और भी शानदार प्रदर्शन देखेंगे।

## शरीर थका हुआ है लेकिन दिल अब भी जवां : वीरधवल खड़े

पणजी। महाराष्ट्र के वीरधवल खड़े ने 37वें राष्ट्रीय खेलों में 50 मीटर फ्रीस्टाइल में मंगलवार को तैराकी का स्वर्ण पदक अपने नाम करने के बाद खुलासा किया कि राष्ट्रीय खेलों में यह उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है और वह इसे शानदार प्रदर्शन के साथ खत्म करना चाहते थे। इस 32 वर्षीय तैराक ने भारत के उभरते हुए तैराकी सनसनी श्रीहरि नटराज को पछाड़ कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने जैसे ही दीवार को छुआ वह जोश के साथ हवा में उछल पड़े। उनके जोश और जश्न से बिल्कुल साफ था कि स्वर्ण पदक जीतना,उनके लिए कितना मायने रखता है। 2008 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय तैराक बने थे। खड़े ने 2010 एशियाई खेलों में 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीतकर तैराकी में अपने 24 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। खड़े ने पदक जीतने के बाद कहा, इस पदक की खास बात यह है कि मैंने अपना पहला राष्ट्रीय पदक 2001 में गोवा में जीता था और आज ऐसा महसूस हो रहा है कि गोवा में ही फिर से राष्ट्रीय स्तर पर आखिरी स्वर्ण पदक जीतना, मेरे जीवन का सपना पूरा हो गया है। भारत के सबसे प्रतिष्ठित तैराकों में से एक ने कहा, तब, मैं कभी सोच भी नहीं सकता था कि मैं वैसा तैराक बनूंगा जैसा आज हूं, इसलिए मैं वास्तव में सभी कोचों और उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं जो इस यात्रा का हिस्सा रहे हैं। खड़े ने 2001 में मडगांव में जूनियर नेशनल्स में शानदार प्रदर्शन किया था और फिर उसने बाद में कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े। घुटने की चोट के बाद महाराष्ट्र सरकार में उनकी नौकरी की मांग के कारण कोल्हापुर में जन्मे तैराक को अपने अपने करियर के दौरान कुछ साल गंवाने पड़े।

### शहीद भगत सिंह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट में अहबाब एफसी ने फ्रेंड्स यूनाइटेड को हराया

नयी दिल्ली। अहबाब एफसी ने बुधवार को शहीद भगत सिंह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट के मुकाबले में फ्रेंड्स यूनाइटेड को टाई ब्रेकर में 5-4 से और सीआईएसएफ ने तरुण सांघा को 2-0 से हराया। आज यहां अंबेडकर स्टेडियम में खेले गए उद्घाटन मुकाबले में अहबाब एफसी ने फ्रेंड्स यूनाइटेड को टाई ब्रेकर में 5-4 से हरा दिया। दिन के दूसरे मुकाबले में सीआईएसएफ ने तरुण सांघा को 2-0 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सीआइएसएफ की ओर से इमरान और संतोष ने एक एक गोल किया। हालांकि तरुण सांघा ने कड़ी टक्कर दी लेकिन वे गोल करने में असफल रहे। अहबाब और फ्रेंड्स मुकाबले में दोनों पलड़ा बराबर का रहा। अहबाब के लिए दिवास ने और फ्रेंड्स के लिए भाटी ने गोल किया। टाई ब्रेकर में अहबाब ने बाजी मारी। डीएसए के अध्यख अनुज गुप्ता ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

## पूल में शीर्ष मुकाम के लिए कोरिया से भिड़ेगी भारतीय महिला टीम

रांची। झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में गुरुवार को भारतीय महिला टीम अपने पूल में शीर्ष पर रहने के लिए आखिरी मुकाबले में कोरिया से भिड़ेगी।

आज होने वाले मुकाबले में ऊंचे मनोबल के साथ भारतीय टीम का लक्ष्य टूर्नामेंट में अपनी अजेय लय को बरकरार रखना और पूल चरण में शीर्ष स्थान हासिल करना है जबकि कोरिया की नजरें मेजबान के खिलाफ जीत दर्जकर पूल चरण को शानदार तरीके से समाप्त करने पर होगी।

उल्लेखनीय है कि दोनों टीमें पहले ही प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं।

टूर्नामेंट में भारत का शानदार प्रदर्शन कर रहा है और पूल चरण के अपने पिछले चार मुकाबलों में उसने थाईलैंड, मलेशिया, चीन और जापान के खिलाफ जीत दर्ज की है। वह 12 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं।



वहीं दूसरी ओर कोरिया इस समय अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है उसने अब तक खेले चार मैचों में से दो मैच जीते हैं, एक हारा है और एक ड्रा खेला है।

कोनिया ने चीन के खिलाफ 1-0 से और थाईलैंड के खिलाफ 3-0 से शानदार जीत हासिल की, लेकिन उसे जापान के खिलाफ 0-4 से हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, मलेशिया के खिलाफ उनका मैच 1-1 से ड्रा रहा इतिहास में देखा जाये तो भारत और कोरिया ने बीच 20 मैच खेले है। जिसमें कोरिया ने 12 और भारत ने पांच मैचों में जीत हासिल की है, जबकि तीन मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

इस बीच भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच जेनेके शोपमैन ने अपनी टीम का दृढ़ संकल्प को व्यक्त करते हुए कहा, इस टूर्नामेंट में अब तक हमारी यात्रा अविश्वसनीय रही है। खिलाड़ियों ने असाधारण टीम वर्क, कौशल और लचीलेपन का प्रदर्शन किया है। हम पूल चरण में कोरिया को हराकर शीर्ष उपलब्धि पर समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सीजफायर नहीं हुआ तो बाइडेन को वोट नहीं देंगे

## मुस्लिम नेता बोले- चुनाव में फंडिंग भी रोकेंगे, फिलिस्तीनियों की मौत में अमेरिका की भी भूमिका

अमेरिका के कुछ मुस्लिम लीडर्स और अरब-अमेरिकन ग्रुप के सदस्यों ने मांग की है कि राष्ट्रपति बाइडेन गाजा में सीजफायर के लिए तुरंत कदम उठाएं। उन्होंने शर्त रखी है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो वो 2024 के चुनाव के लिए उनको मिलने वाली फंडिंग बंद कर देंगे और बाइडेन की डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट भी नहीं देंगे।

मंगलवार को राष्ट्रपति बाइडेन ने नेशनल मुस्लिम डेमोक्रेटिक काउंसिल के सदस्यों के साथ बैठक की। इनमें वो डेमोक्रेटिक नेता भी शामिल थे जो मिशिगन, ओहायो और पेनसिलवेनिया जैसी अहम स्टेट्स से आते हैं। अमेरिका के चुनाव के वक्त इन राज्यों में सबसे ज्यादा कांटे की टक्कर होती है।

### इजराइल को बेशर्त अमेरिकी समर्थन से नाराज मुस्लिम नेता

मुस्लिम लीडर्स ने मंगलवार को एक ओपन लेटर 2023 सीजफायर अल्टीमेटम में वादा किया है कि जो भी उम्मीदवार फिलिस्तीनियों के



खिलाफ जाकर इजराइली हमले का समर्थन करेगा, उसे कोई भी मुस्लिम, अरब या उनके सहयोगी मतदाता वोट नहीं देंगे। काउंसिल ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन इजराइल को बेशर्त सपोर्ट दे रहा है। इसमें फंडिंग, हथियार और जंग से जुड़ी दूसरी सामग्री शामिल है।

काउंसिल ने अपने लेटर में आगे कहा- अमेरिका की इजराइल को मदद भी फिलिस्तीनियों पर मानवीय हिंसा की जिम्मेदार है। इसके जरिए अमेरिका ने कहीं न कहीं उस हिंसा को कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसकी वजह से आम नागरिक की मौत हो रही है और उन मतदाताओं का भरोसा कम हो गया है जिन्होंने पहले अमेरिकी सरकार पर भरोसा किया था।

### व्हाइट हाउस बोला- हम चिंताओं को दूर करने की कोशिश कर रहे

व्हाइट हाउस ने कहा- जंग के बीच हमने लगातार मुस्लिम लीडर्स और समुदाय के बाकी लोगों की चिंताओं को दूर करने की कोशिश की है। इसी कड़ी में बाइडेन ने मंगलवार को मुस्लिम नेताओं से बात की थी। व्हाइट हाउस प्रवक्ता कैरीन जीन पियरे ने चुनाव से जुड़ी चेतावनी पर सवाल का जवाब नहीं दिया।

हालांकि उन्होंने कहा- बाइडेन इस बात को जानते हैं कि अमेरिकी मुस्लिम नेताओं और समुदाय ने नफरत से भरे कई हमलों को सहन किया है। पियरे ने कहा- बाइडेन प्रशासन लगातार अरब, मुस्लिम समुदाय और यहुदी लीडर्स के साथ मिलकर काम करने की कोशिश कर रहा है।

बता दें कि अगले साल होने वाले चुनाव से पहले बाइडेन ने कई बार बढ़ती यहूदी विरोधी भावना और इस्लामोफोबिया के खिलाफ बात की है, लेकिन मुस्लिम नेताओं का कहना है कि युद्ध खत्म होना चाहिए।

### बाइडेन के दौरे में प्रदर्शन करेंगे फिलिस्तीनी समर्थक संगठन

अमेरिका-इस्लामिक रिलेशन्स काउंसिल के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर जयलानी हुसैन ने कहा कि अगर बाइडेन जंग रुकवाने की कोशिश नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ वोट करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। वहीं लोकल फिलिस्तीनी समर्थक ग्रुप्स भी मिनियापोलिस में बुधवार को बाइडेन के दौरे के वक्त प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं। दूसरी तरफ, अरब और अमेरिकी-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने लगातार इस बात पर निराशा जताई है कि बाइडेन सरकार ने गाजा पर इजराइली हमलों की निंदा नहीं की है। बाइडेन ने जंग को लेकर लगातार यही कहा है कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है लेकिन उसे जंग में फिलिस्तीनी नागरिकों की रक्षा करनी चाहिए।

## बोलिविया ने इजराइल के साथ डिप्लोमैटिक रिलेशन्स तोड़े

### इजराइली सरकार बोली- उन्होंने आतंक के सामने घुटने टेके; कोलंबिया-चिली ने राजदूत वापस बुलाए

इजराइल-हमास जंग के बीच लैटिन अमेरिकी देश बोलिविया ने इजराइल के साथ डिप्लोमैटिक रिलेशन्स तोड़ दिए हैं। वहीं, कोलंबिया और चिली ने गाजा में नागरिकों की मौत की निंदा करते हुए अपने राजदूतों को तेल अवीव से वापस बुला लिया है।

बोलिविया के डिप्टी फॉरेन मिनिस्टर फ्रेडी मामानी ने कहा- हम गाजा में हो रहे इजराइली हमलों की निंदा करते हैं। इसलिए हमने इजराइल के साथ डिप्लोमैटिक रिलेशन्स तोड़ने का फैसला किया है।

टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इस फैसले पर इजराइल का कहना है कि बोलिविया ने आतंक और ईरान के सामने घुटने टेक दिए हैं। दरअसल, अमेरिकी मीडिया वॉल



स्ट्रीट जर्नल ने हमास और हिजबुल्लाह के सीनियर अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि ईरान के सुरक्षा अधिकारियों ने इजराइल पर हमले की प्लानिंग में हमास की मदद की थी।

### बोलिविया ऐसा करने वाला पहला देश

अल जजीरा के मुताबिक, बोलिविया जंग शुरू होने के बाद इजराइल से डिप्लोमैटिक रिलेशन्स तोड़ने वाला पहला देश हैं। हालांकि ये पहली बार नहीं है जब बोलिविया ने इजराइल के साथ कूटनीतिक संबंध तोड़े हों। 2009 में भी गाजा पर हुए हमलों को लेकर बोलिविया ने इजराइल से साथ संबंध तोड़ दिए थे। दोनों देशों के संबंध 2020 में बहाल हुए थे।

### गाजा को मदद भेजेगा बोलिविया

इजराइल ने कहा- बोलिविया के इस कदम से ये साफ होता है कि वो हमास के आतंक का समर्थन करते हैं। वो आतंक जो हमास ने 7 अक्टूबर को फैलाया। जिसमें 1400 से ज्यादा इजराइली नागरिक मारे गए। 200-250 लोग बंधक बनाए गए। वहीं, बोलिविया ने गाजा को मदद पहुंचाने की घोषणा भी की है।

### तूफान ओटिस के बाद मेक्सिको के अकापुल्को से 300 से अधिक विदेशियों को निकाला

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के रिसॉर्ट शहर अकापुल्को से कुल 305 विदेशियों का सफलतापूर्वक पता लगाने के बाद उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। यह शहर तूफान 'ओटिस' से बुरी तरह प्रभावित हुआ था। मैक्सिकन अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मैक्सिकन विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, लोगों को उनके मूल देशों और मेक्सिको में उनके राजनयिक प्रतिनिधियों के अनुरोध पर मांगा गया था। इसमें बताया गया, निकाले गये नागरिकों में जर्मनी, अर्जेंटीना, ब्राजील, चिली, कोलंबिया, स्पेन, जापान, पेरू और स्विटजरलैंड के साथ बेलीज, क्रोएशिया, यूनाइटेड किंगडम और उरुग्वे के नागरिक शामिल हैं।


### इज़रायल ने फिर से हमास को बनाया निशाना

यरूशलेम। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उन्होंने गाजा पट्टी में हमास और उसके 'आतंकवादी सेल' के कमांड पॉइंट को फिर से निशाना बनाया। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा, रात भर में, संयुक्त आईडीएफ सैनिकों ने पूरे गाजा पट्टी में ऑपरेशनल कमांड सेंटर और हमास आतंकवादी सेल सहित कई आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इजरायली सेना ने कहा कि उसने फिलिस्तीनी एक्सक्लेव के उत्तर में एक अस्पताल और सरकारी सुविधाओं के बगल में स्थित एक बहुमंजिला इमारत में हमास लड़ाकों के एक समूह की पहचान की और उनके खिलाफ हवाई हमला किया था। आईडीएफ सैनिकों ने गाजा पट्टी में सक्रिय बलों की ओर जा रहे एंटी-टैंक मिसाइलों से भरे एक वाहन की पहचान की। जवाब में, सैनिकों ने वाहन की ओर फायर करने के लिए एक विमान को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि मौजूदा संघर्ष की शुरुआत में गाजा में 11 हजार से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी।

### थाई नागरिकों की रिहाई के लिए हमास से बात करेंगं अब्दुल्लाहियन

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन ने कतर में थाईलैंड के विदेश मंत्री पारनप्री बहिधा-नुकारा से मुलाकात की और बंधक बनाए गए थाईलैंड के नागरिकों की रिहाई के लिए फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करने की बात कही। ईरानी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि श्री पारनप्री गाजा पट्टी में हमास द्वारा बंधक बनाए गए थाईलैंड नागरिकों की रिहाई में मदद लेने के लिए कतर और मिस्र के अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। न्यूज एजेंसी मेहर ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि बैठक के दौरान थाईलैंड के शीर्ष राजनयिक ने गाजा पट्टी में हाल के गटित हुयी घटना पर चिंता व्यक्त की और अपने ईरानी विदेश मंत्री से थाईलैंड के नागरिकों की रिहाई में सहायता करने के लिए कहा। इसके बाद श्री अमीर बदोल्लाहियन ने श्री पारनप्री के संदेश को हमास तक पहुंचाने का वादा किया। थाईलैंड के अधिकारियों के अनुसार हमास द्वारा बंधक बनाए गए विदेशियों में सबसे अधिक थाईलैंड के नागरिक हैं। हमास ने थाईलैंड के 22 नागरिकों को बंधक बनाया है। वहीं बंधकों की कुल संख्या 240 से अधिक हो गई है, जिनमें से ज्यादातर इजरायली हैं।

### संरा महासचिव ने शहरों के सतत विकास को बढ़ावा देने का आग्रह किया



संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने विश्व शहर दिवस के अवसर पर कहा कि शहर सतत विकास, आर्थिक विकास और नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, विश्व शहर दिवस सतत विकास में शहरों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार करने का समय है। उन्होंने कहा कि शहर न केवल आर्थिक महाशक्ति हैं, बल्कि वैश्विक तात्कालिकताओं को संबोधित करने में भी अग्रणी हैं। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि शहरों को जलवायु परिवर्तन से लेकर बढ़ती सामाजिक असमानताओं और राजनीतिक विभाजन जैसी जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार आज दुनिया की आधी से अधिक आबादी पहले ही शहरी जीवन को अपना चुकी है, और संयुक्त राष्ट्र मानव निपटान कार्यक्रम के अनुमानों से संकेत मिलता है कि 2050 तक लगभग 70 प्रतिशत लोग शहरों में रहेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# खिमसिंग लाला क हत्यारा कनै पकड़े ?

**हत्या कथा - भीष्म कुकरेती**

( श्री मदन डुकलाण की एक पंक्ति कि हमर जिना एक दुकानदार क कोल्ड ब्लडेड मर्डर अवश्य ह्वे छौ पर आधारित )

धर्मा , बर्मा अर नत्थी भौत वर्षों से सुपिन दिखदा छा कि सि बि लखपति बण जावन जन खिमसिंग लाला च , पद्दु सुनार च , श्रीधर बुकसेलर च। तिनि देवीडांडा बजार आंद जांद छा । जब बि मिल्दा छा अपर अपर धनाढ्य बणनो सुपिनो छ्वीं लगांदा छा। धर्म तै सतपुली पसंद छौ , बर्मा तै गुमखाल तो नत्थी तै दुगड्डा न्यू यॉर्क लगद छौ। धर्मा सतपुली म होटल मालिक बणनो सुपिन दिखद छौ जखम बनि बनि क माछ बिकदा होवन। बर्मा क सुपिन छा कि गुमखाल म राशन क दूकान हो तो नत्थी क इच्छा छे दुगड म आड़त की बड़ी दूकान। यु तै छौ कि बिन धन सब शून्य। मजदूरी कौरि तो बड़ो सुपिन पूर हूंद नि दिखेन।

धीरे धीरे सुपिन पूर करणो चक्कर म तिनि यि मानि बैठ गेन कि चोरी से यु धन कट्ठा करे जाव अर अपर अपर सुपिन पूर करे जाव। पापयुक्त युक्ति म तिनि इन ह्वे गेन जन पिटालुट्या भै होवन।

धीरे धीरे यु पाप कि कैक धन चोरी से हि तिनि धनाढ्य बण सकदन क सोच अब चोरी यूंक लक्ष्य बण गे , धनाढ्य बणन अब लक्ष्य नि रै गे अपितु बड़ी चोरी तिन्युं सहकारी लक्ष्य बण गे छे। बुले जांद बल लक्ष्य यदि जनून या उन्माद बण जावो तो लक्ष्य रोज मार्ग खुज्यांद।

अब धर्मा , बर्मा अर नत्थी तै देवीडांडा बजार म कै लाला क म आज कथगा रुपया जम ह्वे हॉल की जानकारी हूण लग गे। कबि फलण लाला म दस हजार जमा , कबि दर्शन लाल म पचास हजार रुपया। पर अब चोरी बि छुट मुट लक्ष्य नि रै गे तो सहस्त्र रुपया से कुछ हूण वळ नि छे। चूंकि यी जन्मजात अपराधी त छ नि छा तो यूं पर कैकि दृष्टि नि पोड़ कि यी तीनि सप्ताह म देविडांडा किलै आंदन अर कै छंद , ब्यूंत से इ लालाओं क इख धन कथगा जमा हूणो की सूचनाकट्ठा करदन .

एक दिन यि तिनि देविडांडा बजार अयां छ अर पता चल गे कि किनरा खिमसिंग लाला की बड़े दूकान की म सात आठ लाख जमा ह्वे गे। खिमसिंग लाला जेवरात -दागिना बंधक रखि पैसा बि दींद छौ अर पैसा क ऐवज म पुरण जेवरात बि बेच लींदो छौ। खिमसिंग लाला क डेर बि न्याड़ो गाँव छौ तो अधिकतर वो राति अपर गाँव चल जांद छौ।

यूंन सोची कि रात जब खिमसिंग लाला अपर गां चल जाल तो यी रात गल्ला व जेवरात चोरी कर लैला। सीधो गणित छौ। जनि दिन ढळण वळ छौ वां से पैल इ एक दारु बोतल अर मुर्गा चखना लेकि इ खिमसिंग लाला गाँव उलटी दिशा म एक खंडहर पुटुक ऐ गेन। कैदिन यु खंडहर गाँवक सौकारों क गाँव से दूर छनि छे जंगळी सारि म छे। छनि बि भंडार बि। अब खंडहर। दारु इलै यूं तै आवश्यक लग कि चोरी करद दै डर -भय नि लग। कैड़ जिकुड़ी वास्ता शराब आवश्यक समझ यूंन। एक पाप हैंक हानिकारक कार्य तै भट्यांद तो अपराध क साथ अब शराब जुड़ गे। खिमसिंग लाला क रुपया - जेवरात कखम धरे जांदन , कन धरे जांदन की बि पूरी जानकारी तिन्युं म छे।

रात जब उं तिन्युं तै भर्वस ह्वे कि देविडांडा म अब सन्नाटा होलु व खिमसिंग लाला अपर घर म सियुं होलु। तो सि उजड़ी छनि से निकळिन , छेनी होथोड़ा सहित , टॉर्च क सहारा पर देविडांडा ऐन अर खिमसिंग लाला क दुकानि पैथर ऐन अर योजना अनुसार खिड़की क पेंच निकाळि दूकान पुटुक ऐ गेन।

दुकान पुटुक ऐक उना गेन जना ऊंकी सुचना अनुसार आभूषण व धन हूण छौ। पर दृश्य देखि तिन्नी वे जन्म चल गेन। समिण त खिमसिंग लाला खड़ छौ , इन म बर्मा न बोलि -पकड़ो अर धर द्यावो। तिन्युं न लाला पकड़ , गिच्च बंद कार। लाला अवरोध - विरोध करणा छा पर बलशाली तीनुं क हथ जि चढ़ा छा अर तिन्युंन गळ दबैक लाला की जीवन लीला ही समाप्त कर दे। घटना अप्रत्यासित व योजना का अंग नि हूण से तिनि हतास छा। आभूषण , धन थैला म पांज अर , खिड़की द्वार बंद कोरी सि छन्नी जिना गेन , छन्नी म धन व आभूषण बांटी तौन योजना बणाइ वर्ष -द्वी वर्ष तक चुप रौण , एक बि दमड़ी खर्च नि करण व आभूषण दिखाणन निथर लोगुंन जाण जाण कि यूं मजदूरों म कखन पैसा आयी। सि अपर अपर भागक धन - आभूषण लेकि अपर अपर घर ऐ गेन।

दुफरा तक हल्ला ह्वे गे कि खिमसिंग लाला क हत्त्या ह्वे गे अर हत्त्यारा धन व आभूषण बि ली गेन। पटवारी आयी। लाश काठक संदूक भितर क्वीला पुटुक लैंसडाउन ली जये गे , लैंसडाउन बिटेन पटवारी सौ सायता हेतु पुलिस बि आयी किन्तु हत्त्यारों सुराग नि मील।


द्वी तीन लबाड़ लोग जु जुवा खिलणों या दारु पीणो देविडांडा आंद छा वूं पर शक बि गे पर साक्ष्य नि मिलण से कुछ पता नि चौल। दुकान म अब खिमसिंग क नौनु जय सिंग बैठद छौ वैन पटवारी -पुलिस रुपया खलैक शोध बढ़ाणो प्रयत्न बि कराई किन्तु कुछ लाभ नि ह्वे। जयसिंग व परिवार वळ बि घटना बिसरण लग गे छा। खिमसिंग लाला क बरखि बि ह्वे गे किन्तु क्वी सुराग नि मील कि हत्त्यारा कु छा।

शास्त्रों म लिख्युं च बल हत्त्या ही स्वयं हत्त्यारों अन्वेषण करदि। इनि सि ह्वे। एक दिन दुगड्डा म मुस्सदीलाल सुनार म दुगड्डा की वैश्या धन्नो एक अंगूठी बिचणो आयी। कुछ समय पैल जिला परिषद क उपाध्यक्ष जितारु आभूषण चोरी ह्वे छा तो सुनारुं पर ये समय पुलिस क भौत दबाब छौ कि क्वी बि पातर , लबाड़ , भिखारी आभूषण बिचणो आवो पुलिस तै सूचित करिन। दुगड्डा अर कोटद्वार क द्वी तीन सुनार पकड़े बि गेन कि सूचना किलै नि दे। तो मुसद्दी न धन्नो कुण बोल कि एक घंटा म ऐक पैसा ली जा। जब धन्नो अंगूठी क पैसा लीणो आयी तो दुकान म सुनार क दगड़ सादो कपड़ा म पुलिस बि छे।

पुलिस स्टेशन म धन्नो से पूछताछ ह्वे तो पता चल कि धन्नो क द्वी वर्ष पुरण ग्राहक नत्थी न या अंगूठी दे। धन्नो से पता चल कि नत्थी न एक द्वी दिन और रण इख। क्वी दुकान किराया पर लीणो बात करणु छौ। अर नत्थी ऐता कौंक होटल म ठहर्यूं छौ।

पुलिस क समिण जादा देर नत्थी नि टिक साको। नत्थी तै धन्नो भल लगदी छे तो वैन चुराईं अंगूठी धन्नो तै दे दे अर पकड़े गे. नत्थी न पुलिस म सरा सच्च बथाइ दे , पुलिस व पटवारी क सहायता से धर्मा , बर्मा बि आभूषण व धन सहित पकड़े गेन।

# ठाकुर संकठा प्रसाद सिंह के नाम पर हुआ कृषि विज्ञान केन्द्र मंगुराही का नामकरण



सोनभद्र । कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग मंत्री सूर्यप्रताप शाही कृषि विज्ञान केन्द्र मंगुराही राबर्ट्सगंज में स्व0 संकठा प्रसाद सिंह के जन्म शताब्दी समारोह व किसान मेला के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कैबिनेट मंत्री ने दीप प्रज्जलित कर भगवान बलराम व स्व0 संकठा प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ शुभारंभ किया कार्यक्रम का। मौके पर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव कुमार गौंड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, सांसद राज्य सभा रामसकल, विधायक सदर भूपेश चैबे, जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल, प्रोफेसर बीजेन्द्र सिंह, कुलपति नरेन्द्र देव विश्वविद्यालय फैजाबाद, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, मोहनी मोहन मिश्रा, भारतीय किसान महासंघ के महामंत्री, अम्बरीश जी विश्व हिन्दू परिषद के मंत्री, अंगराज सह प्रान्त प्रचारक संघ सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की समुपस्थित में मौजूद जनसभा को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने सम्बोधित किया।

मंत्री ने कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम स्व0 संकठा प्रसाद सिंह के नाम से किये जाने की उद्घोषणा की और कहा कि उनके द्वारा किसान बन्धुओं के लिए किये गये संघर्ष को याद रखें। कहा कि आज स्व0 संकठा प्रसाद सिंह के जन्म शताब्दी को 100 वर्ष पूर्ण होने पर यह शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है जो मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में निर्णित हुआ है। किसान बन्धुओं की समस्याओं के निराकरण के निमित्त प्रदेश सरकार उनके हित के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसमें किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रदेश में 2 करोड 60 लाख किसानों के खाते में 62 करोड़ रूपये की धनराशि स्थानान्तरित की जा रही है, जिसमें जनपद सोनभद्र के किसानों के खाते में 11 करोड़ रूपये की धनराशि स्थानान्तरित करने का क्रम जारी है। मंत्री सस्ते ब्याज दर पर के0सी0सी0 के माध्यम से किसान बन्धुओं को सस्ते ऋण की सुविधा पर भी प्रकाश डाला तथा किसानों को फसलों की उपज का उचित मूल्य प्राप्त कराने पर संचालित योजना के आलोक में सोनभद्र के किसानों के लिए वैज्ञानिक , तकनीकी विधि से खेती करने के लिए जागरूक करने हेतु संस्थापित कृषि विज्ञान केन्द्र के बाबत बोलते हुए इसके माध्यम से उच्चकोटि के बीज को प्राप्त करने की मुहैय्या हो रही सुविधाओं पर भी रोशनी डाली अपने वक्तव्य में।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में किसान बन्धुओं को मोटे अनाज की खेती करने के लिए जागरूक किये जाने और मोटे अनाज के उत्पादन के उचित दाम उन्हें प्राप्त हों , इसके लिए प्रदेश के जनपदों में इस बार मोटे अनाज की खरीद हेतु क्रय केन्द्र की स्थापना भी की गयी है। इसकी सम्यक जानकारी देते हुए कृषक बन्धुओं को खेती करने हेतु सरकार की किफायत दरों पर बीज भी उपलब्धता बताई मंत्री ने।

## शार्ट न्यूज

### धर्म विरोधी वायरल वीडियो पर दर्ज हुई एफआईआर

सोनभद्र । जनपद के घोरावल कोतवाली इलाके के धरमौली गाँव के दो लड़कों पर प्राथमिकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज की गई। जय श्री राम और ओम अंकित 8 वस्त्र को जला कर और पैरों तले रौंद कर माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। ऐसी तहरीर घोरावल बाजार के प्रसून कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने दी थी। इसपर क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जानकारी दी। निखिल कुमार के नाम से फेसबुक आईडी चलाने वाला यह लड़का जनपद सोनभद्र के घोरावल कोतवाली के धरमौली गांव का है। निखिल और निशान्त पुत्रगण राजेश के धर्म विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के तहत कानूनी धाराओं में एफ आई आर लिखी गई है। दोनों लड़के कक्षा ; 10 – 11 में पढ़ने वाले बताये गये हैं। क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने धर्म विरोधी वायरल वीडियो पर कार्रवाई के लिए सुसंगत विभिन्न धाराओं में प्राथमिक सूचना रिपोर्ट कर लिए जाने की जानकारी दी। सी0 ओ0 ने बताया कि अभियुक्त 16 वर्ष से कम अवस्था के हैं।

### 2 को होगा तहसील बार सभागार में पिएलवी प्रशिक्षण




सोनभद्र । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में कल 2 नवम्बर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज अशोक कुमार यादव प्रथम की अध्यक्षता में तहसील परिसर के बार सभा कक्ष में पिएलवी का प्रशिक्षण किया जाना है। सचिव अपर जिला जज एहसान उल्ला खां ने बताया कि पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जरूरतमंदों के बीच सेतु के तरह कार्य करते है। इसलिए प्रशिक्षित पिएलवी ही समाज में विधिक जागरूकता फैलाने में आलोक साबित होंगे। इस अवसर पर सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र पाठक, सीपी द्विवेदी एडवोकेट, बीपी सिंह ( एडीजीसी ) शशांक शेखर कात्यायन, आरती पाण्डे सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### रालोद ने भंग किया उप्र अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल ( रालोद ) ने उत्तर प्रदेश में पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बुधवार को बताया कि अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आरिफ महमूद को छोड़ कर पूरी कार्यकारिणी को आज शाम भंग कर दिया गया है। उन्होने बताया कि पिछले महीने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री खालिद मसूद ने प्रदेश कार्यकारिणी की समीक्षा की थी और कुछ पदाधिकारियों को निष्क्रिय पाया था जिसके बाद पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी से विचार विमर्श करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष को छोड़ कर संपूर्ण कार्यकारिणी को भंग करने का फैसला किया गया। दुबे ने बताया कि कार्यकारिणी के पुर्नगठन की प्रक्रिया जल्द शुरु की जायेगी और निष्क्रिय पदाधिकारियों को पार्टी में अन्य पदों पर स्थानांतरित किया जायेगा जबकि नये चेहरों को जगह दी जायेगी।

## 24 घण्टे में चोरी का माल बरामद



सोनभद्र । सोनभद्र के शाहगंज थानान्तर्गत खजुरी खुर्द में 30–31 अक्टूबर मध्य रात्रि में हुई चोरी घटना की पीड़ित द्वारा 31 अक्टूबर को सूचना दी गई थी जिस पर 24 घंटे के अंदर शाहगंज पुलिस ने चोरी के अभियुक्त सहित पूरा माल आज 1 नवंबर को सुबह 6: 30 बजे डोहरी प्राथमिक विद्यालय पुलिया थाना शाहगंज के पास से बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों बबुन्दर पुत्र शंकर और रवि पुत्र छोटेलाल निवासी खजुरी कला शाहगंज शामिल हैं। बैटरी, इन्वर्टर , टीवी , मंगलसूत्र एवं अन्य आभूषण जो चोरी गए थे , सबकी बरामदगी 24 घण्टे के अन्दरकरने में पुलिस सफल रही।

# एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया यातायात माह का शुभारंभ

गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर यातायात माह का शुरूआत किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को जागरूक करने हेतु पंपलेट का भी वितरण किया। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि यातायात नियमों के अनदेखी करने से हर वर्ष हजारों लोगों की जान सड़क दुर्घटना में चली जाती है। बिना हेलमेट मोटरसाइकिल की सवारी जानलेवा साबित हो सकती है अत: उन्होंने अपील किया कि सभी बाइक चालक हेलमेट का प्रयोग करें जिस की दुर्घटना होने पर उन्हें कम से कम जान की रक्षा हो सके। बाइक रैली का शुभारंभ करते हुए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि यातायात कर्मी लगातार लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। एसपी कार्यालय से शुरू होकर बाइक रैली विकास भवन चौराहा सैनिक चौराहा लंका होते हुए राजकीय सिटी इंटर कॉलेज में समाप्त हुई। बाइक रैली का प्रतिनिधित्व एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी तथा एसपी सिटी ज्ञानेंद्र नाथ ने किया। इस मौके सिओ सिटी गौरव कुमार, आरटीओ सौम्या पांडेय यातायात प्रभारी मनीष त्रिपाठी, बालकृष्ण मौर्य, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार मनोज कुमार, अरुण राज, यशोधन त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने एनसीसी कैडेट्स को भी यातायात के प्रति जागरूक किया। पीजी कॉलेज से एनसीसी कैडेट्स ,महिला पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स, स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ हिस्सा लिया। अंत में सभी के प्रति आभार यातायात प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने ज्ञापित किया और पूरे जिले वासियों से यातायात नियम के पालन के लिए उन्होंने अपील अपील किये।




# रोशन हॉस्पिटल एंड जच्चा बच्चा केंद्र के डॉक्टरों की लापरवाही से प्रसूता की मौत

## परिजनों ने शव को रोड पर रखकर जमकर हंगामा काटा

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। जनपद के सादुल्ला नगर बाजार में स्थित रोशन हॉस्पिटल जच्चा बच्चा केंद में डॉक्टर की लापरवाही से बुधवार को एक प्रसूता की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही डाक्टर समेत सभी फरार हो गए। प्रसूता की मौत से आक्रोशित परिजनों ने शव को रोड पर रखकर जमकर हंगामा काटा।



परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया एवं जांच कराने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस प्रशासन ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी जय प्रकाश, उपजिलाधिकारी उतरौला, क्षेत्राधिकारी उतरौला ज्योति श्री, सी एच सी अधीक्षक उत्कर्ष मिश्रा ने पहुंचकर अस्पताल में भर्ती तीन अन्य मरीजो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्ला नगर में भेज कर अस्पताल को सीज करने की कार्यवाई की गई। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि अस्पताल सीज कर दिया गया है। पंजीकरण आदि की भी जांच पड़ताल के बाद अग्रिम कार्यवाई की जाएगी। तब जाकर परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

स्थानीय बाजार निवासी अनिल जायसवाल ने बताया कि मंगलवार शाम को 28 वर्षीय पत्नी रीना कुमारी को डिलीवरी के लिए रोशन हॉस्पिटल व जच्चा बच्चा केंद्र स्थित सादुल्ला नगर में लाया गया था। वहां पर उपस्थित डॉ परवेज ने चेक करने के बाद कहा कि बच्चे की स्थित ठीक नहीं है हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ेगा। जिसके लिए 20 हजार रुपये तत्काल जमा करा दीजिए। पीड़ित अनिल ने 20 हजार रुपये जमा करा कर अपनी पत्नी को भर्ती करा दिया। उसके बाद वहां पर उपस्थित अप्रशिक्षित डॉक्टरों ने रीना का गलत तरीके से ऑपरेशन कर दिया। गलत ऑपरेशन से तेज रक्तस्राव होने लगा जिससे महिला की हालत गंभीर हो गई। स्थिति बिगड़ता देखते हुए रोशन अस्पताल के अप्रशिक्षित डॉक्टरों ने महिला को गोण्डा के लिए रेफर कर दिया लेकिन गोण्डा पहुचते ही प्रसूता की मौत हो गई।

परिजनों ने स्थानीय थाना में अस्पताल संचालक व डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया। जिसमें संचालक सहित डॉ परवेज अहमद, डॉ कारसाज, डॉ आफताब अहमद,डॉ शादाब अहमद पुत्रगण महंगू निवासी ग्राम नेवादा थाना सादुल्ला नगर जनपद बलरामपुर के खिलाफ इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956 की अधिनियम धारा 15(3) भा दं सं अधिनियम 1860 के तहत धारा 304 पंजीकृत किया गया है। खबर लिखे जाने तक अस्पताल के दोषी डॉक्टरों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके उन पर कड़ी कार्यवाई की जाएगी।

# पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव समेत 37 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

बदायूं। उत्तर प्रदेश के जनपद बदायूं में वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव एवं 115 बदायूं विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे हाजी रईस अहमद सहित 35 अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है।

इन सभी को 2022 के चुनाव में एक मैरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों की मीटिंग कर आचार संहिता उल्लंघन एवं प्रलोभन देने के साथ-साथ कोविड गाइडलाइन का उल्लंघन करने के मामले में दर्ज मुकदमे में पुलिस ने पुख्ता सबूतों के आधार पर एमपी एमएलए कोर्ट में चार्ज दाखिल कर दी है जिसे एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में रिटनिंग ऑफिसर रहे सदर एसडीएम सुखलाल प्रसाद वर्मा ने 03 फरवरी 2022 को थाना सिविल लाइंस में एक तहरीर दी थी जिसमे उल्लेख किया था कि 03 फरवरी 2022 को उनको एक सूचना प्राप्त हुई कि बदायूं विधानसभा की 115 सदर सीट से समाजवादी प्रत्याशी हाजी रईस अहमद, पूर्व सपा सांसद धर्मेंद्र यादव एवं वरिष्ठ सपा नेता फखरे अहमद शोबी द्वारा बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित पूनम मैरिज लान में किसी अधिकारी के अनुमति के बिना एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 500 शिक्षामित्र अनुदेशक एवं अन्य अर्द्धसरकारी कर्मचारी शामिल हैं । उन्हें यह भी जानकारी दी गई कि इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में अधिकांश ऐसे महिलाएं/पुरुष शिक्षा मित्र एवं अनुदेशक शामिल हैं जो कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध शासकीय धनराशि से मानदेय प्राप्त करते हैं।

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार कोई भी नियमित कर्मचारी, संविदा अथवा मानदेय पर कार्यरत कर्मचारी निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों के साथ बैठक एवं निर्वाचन में राजनीतिक व्यक्तियों की सभाओं एवं राजनीतिक पार्टियों के साथ आर्दश आचार संहिता लगी होने के दौरान प्रतिभाग नहीं कर सकता है। इस बैठक कोविड-19 प्रॉटोकाल अधिनियम-1951 का भी उल्लंघन किया गया है अत: इस मामले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के साथ-साथ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए।

# समस्या बन गई थी 2017 के पहले की सरकार : योगी

गाजियाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश का नौजवान अपने आप को यूपी का बताने के संकोच करता था। पर्व और त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न नहीं हो पाते थे। सरकार समस्या का समाधान करने की जगह खुद एक समस्या बन गई थीं।




कृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (केआईईटी) गाजियाबाद के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजित उपाधि वितरण कार्यक्रम में श्री योगी ने कहा कि 2014 के पहले देश की जनता में व्यवस्था के प्रति आक्रोश था। देश में बड़े-बड़े आंदोलन हो रहे थे। अव्यवस्था, अराजकता और सरकार के प्रति अविश्वास भारत की पहचान बन गई थी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद देश की व्यवस्था में परिवर्तन आया। आज भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वहीं 140 करोड़ देशवासी पूरे सम्मान और विश्वास के साथ अपने नेतृत्व की तरफ देखते हैं।

उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के किसी भी नागरिक के सामने पहचान का संकट नहीं है बल्कि जो यूपी का नहीं हैं वो भी खुद को उत्तर प्रदेश का बताता है।

योगी ने कहा कि आज ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा है। साथ ही एक समय तक देश की आठवीं और दसवें नंबर की यूपी की अर्थव्यवस्था पहले और दूसरे नंबर की बनने की होड़ में है।

आज हम नये भारत के नये उत्तर प्रदेश को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय तक जिस प्रदेश में कोई निवेशक आना नहीं चाहता था, जिन्होंने निवेश किया था वो छोड़कर जा रहे थे। मात्र साढ़े छह वर्ष में उसी उत्तर प्रदेश को ग्लोबल इन्वेटर्स समिट के माध्यम से 38 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

इससे प्रदेश के एक करोड़ 10 लाख नौजवानों को प्रत्यक्ष तौर पर नौकरी मिलेगी। उन्होने कहा कि कृषि समेत अन्य कार्यों में ड्रोन टेक्नोलॉजी काफी कारगर साबित हो रही है। वहीं ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के साथ ही विभिन्न कार्यों में आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस भी काफी सहायक साबित हो रहा है।

इसको ध्यान में रखते हुए हमें नये कोर्सेस को लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने समेत जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में टेक्नोलॉजी कारगर साबित हो रही है, लेकिन हमें यह ध्यान रखना है कि टेक्नोलॉजी मानव द्वारा संचालित हो। मानव उसका दास न बन जाए।

# पराली प्रबंधन जागरूकता वाहन को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। कृषक बंधुओ को पराली जलाने से होने वाले नुकसान एवं पराली प्रबंधन के बारे में जागरूक किए जाने के लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से पराली प्रबंधन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना अधिक किया गया।



जागरूकता वाहन द्वारा पूरे जनपद में ग्राम पंचायत में जाकर पराली प्रबंधन के बारे में किसान भाइयों को जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसान भाइयों से अपील किया कि धान की फसल के अवशेष को ना जलाएं एवं वातावरण को प्रदूषण से मुक्त रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि पराली का प्रयोग किसान भाई बायो डी कंपोजर का प्रयोग करते हुए खाद, बायोकोल, बायो फ्यूल एवं सीबीसी आदि के रूप में करे। इसके लिए किसान भाइयों को निशुल्क बायो डी कंपोजर की बोतल कैप्सूल का वितरण किया जाएगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,उपनिदेशक कृषि व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

CMYK CMYK CMYK CMYK